हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची ● गुरुवार ● 21.08.2025 ● वर्ष : 16 ● अंक : 30 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## पीएम हों या सीएम, अब जेल से नहीं चलेगी सरकार

### लोकसभा में विधेयक पेश, विपक्ष के विरोध के बाद जेपीसी को भेजा गया

एजेंसी

**नई दिल्ली :** गंभीर आपराधिक मामलों में गिरफ्तार होने पर अब प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्रियों को पद से हटाया जा सकेगा। केंद्र सरकार इसके लिए कानून बनाने जा रही है। गृहमंत्री अमित शाह ने आज लोकसभा में इस संबंध में तीन विधेयक पेश किए। इसके मुताबिक, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्री 30 दिन तक हिरासत में रहते हैं तो उनको बर्खास्त कर दिया जाएगा। विपक्ष ने इसका विरोध करते हुए सदन में हंगामा किया। बाद में इन विधेयकों को आगे विचार के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजा गया। गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में तीन विधेयक- संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025; केंद्रशासित प्रदेशों की सरकार (संशोधन) विधेयक, 2025 और जम्मू एवं कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025 विचार के लिए रखे। विधेयक के प्रावधानों के अनुसार भ्रष्टाचार और अन्य गंभीर मामलों में जेल में बंद प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्रियों को 30 दिन के बाद पद से हटाया जा सकता है। हालांकि रिहा होने पर वे दोबारा पदभार ग्रहण कर सकते हैं। विधेयक के उद्देश्य में कहा गया है कि ऐसा नैतिक उत्तरादायित्व सुनिश्चित करने के लिए किया गया है।



संविधान संशोधन विधेयक के अलावा अन्य दो विधेयक केन्द्रशासित प्रदेशों और जम्मू-कश्मीर में इस तरह के प्रावधानों से जुड़े हैं। विधेयक पेश किए जाने का एआईएमआईएम के असद्दुदीन औवेसी, कांग्रेस के मनीष तिवारी, आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन, सपा के धर्मेन्द्र यादव और कांग्रेस के केसी वेणुगोपाल ने विरोध किया। इन्होंने इसे संविधान के बुनियादी ढांचे, मूलभूत सिद्धांत, संसदीय लोकतंत्र के विरोध में बताया। इसी बीच विपक्षी सदस्यों का हंगामा जारी रहा जिन्होंने गृहमंत्री की तरफ पेपर उछाले और इसके कारण कार्यवाही एक घंटे के लिए स्थगित करनी पड़ी। कार्यवाही 3 बजे दोबारा शुरू होने पर गृहमंत्री ने तीनों विधेयक सदन की मंजूरी के बाद पेश किया। बाद में उन्होंने विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति को भेजे जाने का प्रस्ताव किया। संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) में लोकसभा से 21 और राज्यसभा से 10 सदस्य होंगे। अमित शाह ने इस दौरान विपक्षी सदस्यों के आरोपों का जवाब भी दिया। उन्होंने कहा कि विधेयक नैतिकता के मूल्य बने रहें, इसलिए लाया गया है। उन्होंने कहा कि वे भी गुजरात में मंत्री रहने के दौरान जेल गए थे और उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दिया था। सभी आरोपों से मुक्त होने तक उन्होंने कोई संवैधानिक पद नहीं ग्रहण किया।

## झारखंड आंदोलन में रामदास सोरेन का अहम योगदान रहा : हेमन्त सोरेन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज अपनी धर्मपत्नी एवं विधायक कल्पना सोरेन संग स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री रहे दिवंगत रामदास सोरेन जी के घोड़ाबांधा, जमशेदपुर स्थित आवास पहुंचे। यहां उन्होंने दिवंगत रामदास सोरेन जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री शोकाकुल परिजनों से मिलकर अपनी गहरी संवेदना जताई। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति देने की ईश्वर से कामना की। विदित हो कि शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन जी का 15 अगस्त को नई दिल्ली स्थित एक अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिशोम गुरु



और मेरे बाबा शिबू सोरेन जी के निधन के एक पखवाड़े के अंदर ही रामदास सोरेन जी के इस तरह चले जाने की पीड़ा मेरे लिए असहनीय है। मन व्याकुल और व्यथित है। उनका निधन इस राज्य के साथ मेरे लिए अपूरणीय क्षति है। इस वजह से जो शून्यता आई है, उसकी भरपाई नहीं हो सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिवंगत रामदास सोरेन जी ने संघर्ष से अपनी एक अलग पहचान बनाई थी। उन्होंने स्मृति शेष दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के नेतृत्व में अलग झारखंड की खातिर हुए आंदोलन में अहम योगदान दिया था। उनका व्यवहार काफी सरल और सहज था। एक आंदोलनकारी के साथ उनका व्यापक सामाजिक सरोकार था। वे अपने सार्वजनिक जीवन में आम लोगों के दुःख - दर्द और समस्याएं दूर करने के लिए हमेशा खड़े रहे। वे अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनका व्यक्तित्व और कार्य सदैव उर्जा प्रदान करता रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री के रूप में रामदास सोरेन जी काफी बेहतर कार्य कर रहे थे। सरकारी विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा के लिए उन्होंने कई नई पहल की थी। सरकारी विद्यालयों में आधारभूत संरचना मजबूत करने का काम तेज गति से हो रहा था। गांव-देहात के गरीब बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ उनका समग्र विकास हो, इसपर उनका विशेष जोर था।

## भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष ने की प्रधानमंत्री से मुलाकात



**नई दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा की अध्यक्ष वानथी श्रीनिवासन ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर मोर्चा की उपलब्धियों से अवगत कराया। उन्होंने महिला मोर्चा की गतिविधियों की उपलब्धियों की विस्तृत रिपोर्ट सौंपी और वीरांगना भारत की 75 प्रेरणादायी महिला स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित विशेष कॉफी टेबल बुक भी भेंट की। मुलाकात के बाद वानथी ने मीडियाकर्मियों से कहा कि पिछले तीन वर्षों में किए गए महिला मोर्चा के कार्यों से प्रधानमंत्री को अवगत कराया। कमल मित्र अभियान जैसी स्वप्रेरित पहलें, प्रभावशाली दो दिवसीय प्रवास कार्यक्रम, व्यापक जनसंपर्क अभियान और अनेक नवाचारी अभियानों के माध्यम से महिला मोर्चा ने लगातार जमीनी स्तर की महिलाओं से जुड़ने और उन्हें पार्टी तथा सरकार की परिवर्तनकारी योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया है। उन्होंने बताया कि मुलाकात के दौरान 37 राज्यों में संगठनात्मक दौरों के अनुभव साझा किए। इसमें न केवल संगठनात्मक कैडर की शक्ति प्रतिबिंबित होती है, बल्कि उन प्रेरक कहानियों का भी उल्लेख है जिनमें महिलाएं प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र की प्रगति की समान भागीदार बन रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अत्यंत रुचि से सब सुना, मोर्चा के प्रयासों की सराहना की और बहुमूल्य मार्गदर्शन दिया, जो महिला मोर्चा को और व्यापक स्तर पर पहुंचने और प्रभाव बढ़ाने की प्रेरणा देगा।

## दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हमला हाथापाई करने वाला आरोपी हिरासत में

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर बुधवार को जन सुनवाई के दौरान एक व्यक्ति ने हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया है। यह हमला मुख्यमंत्री निवास सिविल लाइंस राज निवास मार्ग स्थित जन सेवा केंद्र में हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है और मुख्यमंत्री की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। भाजपा नेताओं ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सूत्रों के मुताबिक, आरोपित मुख्यमंत्री को जनसुनवाई के दौरान शिकायत देने के बहाने उनके पास पहुंचा और उन पर हमला कर



दिया। पुलिस आरोपित को हिरासत में लेकर सिविल लाइंस थाने ले गई है और उससे पूछताछ की जा रही है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि जन सुनवाई के दौरान आज एक व्यक्ति मुख्यमंत्री के पास आया, कुछ कागज दिए और अचानक उनका हाथ पकड़ कर उन्हें खींचने की कोशिश की। इस दौरान थोड़ी धक्का-मुक्की हुई। उन्होंने बताया कि घटना के बाद वे मुख्यमंत्री से मिलकर आए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मजबूत महिला हैं। मुख्यमंत्री के सिर पर हल्की चोट है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर जन सुनवाई के दौरान हुए हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि जनता से मुख्यमंत्री का निडर जुड़ाव और जनसेवा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता विपक्ष को स्पष्ट रूप से बेचैन करती है, जो इस तरह के शर्मनाक हथकंडे अपना रहा है। मैं उनकी शक्ति, सुरक्षा और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

## चुनाव आयोग के खिलाफ हमारी सरकार कार्रवाई जरूर करेगी : राहुल गांधी

एजेंसी

**पटना :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी बिहार में 'वोटर अधिकार यात्रा' पर निकले हैं। यात्रा के चौथे दिन बुधवार को उनका पड़ाव शेखपुरा पहुंचा, जहां एक जमसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने केंद्र और बिहार सरकार पर निशाना साधा। शेखपुरा में जनसभा को सम्बोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि एक दिन वो सच्चाई भी सामने आएगी, जिसमें पता चलेगा कि बिहार का पिछला चुनाव भी चोरी से जीता गया था। चुनाव आयोग के लोग याद रखें, हमारी सरकार उनके



खिलाफ कार्रवाई जरूर करेगी। राहुल गांधी ने शेखपुरा जिले के बरबीघा में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हिन्दुस्तान के गरीबों के पास सिर्फ वोट का अधिकार बचा हुआ है। अब भारतीय जनता पार्टी की सरकार इसे भी छीनने का प्रयास कर रही है। आपका वोट चला जाता है, तो बाद में राशन कार्ड, उसके बाद जमीन और फिर आपके पास जो कुछ बचा हुआ है, सब चला जायेगा। राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव आयोग और भाजपा की सरकार मिलकर वोट चोरी करने का काम कर रही है। लोकसभा में महाराष्ट्र में कांग्रेस ने चुनाव जीता पर, चार महीने बाद विधानसभा में चुनाव आयोग की मदद से भाजपा ने वोट चोरी कर बाजी पलट दी। लोकसभा चुनाव के बाद विधानसभा के चुनाव में महाराष्ट्र में एक करोड़ नए वोटर जोड़ दिए गए। राहुल गांधी ने कहा कि बिहार में बीते 20 साल से नीतीश जी की सरकार है। यदि यहां भी जांच हो, तो पाया जायेगा कि पिछले विधानसभा में भी वोट चोरी कर ही बिहार में भी चुनाव जीता गया है। यह सच्चाई है और यह सच्चाई भी एक दिन बाहर आयेगी।

## पिछले 11 वर्षों में सत्ता पक्ष ने विपक्ष के साथ भेदभाव किया : खरगे

एजेंसी

**नई दिल्ली :** इंडी गठबंधन के घटक दलों के नेताओं ने आज संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में बैठक कर उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी के पक्ष में एकजुटता का प्रदर्शन किया। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, एनसीपी (एससीपी) के प्रमुख शरद पवार, डीएमके सांसद त्रिची शिवा, समाजवादी पार्टी के नेता रामगोपाल यादव, शिवसेना (यूबीटी) के संजय राउत, कांग्रेस नेता गौरव गोगोई समेत कई प्रमुख विपक्षी दलों के नेता उपस्थित थे। इस अवसर पर खरगे ने कहा कि पिछले 11 वर्षों



में सत्ता पक्ष ने विपक्ष के साथ भेदभाव किया है। संसद में बहुमत के बल पर सरकार जनविरोधी कानून पारित करती रही है, जबकि यह सरकार अल्पमत में है। संसद के मानसून सत्र में देश ने देखा कि कैसे बिना विपक्ष की भागीदारी के विधेयकों को जल्दबाजी और मनमानी से पारित किया गया। विपक्षी सांसदों को बोलने नहीं दिया गया और उन्हें मनमाने तरीके से निलंबित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति देश का दूसरा सर्वोच्च संवैधानिक पद है, जिसकी गरिमा और निष्पक्षता को बनाए रखना अनिवार्य है। डॉ. एस. राधाकृष्णन जैसे महान व्यक्तित्वों ने इस पद की गरिमा को स्थापित किया था और राज्यसभा में एक स्वस्थ परंपरा को जन्म दिया था। आज वही परंपराएं टूटती दिख रही हैं और विपक्ष को उचित सम्मान नहीं मिल रहा है। ऐसे समय में विपक्षी दलों ने सामूहिक रूप से यह निर्णय लिया है कि वे एक ऐसे व्यक्ति को उपराष्ट्रपति पद के लिए नामित करेंगे, जिनका पूरा जीवन संविधान, लोकतंत्र और न्यायिक मूल्यों के प्रति समर्पित रहा हो। राहुल गांधी ने भी इस मौके पर रेड्डी के अनुभव और सोच की सराहना करते हुए कहा कि वे एक ऐसे न्यायाधीश हैं, जिनके पास दशकों का कानूनी अनुभव है और वे संविधान के सच्चे उपासक हैं। रेड्डी ने तेलंगाना में सामाजिक न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, विशेषकर जातिगत जनगणना पर आधारित योजनाओं के निर्माण में। न्यायमूर्ति रेड्डी एक वैचारिक रूप से प्रतिबद्ध और बुद्धिमान व्यक्ति हैं जो सभी दलों में सम्मानित हैं। इसके बाद खरगे ने अपने एक्स पोस्ट के जरिए रेड्डी को उपराष्ट्रपति पद का विपक्ष का उम्मीदवार चुने जाने का कारण बताते हुए कहा कि यह चुनाव केवल एक संवैधानिक पद के लिए नहीं बल्कि देश की आत्मा और लोकतंत्र की दिशा तय करने वाला चुनाव है। रेड्डी भारतीय न्यायशास्त्र के प्रमुख स्तंभ रहे हैं और उन्होंने सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक समानता के पक्ष में कई ऐतिहासिक फैसले दिए हैं, जो भारत के लोकतांत्रिक ताने-बाने को मजबूत करते हैं।

## दंतेवाड़ा में 13 इनामी नक्सलियों सहित 21 ने किया आत्मसमर्पण

एजेंसी



**दंतेवाड़ा :** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में चलाये जा रहे लोन वराटू (घर वापस आईये) अभियान तथा पूना मारगेम (पुनर्वास से पुनर्जीवन) के तहत एसपी कार्यालय में 25 लाख 50 हजार के13 इनामी नक्सलियों सहित 21 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। नक्सल विरोधी अभियान के तहत दंतेवाड़ा जिले में पुलिस बल और सीआरपीएफ के द्वारा भटके हुए नक्सलियों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए लगातार संपर्क एवं संवाद कर शासन की नक्सल पुनर्वास नीति का व्यापक प्रचार-प्रसार गांव गांव तक किया जा रहा है। आत्मसमर्पित नक्सलियों को छत्तीसगढ़ पुनर्वास नीति के तहत 50-50 हजार रुपए की सहायता राशि के साथ शासन द्वारा मिलने वाली अन्य सुविधायें जैसे स्किल डेवलपमेंट हेतु प्रशिक्षण, कृषि भूमि इत्यादि दी जा रही है।

## एक नजर

### देश में स्मार्ट शहरों से ज्यादा जरूरी स्मार्ट गांव : गडकरी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने देश में स्मार्ट शहर से ज्यादा स्मार्ट गांवों को बनाने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि देश में गांवों में मूलभूत सुविधाओं की कमी की वजह से 30 फीसदी आबादी शहरों में पलायन कर गई है। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने यहां टाटा समूह के ऊर्जा एवं संसाधन संस्थान (टीईआरआई) द्वारा आयोजित '24वें दरबारी सेठ स्मृति व्याख्यान' में कहा कि देश के विकास में इंफ्रास्ट्रक्चर की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है। इस दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीते वर्षों में तेज गति से काम हुआ है। उन्होंने कहा कि आज भारत की अर्थव्यवस्था में कृषि की हिस्सेदारी महज 12 से 14 प्रतिशत रह गई है, जबकि विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी 22 से 24 प्रतिशत और सेवा क्षेत्र की हिस्सेदारी 52 से 54 प्रतिशत है। गडकरी ने कहा कि महात्मा गांधी ने कहा था कि भारत गांवों में बसता है। इसलिए आज आवश्यकता है कि केवल स्मार्ट शहर ही नहीं, बल्कि स्मार्ट गांव भी बनाए जाएं। उन्होंने कहा कि गांवों से शहरों की ओर हो रहे बड़े पैमाने पर पलायन का मुख्य कारण गांवों में मूलभूत सुविधाओं और रोजगार की कमी है। आजादी के बाद इस दिशा में जितना ध्यान दिया जाना चाहिए था, उतना नहीं दिया गया। यदि जल, जंगल और जमीन आधारित तकनीकों का उपयोग कर कृषि को सशक्त बनाया जाए, तो देश में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे और समग्र विकास संभव होगा।

### 35 वर्ष बाद टाडा मामले में उल्फा प्रमुख अरविंद समेत 38 लोग बरी

**गुवाहाटी :** प्रतिबंधित संगठन यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट आफ असम (उल्फा) से जुड़े 38 लोगों को टाडा अदालत ने बुधवार को बरी कर दिया है। टाडा मामले में 38 लोगों को अदालत ने बुधवार को 35 साल बाद 43/2001 संख्या के मामले का निर्णय दिया। टाडा मामले में बरी होने वाले उल्फा के अध्यक्ष अरविंद राजखोआ, अनूप चेतिया, शशधर चौधरी, प्रदीप गोगोई, सुनील नाथ समेत 38 लोगों को अदालत ने दोषमुक्त घोषित किया। इसी प्रकार, कल्पज्योति नेउग, राजू बरुवा, मुनीन नबिश, अनादर ठाकुरिया को भी दोषमुक्त घोषित किया गया। ज्ञात हो कि, वर्ष 1991 में दिसपुर थाने में इस मामले में प्राथमिकी दर्ज किया गया था। 2001 से टाडा अदालत में मामले की सुनवाई चल रही थी।

### पाकिस्तान के कराची में बरसात से भारी तबाही 10 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के प्रमुख बंदरगाह शहर कराची में मंगलवार को बारिश ने भारी तबाही मचाई। सिंध सरकार ने स्थिति की गंभीरता को देखते लोगों से आज कामकाज बंद रखने की अपील की है। भारी बारिश के कारण सारा शहर बाढ़ की चपेट में है। घरों में पानी भर गया है। बिजली के करंट का झटका लगने, डूबने और दीवारें गिरने की घटनाओं में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई है। जियो न्यूज चैनल के अनुसार, अभी भी कई इलाकों में बिजली गुल है। इस दौरान इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं बाधित रहीं। गुलशन-ए-हदीद में सबसे ज्यादा 170 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। अभी भी कामकाजी और अन्य लोग मलीर सहित कई इलाकों में कई फीट पानी भर जाने के कारण फंसे हुए हैं। बाशिंदों को यह स्थिति 2022 की विनाशकारी बारिश की याद दिलाती है।

## एक नजर

### श्री गणिनाथ गोविंद पूजन को लेकर कमेटी गठित, अजय मद्धेशिया अध्यक्ष



**बरही** : बरही में मंगलवार को मधेशिया वैश्य समाज की बैठक हुई। अध्यक्षता दीनानाथ मधेशिया और संचालन रितेश गुप्ता ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि श्री गणिनाथ गोविंद पूजन इस वर्ष आगामी 6 सितंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर सर्वसम्मति से पूजा समिति का भी गठन किया गया। पूजा समिति में अध्यक्ष अजय प्रसाद मधेशिया, उपाध्यक्ष मुकेश प्रसाद मधेशिया व सचिव गौरव कुमार गुप्ता को बनाया गया। वहीं उपसचिव विपिन कुमार मधेशिया, कोषाध्यक्ष रितेश मधेशिया और उप कोषाध्यक्ष छोटू मधेशिया बनाए गए ।बैठक में रघुनाथ मधेशिया, राजेंद्र मधेशिया, अजय मधेशिया, संतोष मधेशिया, जीतू मधेशिया, दिलीप मधेशिया, जीत मधेशिया, अमरदीप मधेशिया, संदीप मधेशिया, उमेश मधेशिया, प्रशांत मधेशिया, आयुष मधेशिया, अनुज मधेशिया, रवि मधेशिया, राजू मधेशिया, विनय मधेशिया, आकाश मधेशिया, सुधाकर मधेशिया, आभास मधेशिया, अमित मधेशिया और सुमित मधेशिया सहित समस्त मधेशिया परिवार के गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

### मुखिया संघ अध्यक्ष ने पुलिस अधीक्षक से की शिष्टाचार मुलाकात



**चौपारण** : चौपारण मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेंद्र रजक ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन से शिष्टाचार मुलाकात किया, इस दौरान उन्होंने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया, साथ ही पुलिस अधीक्षक ने सभी से परिचय प्राप्त किया। इस दौरान मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेंद्र रजक ने पुलिस अधीक्षक से बेहतर लॉ एंड ऑर्डर व्यवस्था और अच्छे वातावरण की अपेक्षा की। मौके पर कई अन्य मुखिया मौजूद थे।

### जेएलकेएम के केंद्रीय उपाध्यक्ष देवेंद्र महतो को बड़कागांव में स्वागत



**बड़कागांव** : जेएलकेएम के बड़कागांव प्रखंड कमेटी के द्वारा जेएलकेएमके केंद्रीय उपाध्यक्ष देवेंद्र महतो को केरेडारी जोरदाग जाने के क्रम में बड़कागांव प्रखंड कमेटी के द्वारा स्वागत किया गया ' स्वागत करने में मुख्य रूप से जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनीता साहू, जिला उपाध्यक्ष दिलेश्वर महतो, केंद्रीय सचिव मिथिलेश कुमार, प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार, प्रखंड कोषाध्यक्ष रामचंद्र महतो, प्रखंड संगठन मंत्री विकास कुमार, धनुषधारी कुमार, राजबल प्रसाद, शंकर साव, सरजू महतो, प्रभु दयाल ठाकुर, जितेंद्र महतो, राजकुमार महतो, सुनील कुमार, रविंद्र महतो, अर्जुन महतो, आकाश कुमार के अलावे दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# रामगढ़ में 2 लाख लोगों को मिलेगा सीपीआर और फर्स्ट एड का प्रशिक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़** : उपायुक्त, रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज के निर्देश पर रामगढ़ जिला अंतर्गत 2 लाख लोगों को आकस्मिक स्वास्थ्य परिस्थितियों में सीपीआर एवं फर्स्ट देने हेतु प्रशिक्षण दिया जाना है। इसे लेकर पूर्व में जिला स्तर पर सीपीआर एवं फर्स्ट एड देने को लेकर प्रशिक्षण देकर 3229 मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए हैं। अभियान के तहत अब तक जिले में 1 लाख लोगों को सीपीआर एवं फर्स्ट एड उपचार से संबंधित प्रशिक्षण दिया जा चुका है वही यह प्रशिक्षण निरंतर जारी है। इसी क्रम में बुधवार को जिले के विभिन्न कारखानों यथा राधा कास्टिंग मेटालिक प्राइवेट लिमिटेड रामगढ़ मरार सहित अन्य क्षेत्रों में अनुभवी चिकित्सकों एवं जिला स्तर से तैयार किए गए मास्टर ट्रेनरों के द्वारा कर्मियों, ग्रामीण,आम जनों को आकस्मिक स्वास्थ्य परिस्थितियों में सीपीआर देने एवं फर्स्ट एड उपयोग को लेकर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही लोगों को प्रैक्टिकल कराकर भी आकस्मिक परिस्थितियों में कार्य करने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान लोगों को आकस्मिक स्वास्थ्य परिस्थितियों जैसे कार्डियक अरेस्ट, चोकिंग, ब्लीडिंग, बर्न, फ्रैक्चर, वज्रपात, डूबना, शॉक, सांप का काटना एवं दुर्घटना जैसी परिस्थितियों में कार्य करने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया एवं सभी की दुविधाओं को दूर किया गया। गौरतलब होकि अगले एक माह में अभियान मोड में जिले के पंचायतों, विद्यालयों, कारखानों, खदानों आदि में सीपीआर एवं फर्स्ट एड देने हेतु प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस संबंध में उपायुक्त, रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज के द्वारा सभी जिले वासियों से अपने नजदीकी प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचकर सीपीआर देने एवं फर्स्ट एड उपचार करने संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त करने की अपील की गई है।

## अवैध कोयला कारोबार पर सीसीएल रजरप्पा प्रबंधन का करारा वार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रजरप्पा** : क्षेत्र में अवैध कोयला कारोबार की कमर तोड़ने के लिए सीसीएल प्रबंधन ने बीती रात ऐतिहासिक कार्रवाई की। महाप्रबंधक कल्याणजी प्रसाद के नेतृत्व में चले इस अभियान में 5 हाइवा ट्रक अवैध कोयले से लदे हुए पकड़े गए। मौके से जब्त हाइवा गाड़ियों के नंबर हैं– JH09S-1734, JH02AF-2487, JH02IT-7942, JH09एव-6790 और JH02IT-7942। साथ ही रॉ कोल साइडिंग के पास जंगल में भारी मात्रा में अवैध कोयले का विशाल भंडार भी बरामद किया गया। अपराधियों का हमला, काली थार से उत्पात कार्रवाई के दौरान अवैध माफियाओं ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। एक काली महिंद्रा थार (0013 नंबर) पर सवार अज्ञात हमलावर मौके पर पहुंचे और परियोजना सेफ्टी अधिकारी चंद्रशेखर आजाद की गाड़ी पर हमला कर उसके शीशे तोड़ डाले। अफरा-तफरी के बीच दो हाइवा चालक कोयला बीच सड़क पर गिराकर भाग निकले, जबकि तीन हाइवा अब भी लहरी टुंगरी जंगल क्षेत्र में खड़े हैं। जीएम का सख्त संदेश महाप्रबंधक कल्याणजी प्रसाद ने स्पष्ट शब्दों में कहा–सीसीएल द्वारा बार-बार चेतावनी दी गई है। आज फिर दोहराता हूं कि हमारे क्षेत्र में अवैध कोयला खनन और भंडारण की गतिविधि किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## एससी-एसटी सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक सुधार कार्यक्रम पर बैठक संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**टंडवा** : प्रखंड एससी एसटी के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने सुबह 10 : बजे टंडवा टाउन हॉल में पहुंचे एससी एसटी संबंधी इसमें बात बोले की जो भी कमी एससी एसटी के अंदर है उसे मैं पूरा करने के लिए मैं तैयार हूं और आगे मैं मुख्यमंत्री जी से बात करूंगा कि हमारे एससी एसटी जो भी आरक्षण दिया गया है उस पर पूर्ण रूप से प्रयोग करने का मौका दिया जाए और अगर हमारे एससी एसटी को पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को किसी प्रकार से ब्लॉक संबंधी कागजात नहीं बन रहा है मुझे डायरेक्ट कॉल करके बोलिए मैं अपना लेटर पैड में लिखकर उसे व्यक्ति तक पहुंचा दूंगा और काम नहीं करने पर उन्हें कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई कराऊंगा जैसे डीलर हो किसी को नहीं बक्शा जायेगा। सबसे पहले मैं कहूंगा कि एनटीपीसी हो या सीसीएल हो अगर एससी एसटी का जमीन एक एकड़ से कम है या एक एकड़ से ज्यादा है तो सीसीएल एवं एनटीपीसी के करीब ना जाए क्योंकि वह व्यक्ति लालच देखकर जमीन को ले लेगा और जब आपके पास घर के सिवाय कुछ नहीं बचेगा तो लात मार के भगा देगा आप अगर अगर उसके ऊपर गाली गलौज मारपीट का धमकी देंगे तो एनटीपीसी एवं सीसीएल के पदाधिकारी थाना में आवेदन देकर आपको पकेश करवा के जेल भेज सकता है किसी प्रकार के कोई भी दलाल आता है तो हम लोग को ऐसी एसटी एकता बनाकर रखना है हमको दलालों के चक्कर में आज तक पड़े हैं जो हम लोग बर्बाद हो चुके हैं अब हम लोग नहीं पड़ेंगे जागेश्वर कुमार दास ने बोले की सबसे पहले विस्थापितों को एनटीपीसी हो या सीसीएल हो प्यार से जमीन ले लिया और मुआवजा देने के बारी आए तो कूड़े कचरे के भाव में दे रहा है।

## निपुण भारत मिशन कार्यक्रम का देवगढ़ विद्यालय में किया गया आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव** : झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के आदेशानुसार राज्य के सभी विद्यालयों के बच्चों में पठन-पाठन को प्रोत्साहित करने एवं कौशल विकास हेतु जेईपीसी द्वारा सभी पार्टनर ऑर्गेनाइजेशन के सहयोग से मेरा विद्यालय निपुण में भी निपुण कार्यक्रम के अंतर्गत रीडिंग चैंपियन 2025 माई बुक माई स्टोरी का आयोजन 15 अगस्त से लेकर 10 सितंबर 2025 तक किया जा रहा है ।इसी के आलोक में बड़कागांव प्रखंड के आंगों पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय देवगढ़ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक उमेश कुमार महतो एवं संचालन सहायक अध्यापक शमशेर आलम के द्वारा किया गया। निपुण भारत मिशन जिसे समझा और संख्यात्मकता के साथ पठान में प्रवीणता के लिए राष्ट्रीय पहल भी कहा जाता है। भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक पल है जिसका उद्देश्य 2026 27 तक सभी बच्चों को कक्षा तीन के अंत तक बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता में दक्ष बनाना है। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक उमेश कुमार महतो ने कहा कि रीडिंग चैंपियन माई बुक माई स्टोरी कार्यक्रम को सभी से सफल बनाने की अपील करता हूं। निपुण भारत मिशन के अंतर्गत मुख्य रूप से तीन विकासात्मक लक्ष्य हैं: स्वास्थ्य और कल्याण : बच्चे अच्छा स्वास्थ्य और कल्याण बनाए रखें। प्रभावी संचारक : बच्चे प्रभावी ढंग से संवाद करने में सक्षम हो। भागीदारी : बच्चे अपने आसपास के वातावरण से जुड़कर सीखने में सक्षम हो। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के प्रधानाध्यापक उमेश कुमार महतो ,सहायक अध्यापक शमशेर आलम , बिनेश्वर प्रसाद बिनायक, अरविंद सिंह, सुधु गंझू, सुधीर मिंज, बाल सांसद के प्रधानमंत्री अंजना कच्छप , शिक्षा मंत्री शिवानी कुमारी सहित विद्यालय के दर्जनों छात्राएं शामिल थे।

## शिवाडीह उच्च विद्यालय में टॉपर्स का फोटो युक्त बोर्ड लगाया गया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बड़कागांव** : प्रखंड के सांढ़ पंचायत अंतर्गत संचालित पीएम श्री उच्च विद्यालय शिवाडीह में मैट्रिक परीक्षा 2025 में उत्तर में टॉपर्स का फोटो युक्त बोर्ड लगाकर एक नई शुरूआत की गई है। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शंभू सोनी ने कहा की विद्यालय के विद्यार्थियों के पठन-पाठन के साथ-साथ उनके सम्मान मैं कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। बताते चले कि इससे पूर्व मैट्रिक में उत्तीर्ण सभी बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर 15 अगस्त के दिन प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी सम्मानित किया गया ।इन्होंने आगे कहा कि मैं प्रतिदिन विद्यालय जाकर शिक्षकों, रसोईया एवं विद्यार्थियों से रूबरू होकर उनकी समस्या से अवगत होता हूं। और हर संभव समस्या का समाधान करने का प्रयास करता हूं ।और यह कार्य निरंतर आगे भी जारी रहेगा। सचिव मुकेश कुमार राम ने बताया कि बॉर्डर पर मुख्य रूप से टॉपर्स देवराज कुमार, निहारिका कुमारी, सुमन कुमार राणा, रूपा रानी, कुमकुम कुमारी , मोहम्मद तुफैल ,अंजली कुमारी,आयुष कुमार पांडे , मनीषा कुमारी का फोटो एवं नाम अंकित है।

# श्री अग्रसेन स्कूल में अक्षय ऊर्जा दिवस पर संगोष्ठी, बच्चों ने सीखी सौर ऊर्जा की ताकत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**भुरकुंडा** : श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में बुधवार को अक्षय ऊर्जा दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने सेमिनार में हिस्सा लेकर अक्षय ऊर्जा के लाभ और इसकी तकनीक पर चर्चा की। छोटे बच्चों ने सूर्य की रोशनी का उपयोग करते हुए पावर ग्लास से पेपर को जलाने का प्रयोग करते हुए सौर ऊर्जा की शक्ति को समझा। विद्यार्थियों को बारी-बारी स्कूल में लगे सोलर ऊर्जा का निरीक्षण कराते हुए उसके कार्य करने की तकनीक और लाभ की जानकारी दी गई। सेमिनार में विज्ञान शिक्षक संतोष कुमार ने कहा कि संपूर्ण मानव समाज की बुनियादी जरूरतों की पूर्ति और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में ऊर्जा एक इंजन की तरह है। पूरी दुनिया जीवाश्म ईंधन कोयला, तेल, गैस इत्यादि से प्राप्त ऊर्जा का उपयोग कर रही है। इन स्रोतों का आनेवाले समय में खत्म होना तय है। इसलिए हमें जल्द से जल्द अक्षय ऊर्जा की ओर शिफ्ट करने की रफ्तार बढ़ानी होगी। अक्षय ऊर्जा ही दुनिया का भविष्य है। इसी सोच के साथ विद्यालय अपनी जरूरतों का अधिकांश हिस्सा सोलर ऊर्जा से प्राप्त करता है। साधना सिन्हा ने कहा कि अक्षय ऊर्जा स्रोत ऊर्जा के वैसे स्रोत होते हैं, जो उपयोग के साथ कभी समाप्त नहीं होते हैं। दुनिया के कार्बन उत्सर्जन का एक बड़ा हिस्सा ऊर्जा उत्पादन के माध्यम से बनता है। तेल, कोयला और गैस का दैनिक और विश्वव्यापी उपयोग जलवायु परिवर्तन पर सबसे अधिक असर डालता है। इससे जलवायु परिवर्तन संबंधी समस्याएं काफी बढ़ गई है। एक ही समय में देश के कुछ क्षेत्रों में भीषण बाढ़ तो कुछ इलाकों में अत्यधिक गर्मी की स्थिति देखी जाती है। अक्षय ऊर्जा इस जलवायु परिवर्तन का भी समाधान है। सोनम खातून ने बताया कि भारत अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण नवीकरणीय ऊर्जा का उचित लाभ उठाने में सक्षम है। भारत की जलवायु उष्णकटिबंधीय है। इसके पास विशाल समुद्र तट भी है। जिसके चलते भारत में सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और ज्वारीय ऊर्जा जैसे नवीकरणीय ऊर्जा के विविध स्वरूपों के विकास की अपार संभावना है। आयोजन को सफल बनाने में कुमुल कुमार, दीपशिखा, दीपिका तिवारी, अरविंद दुबे का योगदान रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### बरही अनुमंडलीय अस्पताल में प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय आयुष स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



**बरही** : जिला आयुष समिति, हजारीबाग की ओर से बुधवार को अनुमंडलीय अस्पताल बरही परिसर में प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और विभिन्न आयुष चिकित्सा पद्धतियों का लाभ उठाया। शिविर में आयुष विभाग हजारीबाग के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने लोगों को होम्योपैथिक चिकित्सा, आयुर्वेदिक चिकित्सा के साथ–साथ करुण्या बयोवृद्ध मस्कुलोस्केलेटल एवं पीईजीवीटी पद्धति के तहत जाँच व उपचार उपलब्ध कराया। इसके अलावा जरूरतमंद मरीजों के बीच सहायक सामग्री जैसे घुटने की पट्टी, कमर बेल्ट, बैसाखी, पालकर, अंडरगारमेंट्स आदि वितरित किए गए। साथ ही आवश्यक दवाइयाँ भी निःशुल्क दी गईं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजेश कुमार मिश्रा ने किया, जबकि शिविर में डॉ. शैलेन्द्र कुमार राय, डॉ. नीरज कुमार उपाध्याय, डॉ. गजाला प्रवीण एवं डॉ. प्रियंका कुमारी ने अपनी सेवाएं दी। चिकित्सकों की इस टीम ने कुल 304 रोगियों का पंजीकरण कर उनका उपचार किया। शिविर को सफल बनाने में योग शिक्षक अनिल मिश्रा और योग शिक्षिका प्रियंका कुमारी ने सहयोगी भूमिका निभाई। स्थानीय लोगों ने जिला आयुष समिति के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर से ग्रामीण एवं आमजन को बहुत राहत मिलती है। ग्रामीणों ने मांग किया कि ऐसे शिविरों का आयोजन समय–समय पर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में किया जाना चाहिए, जिससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सके।

### बुजुर्ग महिला से जेवरात की ठगी, थाना में आवेदन, कार्रवाई की मांग



**बरही** : बरही हजारीबाग रोड निवासी महिला शकुंतला देवी के साथ एक ठग के द्वारा ठगी का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत भुगतभोगी महिला ने बरही थाना में आवेदन देकर बताया कि बुधवार 12 बजे अपराह्न शकुंतला देवी बरही ब्लॉक के पास गई थी। उसी स्थान पर एक ठग आया और बोला कि आपके छोटे पुत्र पर संकट आने वाला है। यदि इससे बचना है तो अपना सारा जेवरात निकालकर 14 कदम चलो। सारा ग्रह गोचर खत्म हो गया। महिला शकुंतला देवी उस ठग के झांसे में आ गई। उन्होंने अपना जेवरात जिसमें चार सोने की चुड़ी, दो सोने का अंगूठी एवं चांदी की अंगूठी जिसकी कीमत बाजार मूल्य चार लाख है को ठग को सौंप दिया। जेवरात सौंप कर जैसे ही 12 कदम चलना शुरू की। इसी दौरान ठग जेवरात लेकर भाग गया। महिला के पुत्र कृष्णा गुप्ता ने बरही थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

### विश्व ब्राह्मण संघ के द्वारा चंद्र ज्योति उपाध्याय को किया गया सम्मानित : प्रदीप शर्मा



**रामगढ** : विश्व ब्राह्मण संघ के द्वारा बुधवार को समय अपराह्न 11. 00 बजे स्थान: रामगढ़ बाजर समिति के पास उनके आवास में, एक प्रोग्राम आयोजित कर, अपने ब्राह्मण समाज के डाक्टर चन्द्र मोली उपाध्याय की सुपुत्री सुश्री चंद्र ज्योति उपाध्याय ने प्रशासनिक सेवा में प्रथम प्रयास में ही सफलता प्राप्त करने एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जिस में सुश्री चंद्र ज्योति उपाध्याय को सम्मानित करने उनके आवास पर जाकर सर्वप्रथम चंद्र ज्योति उपाध्याय को बुके एवं प्रतिक चिन्ह के रूप में भगवान परशुराम जी का मोमेंटो देकर तथा मिठाई खिलाकर मुह मीठा करा कर, बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना कि गई ' मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश अध्यक्ष माननीय प्रदीप कुमार शर्मा एवं जिला के पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल उपस्थित होकर जैसे प्रदीप कुमार शर्मा, जिलाध्यक्ष अशोक कुमार पांडेय, जिला प्रवक्ता अनुज तिवारी, विजय प्रताप ओझा एवं अन्य लोगों ने हिस्सा लिया। विश्व ब्राह्मण संघ के द्वारा बिटिया को सम्मानित करने पर उनके परिवार के लोग काफी उत्साहित थे।

### खेलकूद में बढ़-चढ़कर हिस्सा, खेल न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी : विधायक



**बरही** : प्रखंड के पंचमाधव में स्वर्गीय सोनू गोप मेमोरियल फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। टूनार्मेंट के फाइनल मुकाबले में ढाब की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर जीत दर्ज की, जबकि करौंजिया की टीम उपविजेता रही। इस फाइनल मुकाबले का शुभांरभ बरही विधायक मनोज कुमार यादव फुटबॉल को किक मार कर और फीता काट कर किया। विधायक ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि, युवाओं में बढ़ती नशे की लत को देखते हुए ऐसे खेल आयोजन बेहद जरूरी हैं। खेल न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। युवाओं से आग्रह किया कि वे खेलकूद में बढ़–चढ़कर हिस्सा लें। उन्होंने स्वर्गीय सोनू गोप को याद करते हुए कहा कि समाज और राजनीति में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनके नाम पर यह सफल आयोजन करना सराहनीय है और इसके लिए आयोजक बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम में जीप उपाध्यक्ष किसुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, गणमान्य लोग समेत सैकड़ों खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# राज्य के सभी उपायुक्त सितंबर के पहले पखवारे तक पूर्ण करें बालू घाटों की नीलामी प्रक्रिया : मुख्य सचिव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राज्य के सभी उपायुक्तों को राज्य के तमाम व्यावसायिक बालू घाटों की नीलामी की प्रक्रिया सितंबर के पहले पखवारे तक पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया है। मुख्य सचिव बुधवार को बालू घाटों की नीलामी को लेकर तमाम उपायुक्तों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रोजेक्ट भवन में बैठक में बोल रहीं थी। मुख्य सचिव ने कहा कि उपायुक्त नीलामी के पहले बालू घाटों की नई नीति को पूरी तरह समझ लें, ताकि नीलामी प्रक्रिया पारदर्शी हो और उस दौरान कोई तकनीकी समस्या नहीं आये। इसके लिए उन्होंने खनन पदाधिकारी सहित उपायुक्तों को भी मूल जानकारी के लिए प्रशिक्षित होने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इसका मकसद सिर्फ यह है कि उपायुक्त पूरी स्पष्टता और तैयारी के



साथ नीलामी को संपन्न करा सकें। यह राज्य के लिए काफी महत्वपूर्ण है। मुख्य सचिव ने कहा कि नई बालू नीति से सरकार की मंशा जहां उपभोक्ताओं को उचित कीमत पर बालू सर्वसुलभ कराना है, वहीं बालू के अवैध कारोबार पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने और अन्य राज्यों से बालू के आवक को हतोत्साहित करना है। राज्य के खान सचिव अरवा राजकमल और खान निदेशक राहुल सिन्हा ने कहा कि बालू घाटों की नीलामी में खान विभाग के साथ उपायुक्तों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होगी। इसलिए सभी उपायुक्त इसे गंभीरता से लें और पूरी स्पष्टता तथा तैयारी के साथ नीलामी प्रक्रिया संपन्न करायें। इसके लिए उन्होंने उपायुक्तों को नीलामी प्रक्रिया का मॉक ड्रिल करने की भी सलाह दी। साथ ही पूरी प्रक्रिया से नीलामी लेने वालों को भी अवगत कराने को कहा। जरूरी होने पर हेल्पलाइन नंबर भी उपलब्ध कराने के लिए कहा गया। खान विभाग के अधिकारियों ने कहा कि 15 अक्टूबर के बाद से बालू घाटों से खनन पर ग्रीन ट्रिब्यूनल का प्रतिबंध खत्म होगा। उसके पहले बालू घाटों की नीलामी पूर्ण होने से खनन ससमय शुरू होगा और राज्य में बालू की किल्लत नहीं होगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बालू का दर निर्धारण सरकार नहीं करेगी। लेकिन बालू का वैध कारोबार हो, इसकी पूर्ण व्यवस्था प्रशासन करेगा। उपायुक्तों को यह अधिकार होगा कि नियम का अनुपालन नहीं करने वाले का ठेका रद्द कर सकें। झारखंड में बालू घाटों को दो वर्ग (कैटेगरी) में विभाजित किया गया है। पहली कैटेगरी में पांच हेक्टेयर से कम रकबा वाले बालू घाट होंगे। इनका संचालन ग्राम सभा के माध्यम से होगा। ऐसे 374 बालू घाट हैं। दूसरी कैटेगरी में 5 हेक्टेयर से अधिक रकबा वाले बालू घाटों की नीलामी होगी। इसके लिए छोटे-बड़े बालू घाटों को मिलाकर कुल 60 समूह बनाये गये हैं। किसी भी एक व्यक्ति को एक हजार हेक्टेयर से अधिक रकबा का बालू घाट नहीं दिया जाएगा और दो से अधिक समूह का ठेका भी नहीं दिया जाएगा। इसके पहले बालू घाटों की नीलामी की पूरी प्रक्रिया को पावरप्वाइंट प्रस्तुति (पीपीटी) के माध्यम से उपायुक्तों से साझा किया गया। खनन से जुड़े पर्यावरण के मसले पर राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (सिया) के सदस्य राजीव लोचन बख्शी ने विस्तार से प्रकाश डाला। झारखंड सूचना प्रौद्योगिकी संवर्धन एजेंसी (जैप आइटी) के प्रतिनिधियों ने नीलामी की तकनीकी प्रक्रिया को विस्तार से बताया, ताकि कोई उलझन नहीं रहे।

## एक नजर

### अर्चित आनंद बने फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया के कार्यकारिणी सदस्य

**रांची :** बुधवार को नैनीताल, उत्तराखंड में हुए फाई के चुनाव में अर्चित आनंद निर्विरोध चुने गए। 2025 से 2029 तक के लिए यह कमिटी निर्वाचित हुई है, ज्ञात हो की सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए है। अध्यक्ष पद पर एसडी पाटिल, महासचिव पद पर राजीव मेहता और कोषाध्यक्ष पद पर डीके साहू जी निर्वाचित हुए हैं। अर्चित आनंद झारखंड फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष भी है। इस चुनाव में झारखंड फेंसिंग एसोसिएशन के महासचिव जय कुमार सिन्हा भी शामिल हुए साथ ही एफसीए, सीएफएफ और आईओए के प्रतिनिधि भी शामिल थे।

### पाठ्यक्रम में शामिल हो गुरूजी का जीवन वृत्त : संघ

**रांची :** झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ (झारओटेफ) ने शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह से मिलकर दिशोम गुरुजी, शिबू सोरेन के जीवन वृत्त राज्य के स्कूली शिक्षा के पाठ्यक्रम में सम्मिलित करने की मांग की है। यह जानकारी झारओटेफ के प्रांतीय मुख्य मीडिया प्रभारी सुमित कुमार नंद ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। झारओटेफ के प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत कुमार सिंह ने कहा कि दिशोम गुरु के जीवन वृत्त पर पाठ्यक्रम तैयार करने के दौरान उनके व्यक्तित्व की विशालता का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। उनकी दूरगामी सोच ने ही तत्कालीन केन्द्र सरकार के वनांचल की विचारधारा को झारखंडी सोच में तब्दील करने को विवश कर दिया। मौके पर झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के महासचिव, रविंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि दिशोम गुरु, शिबू सोरेन किसी समुदाय, क्षेत्र या समुह विशेष के नेता नहीं थे। गुरूजी में पूरे देश के वंचित वर्ग अपने प्रतिनिधित्व की झलक देखता था। स्कूली शिक्षा के पाठ्यक्रम में उनके जीवन वृत्त को सम्मिलित करने से राज?य के बच?चों को गुरूजी के संघर्षो से सीखने को मिलेगा। संगठन के ध्यानाकर्षण पर शिक्षा सचिव ने अपनी सहमति दी। उन्होंने कहा कि इस पर व्यापक कार्य करने की आवश्यकता है विभाग इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई करेगा।

### राजीव गांधी के योगदान को कभी नहीं भूलेगा देश : कमलेश

**रांची :** प्रदेश कांग्रेस कमिटी की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी वरिष्ठ नागरिक उद्यान एचईसी सेक्टर-2, धुर्वा में जयन्ती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर राजीव गांधी की प्रतिमा पर मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार बालमुचू, विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी, विधायक सोनाराम सिंकू, पार्टी के प्रदेश महासचिव आलोक कुमार दूबे, मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता, ओबीसी कांग्रेस के प्रदेश महासचिव संजीत यादव, अभिलाष साहू, परवेज आलम, मेंहुल दूबे, शशि भूषण राय ने राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। श्रद्धांजलि सभा मुख्य अतिथि के रूप में केशव महतो कमलेश ने कहा कि पंडित नेहरू ने जिस समाजवादी समाज की कल्पना की थी उसे साकार करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और पंडित नेहरू का स्वप्न था कि संसाधनों के दोहन और धन के संचय के साथ-साथ उसके सही वितरण पर भी ध्यान देना जरूरी है। इस बात पर ध्यान देना ज्यादा जरूरी है कि समाज के अंतिम व्यक्ति दैनिक भोगी मजदूर, सीमांत कृषक, दलितों तक वितरण हो। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी आज भी प्रासंगिक हैं और आने वाले समय में भी प्रासंगिक रहेंगे। वे विज्ञान और बदलाव के हमेशा से समर्थक रहे थे।

## हाड़ी समुदाय के लोगों ने राजभवन के समक्ष दिया धरना, रखी अपनी मांगें



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड की राजधानी झारखंड में राजभवन के समक्ष हाड़ी जाति विकास मंच के बैनर तले हाड़ी समुदाय के लोगों ने अपनी सात सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना दिया। धरना के दौरान वक्ताओं ने कहा कि झारखंड में हाड़ी समुदाय लंबे समय से आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक परस्थिति से जूझ रहा है। झारखंड राज्य बनने के बाद भी इस समुदाय का विकास नहीं हो पाया है। इस समुदाय के लोग आज भी सफाई कर्मी के रूप में ज्यादा काम करते है। उन्होंने कहा कि हाड़ी जाति विकास मंच की प्रमुख मांगों में झारखंड अनुसूचित जाति आयोग का गठन करने, भूमिहीन हाड़ी समुदाय को स्थायी रूप से रहने के लिए पांच डीसमिल जमीन दान स्वरूप देने, झारखंड में सफाई कर्मचारी आयोग का गठन करने, सरकारी विभागों और नगर निकायों में 10 वर्षों से काम कर रहे कर्मचारियों को स्थायी करने और हाड़ी समुदाय के छात्र-छात्राओं का आवास प्रमाण, जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने जैसी प्रमुख मांगें शामिल है।

## वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न राजीव गांधी जी की जयंती के अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस किसान मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष सुभाष सिंह द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर जी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कांग्रेस नेता शशि भूषण राय, अरुण सिंह एवं आलोक दुबे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन किसान मोर्चा की नेत्री अर्चना सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभी ने विकास पुरुष स्वर्गीय राजीव गांधी जी को याद करते हुए उनके चित्र पर पुष्पांजलि दी और उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों जैसे पंचायती राज, ग्रामीण विकास,




दूरसंचार एवं कंप्युटर क्रांति,नए मंत्रालयों का गठन, रोजगार माध्यम से आधुनिक भारत के निर्माण में उनके योगदान को याद किया। इसके बाद वृक्षारोपण का कार्यक्रम हुआ और तत्पश्चात रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस मौके पर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने भी वृक्षारोपण किया और स्वर्गीय राजीव गांधी जी के दूरदर्शी सोच की चर्चा की, जिससे भारत को 21वीं सदी में पूरे विश्व के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए तैयार किया गया है। शशि भूषण राय ने कहा कि राजीव गांधी जी का शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति एक स्पष्ट दृष्टिकोण था और उन्होंने देश के युवाओं के लिए आधुनिक भारत का निर्माण करने की सोच रखते थे, उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में कई रिफॉर्म किए और जवाहर नवोदय और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय शामिल है। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण सिंह एवं आलोक दुबे ने भी जोड़ा की राजीव जी के कार्यकाल को कभी नहीं भुलाया जा सकता है।

## शराब घोटाला मामले के आरोपी सुधीर कुमार और सुधीर दास को मिली जमानत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले के आरोपित जेल में बंद अधिकारी सुधीर कुमार और सुधीर कुमार दास को बड़ी राहत मिली है। इस मामले में आरोपित विनय चौबे के बाद इन दोनों को भी बीएनएसएस की धारा 187 (2) का लाभ मिला है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की विशेष अदालत ने दोनों को जमानत दे दी है। हालांकि, एसीबी की विशेष अदालत ने दोनों को सशर्त जमानत दी है। जमानत पर रहने दौरान दोनों आरोपितों को राज्य से बाहर जाने से पहले अदालत को सूचित करना होगा। ट्रायल के दौरान




दोनों अपना मोबाइल नंबर भी नहीं बदल सकते। अदालत ने 25-25 हजार रुपये के दो निजी मुचलके भरने की शर्त भी रखी गई है। उल्लेखनीय है कि इसी मामले में आरोपित आईएएस अधिकारी विनय चौबे की गिरफ्तारी के 92 दिनों बाद भी एसीबी की ओर से चार्जशीट दाखिल नहीं किए जाने के कारण जमानत मिल गई है। एसीबी की विशेष अदालत ने उन्हें भी बीएनएसएस की धारा 187(2) के तहत जमानत दी है। उल्लेखनीय इसी मामले में आरोपित आईएएस विनय चौबे को बीते कल यानी मंगलवार को गिरफ्तारी के 92 दिनों बाद एसीबी की अदालत से जमानत मिली है।

## शिक्षक उत्पीड़न मामला : पैरेंट्स एसोसिएशन ने की उच्चस्तरीय जांच की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची के रातू रोड स्थित श्रद्धानंद सेवाश्रम स्कूल से जुड़े कथित शिक्षक उत्पीड़न मामले को गंभीरता से तेले हुए झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन ने उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, नई दिल्ली के अध्यक्ष को इससे संबंधित पत्र भेजा है। झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने बुधवार को विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अनुज कुमार सिंह से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी ली। प्रभारी प्राचार्य ने बातचीत में बताया कि अब तक विद्यालय के किसी भी छात्रा की ओर से इस संदर्भ में कोई लिखित शिकायत विद्यालय प्रशासन को प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि जिस शिक्षक पर आरोप लगाए गए हैं, उस संबंध में पारिवारिक विवाद का मामला जरूर सामने आया है। प्राचार्य ने बताया कि शिक्षक की पत्नी की ओर से दी गई शिकायत को ही आगे बढ़ाया गया है और इसे विद्यालय का अंदरूनी मामला नहीं माना जा सकता। इसके बाद अजय राय ने कहा कि यह मामला बच्चों की सुरक्षा और बाल अधिकारों से जुड़ा हुआ है। इसलिए सच्चाई सामने आना आवश्यक है। उन्होंने इस प्रकरण को लेकर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, नई दिल्ली के अध्यक्ष को ईमेल के माध्यम से पत्र भेजकर उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। राय ने कहा कि छात्राओं की सुरक्षा सर्वोपरि है और यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो आरोपित के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई होनी चाहिए।

## दुबई और अबूधाबी में भारतीय सीए के लिए असीम संभावनाएं : सीए शैलेश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) की कमेटी ऑन इंटरनेशनल टैक्सेशन की ओर से दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया, रांची शाखा की ओर से बुधवार को सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का विषय बिजनेस सेटअप एंड कंपलियांस एंड इन यूएई, अ न्यूइ फ्रंटियर फॉर इंडियन सीए। सेमिनार के मुख्य वक्ता सीए शैलेश खंडेलवाल, हैदराबाद ने यूएई में व्यवसाय स्थापित करने की प्रक्रिया, वहां की कानूनी व्यवस्थाओं और भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के लिए




उपलब्ध अवसरों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स की वैश्विक भूमिका और यूएई जैसे उभरते व्यावसायिक गंतव्यों में उनकी संभावनाओं पर विशेष जोर दिया। उन्होंने बताया कि संयुक्त अरब अमीरात आज विश्व का एक प्रमुख व्यापारिक और निवेश केंद्र बन चुका है। उन्होंने कहा कि दुबई और अबूधाबी जैसे शहर वैश्विक स्तर पर बिजनेस हब के रूप में स्थापित हो चुके हैं। यहां की कर प्रणाली सरल है, व्यवसाय करने का वातावरण अनुकूल है और विदेशी निवेशकों को प्रोत्साहित करने वाली नीतियां हैं। यही कारण है कि बड़ी संख्या में भारतीय उद्यमी और निवेशक यूएई की ओर आकर्षित हो रहे हैं। उन्होंने भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के लिए उपलबध अवसरों के बारे में बताते हुए कहा कि भारतीय चार्टर्ड एकाउंटेंट्स कंपनी पंजीकरण, टैक्सेशन, अकाउंटिंग, ऑडिट और अंतरराष्ट्रीय लेन-देन के परामर्श जैसी सेवाएं देकर अपनी वैश्विक पहचान बना सकते हैं। विशेषकर छोटे और मध्यम उद्योगों (एसएमईएस) के लिए भारतीय सीए मार्गदर्शक की भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए रांची शाखा के चेयरमैन सीए अभिषेक केडिया ने कहा कि ऐसे सेमिनार चार्टर्ड एकाउंटेंट्स को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए व्यवसायिक अवसरों को समझने और अपने कौशल को वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित करने में सहायक सिद्ध होते हैं। सेमिनार का संचालन सीपीई कमिटी के अध्यक्ष सीए हरेन्दर भारती ने किया। सेमिनार के अंत में रांची शाखा के उपाध्यक्ष सीए अनीश जैन ने विशेषज्ञ वक्ता और काफी संख्या में उपस्थित होकर इस सेमिनार को सफल बनाने के लिए सबका आभार जताया।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल से धनबाद जिला परिषद अध्यक्ष ने की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन



**रांची :** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को धनबाद जिला परिषद के अध्यक्ष शारदा सिंह के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने मुलाकात की और राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंपा। शिष्टमंडल के सदस्यों ने ज्ञापन के माध्यम से 15वें वित्त आयोग मद 2024-25 का बकाया और 16वें वित्त आयोग की राशि आवंटित करने तथा त्रिस्तरीय पंचायती राज प्रतिनिधियों को 14 विभाग एवं 29 विषय पर शक्ति प्रदान किए जाने के संबंध में पहल करने का आग्रह किया।

### झारखंड के उत्तर पश्चिम जिलों में 22 को भारी बारिश की आशंका, ऑरेंज अलर्ट जारी



**रांची :** झारखंड के उत्तर पश्चिमी जिलों में 22 अगस्त को भारी बारिश होने की आशंका है। इसे लेकर मौसम विभाग ने ऑरेंज जारी किया है। राज्य के जिन जिलों में भारी बारिश होने की आशंका है उनमें पलामू, गढ़वा, लातेहार और चतरा शामिल है। विभाग ने 25 अगस्त तक राज्य के विभिन्न जिलों के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होने की आशंका व्यक्त की है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश पश्चिमी सिंहभूम के गोयलकेरा में 36.6 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई। इस दौरान रांची में 16.8 मिलीमीटर बारिश की गई। बुधवार को रांची और आसपास के इलाकों में बादल छाया रहा बीच-बीच में हल्की धूप में निकली। रांची में अधिकतम तापमान 28.6 डिग्री, जमशेदपुर में 31.6, डालटेनगंज में 32.7 डिग्री, बोकारो में 30.1 डिग्री और चाईबासा में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### गणेश चतुर्थी 27 को, रांची में कई जगहों पर हो रहा है पंडाल का निर्माण

**रांची :** देश के अन्य राज्यों की तरह झारखंड की राजधानी रांची में भी गणेश चतुर्थी का पावन पर्व 27 अगस्त से मनाया जाएगा। इसे लेकर एक से बढ़कर एक पंडालों का निर्माण किया जा रहा है। गणेशोत्सव के दौरान पूरा शहर भगवान गणेश की भक्ति में लीन रहेगा। राजधानी रांची के कोकर स्थित मंगल मूर्ति क्लब की ओर से पिछले 13 वर्षों से गणेश पूजा का आयोजन किया जा रहा है। क्लब के रोहित उरांव ने बताया कि इस बार पंडाल की ऊंचाई और चौड़ाई 40 फीट है। यहां 10 फीट ऊंची भगवान गणेश की आकर्षक मूर्ति स्थापित होगी। पांच दिवसीय महोत्सव के पहले दिन कलश स्थापना कर पूजा की शुरूआत होगी। दूसरे दिन खीर का भोग लगेगा। उसी दिन शाम में 6 बजे 501 महिलाओं द्वारा महाआरती की जाएगी। चुटिया के शास्त्री मैदान में न्यू स्टार नव युवक संघ की ओर से दस दिवसीय गणेश महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष नवीन साहू ने बुधवार को बताया कि इस बार काल्पनिक मंदिर के रूप में पंडाल बनाया जा रहा है। इसमें झारखंड की संस्कृति दिखेगी। पंडाल 60 फीट ऊंचा, 70 फीट लंबा और 50 फीट चौड़ा होगा। बंगाल के करीब 25 कारीगर पिछले एक माह से पंडाल बनाने में लगे हैं। पंडाल में 11 फीट के गणेशजी सिंहासन पर विराजेंगे। रोज पूजा-अर्चना के बाद भोग का वितरण होगा। जागरण और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। बप्पा को हर दिन 150 किलो लड्डू का भोग लगाया जाएगा। साथ ही भव्य मेला लगाया जाएगा। आयोजन में लगभग 16 लाख खर्च किए जाएंगे। अरगोड़ा स्थित गोपाल मोहन गणेश पूजा समिति की ओर से काल्पनिक पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। पंडाल में छह फीट के लालबागचा राजा की तर्ज पर गणेशजी विराजमान होंगे। संस्थापक पंकज कुमार ने बुधवार को बताया कि चार दिवसीय इस आयोजन में पहले दिन कलश स्थापना के साथ खीर का भोग वितरण होगा। साथ ही जागरण का आयोजन किया जाएगा। हर दिन आरती, भजन संध्या और खिचड़ी भोग का वितरण होगा।

### स्वर्णिम भारत एक्सपो कार्यक्रम 21 से, जुटेंगे कई वैज्ञानिक संस्थान

**रांची :** सरला बिड़ला विश्वविद्यालय में आगामी 21 अगस्त से स्वर्णिम भारत एक्सपो 2025 का आयोजन शुरू होगा। आयोजन का समापन 23 अगस्त को होगा। राष्ट्रीय स्तर की यह प्रदर्शनी सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में और परिचित फाउंडेशन की ओर से आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यपाल संतोष गंगवार और सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा करेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए अजय राय ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य भारत की वैज्ञानिक प्रगति, तकनीकी नवाचार, सांस्कृतिक धरोहर और सरकारी पहलों को प्रदर्शित करना है। इसके साथ ही यह एक्सपो सरकारी विभागों को नागरिकों, युवाओं और उद्यमियों से जोड़ने का भी प्रयास करेगा। उन्होंने बताया कि एक्सपो के मुख्य आकर्षणों में वैज्ञानिक उपलब्धियों की प्रदर्शनी, युवाओं और उद्यमियों के लिए संवादात्मक सत्र, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सरकार-उद्योग-अकादमिक जगत के बीच सहयोग बढ़ाने की पहल शामिल है। प्रदर्शनी में देश के कई प्रमुख संस्थान और विभाग भाग लेंगे। इनमें परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई), वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो), भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण भारत (जीएसआई), भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) सहित कई मंत्रालय और संस्थान शामिल होंगे।

### सुतियाम्बे में लगा नया ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों को मिली अंधेरे से निजात

**रांची :** पिठोरिया प्रखंड के सुतियाम्बे गांव में कई दिनों से जला हुआ ट्रांसफार्मर ग्रामीणों की परेशानी का कारण बना हुआ था। लगातार अंधेरे में जीवन गुजार रहे ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए जीप सदस्य हिना परवीन और कांग्रेस नेता जमील अख्तर ने पहल की। बुधवार को उनके प्रयास से गांव में 25 केवी का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। इसके साथ ही ग्रामीणों को अंधेरे से निजात मिली। इस अवसर पर कांग्रेस नेता जमील अख्तर ने ग्रामीणों के साथ फीता काटकर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। ग्रामीणों ने दोनों जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय से चली आ रही बिजली की समस्या अब खत्म हुई है। वहीं, जमील अख्तर ने आश्वासन दिया कि क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए वे हमेशा तत्पर रहेंगे। ट्रांसफार्मर के उद्घाटन के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### पाकुड़ के युवक के साथ हुई छिनतई, जीआरपी थाना में दर्ज कराई शिकायत



**साहिबगंज:** पाकुड़ जिला के युवक ने साहिबगंज जीआरपी थाना में आवेदन देकर अपहरण कर लूटने की शिकायत दर्ज कराई है। पाकुड़ जिला के चाचकी, पृथ्वी नगर निवासी रतन रविदास ने दिए आवेदन में बताया कि उसके ससुर किडनी पेशेंट हैं। उनका इलाज भागलपुर से चलता है। 19 अगस्त को तालझारी थाना क्षेत्र के महाराजपुर, नया टोला निवासी कुलदीप कुमार दास के साथ अपने बीमार ससुर की दवाई लेकर भागलपुर से लोकल ट्रेन से रात 8:30 बजे साहिबगंज स्टेशन उतरा। इसके बाद महाराजपुर जाने के लिए बाहर निकल टेम्पू स्टैंड पहुंचा। इस बीच 5-6 अज्ञात लोगों ने उन्हें डरा कर चुपचाप बाइक पर बैठा लिया। उक्त लोग उन दोनों को पहाड़ व जंगल की तरफ लेकर पहुंचा। जहां उन लोगों ने लात-घूंसों और बेल्ट से उनके साथ मारपीट की। इसके बाद उसके गले से 5 भर चांदी का हार, सोना की अंगूठी, पोको कंपनी का मोबाइल और पर्स छीन लिया। फिर पैसा मंगाने के लिए बोला। तब उसने अपने परिचित महाराजपुर निवासी सागर रविदास को फोन कर इसकी सूचना दी। उसने रात 11:43 बजे रुपये नेल्सन जॉन बास्की नाम के सकैनेर पर भेजा एवं उसके फोन-पे से 5100 रुपया लिया। इसके उनकी आंखों पर पट्टी बांध कर उन्हें झरना कॉलोनी, रेलवे लाइन के निकट पोखर के पास बाइक संख्या जेएच 04 ऐसी 9903 से लाकर छोड़ दिया। फोन मांगने पर फिर मारपीट की और फिर सभी भाग गए। इसके बाद किसी तरह रेलवे स्टेशन पहुंचे। वहां के सीसीटीवी फुटेज से सारी जानकारी मिल सकती है। पीड़ित ने मामले की जांच-पड़ताल कर फोन व पैसों की बरामदगी व उचित कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### आरपीएफ मुरी ने अवैध शराब के साथ एक व्यक्ति को लिया हिरासत में



**मुरी:** रेलवे सुरक्षा बल मुरी ने ऑपरेशन सतर्क के अंतर्गत गहन जांच के दौरान बुधवार की सुबह कोशी पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 18626) के जनरल कोच के पास एक भारी बैग ले जा रहे एक व्यक्ति को हिरासत में लिया और बैग की जांच करने पर उसमें इंपीरियल ब्लू सुपर ग्रीन व्हिस्की की पांच बोतल एवं ऑफीसर्स चॉइस एलिट व्हिस्की के 56 पाउच बरामद हुए। शराब की कुल कीमतें 10530 आंकी गई। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर वह व्यक्ति बिना किसी वैध लाइसेंस के बिक्री के लिए शराब ले जाने की बात स्वीकार की। पुलिस ने शराब को जप्त करते हुए सारी कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर उक्त व्यक्ति को आगे की कार्रवाई हेतु आबकारी विभाग रांची को सौंप दिया।उक्त व्यक्ति प्रिंस कुमार (19) बाढ़ दयाचक पटना निवासी बताया जा रहा है। पुलिस मामले को लेकर छानबीन कर रही है।जांच टीम में आरपीएफ मुरी के अवर निरीक्षक बसंत मल्लिक,के के सिंह,सहायक अवर निरीक्षक एम के जायसवाल,मुख्य आरक्षी डी कुशवाहा समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# बोकारो में तनिष्क ज्वैलरी स्टोर में हुई चोरी कांड का पुलिस ने किया खुलासा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** शहर के मिया बाय तनिष्क ज्वैलरी स्टोर में सोमवार को हुई हीरे की अंगूठी चोरी कांड का पुलिस ने चौकाने वाला खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को धर दबोचा है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर चोरी गई कीमती अंगूठी के साथ-साथ वारदात में इस्तेमाल बाइक और अन्य सामान भी बरामद कर लिया है। दरअसल, बीते सोमवार सेक्टर-4 स्थित मिया बाय तनिष्क स्टोर में दो अजनबी ग्राहक बनकर पहुंचे। मौका देखते ही शातिर चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम देकर रफूचक्कर हो गए। स्टोर मैनेजर ने सीसीटीवी फुटेज समेत मामले की लिखित शिकायत पुलिस को दी थी।

पुलिस अधीक्षक के आदेश पर बनी विशेष टीम ने तकनीकी साक्ष्य और फुटेज के आधार पर जांच शुरू की। जांच में पता चला कि दोनों आरोपी सेक्टर-4 के क्वार्टर में रह रहे थे । बुधवार (20 अगस्त) को दबिश देते हुए टीम ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

**गिरफ्तार आरोपियों के नाम—**
नवप्रीत कौर (50) : मूल निवासी गुरदासपुर, पंजाब। वर्तमान पता- सेक्टर-4 एफ क्वार्टर नंबर 2147, बोकारो,राज करन सिंह (34) : मूल निवासी गुरदासपुर, पंजाब। वर्तमानः सेक्टर-4 एफ क्वार्टर नंबर 2147, बोकारो

पुलिस ने बरामद किया-
डायमंड जड़ी सोने की अंगूठी, चोरी में इस्तेमाल बाइक (जे एच 09 एटी-5456), घटनास्थल से फरारी में इस्तेमाल लाल रंग का झोला छापामारी दल में ये रहे शामिल आलोक रंजन (डीएसपी सिटी), संजय कुमार (ओसी सेक्टर-4), सुदामा कुमार दास (ओसी बीएस सिटी), विवेक प्रशांत (सेक्टर 4 थाना),सिता राम मरांडी (अनुसंधानकर्ता),देवनन्दन मुर्मु आरक्षीः इलयास अंसारी, बबलु गोप, दिलीप कुमार विश्वकर्मा
पुलिस के मुताबिक, आरोपियों से पूछताछ जारी है। आशंका जताई जा रही है कि दोनों आसपास के इलाकों में भी वारदातों में शामिल रहे हैं। मामले में आगे की जांच जारी है।

## कलश यात्रा के साथ चार दिवसीय भादी महोत्सव शुरू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरीतिलैया :** अभ्रकनगरी झुमरीतिलैया में बुधवार की शाम श्री राणी सती महोत्सव समिति चार दिवसीय भादी अमावस्या महोत्सव के शुरूआत हुई। इस कार्यक्रम के पहले अड्डी बंगला स्थित दुर्गा मंडप प्रांगण में कलश की पूजा-अर्चना हुई। जिसमें यजमान के रूप में सारिका आनन्द केडिया शामिल हुए जबकि पूजा अर्चना पंडित अनील मिश्राके द्वारा कराईं गई। इसके बाद कमांडिंग असफर 45 झारखण्ड बटालियन कोडरमा कर्नल विजय कुमार, भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता अतुल सिंघल, नगर परिषद प्रसाशक अंकित गुप्ता, सीटी मैनेजर लेमांशु कुमार, श्याम सुन्दर सिंघानिया,के अलावा समाजसेवी ने नारियल फोड़कर एवं हरी झंडी दिखाकर कलशयात्रा को रवाना किया। कलशयात्रा में121 महिलाएं राजस्थानी वेशभूषा में शामिल हुई। इस अवसर पर एक सुसज्जित वाहन में श्री राणीसती दादी जी का विग्रह एवं दूसरे वाहन में भगवान श्री कृष्ण की झांकी था। वहीं सबसे आगे सेक्रेड हर्ट स्कूल के बच्चे मार्चपास्ट करते हुए जा रहे थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कर्नल विजय कुमार ने कहा कि श्री राणी सती दादी जी से प्रार्थना करता हूं कि क्षेत्र तरक्की मार्ग पर अग्रसर हो और सुख-समृद्धि बनी रहे। अतुल सिंघल ने कहा कि जिला में आस्था के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। श्री राणी सती दादी जी सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करें शोभायात्रा में जय दादी जी के नारों से शहर गूंजायमान होता रहा। झुमरी तिलैया के गायक नवीन पांडेया के द्वारा प्रस्तुत भजन पर श्रद्धालु झूमते रहे।

## बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सीमावर्ती जिलों की संयुक्त बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा :** अनुदीप सिंह पुलिस अधीक्षक, कोडरमा के नेतृत्व में बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बिहार राज्य के नवादा जिला के सिमार्वती थाना प्रभारी के साथ पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, कोडरमा के सभागार कक्ष में संयुक्त बैठक आयोजित की गई । बैठक में दोनों राज्यों की सीमावर्ती इलाकों में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने हेतु विधि-व्यवस्था बनाए रखने, सीमा पर सतर्क निगरानी रखने तथा असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करने से सम्बन्धित बिंदुओं पर चर्चा की गई ।इस दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों में संयुक्त नाकाबंदी, नियमित गश्ती, संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान, असामाजिक गतिविधियों पर रोकथाम तथा शराब/नकली नोट/हथियारों की तस्करी पर विशेष निगरानी रखने का निर्णय लिया गया । बैठक में यह भी सुनिश्चित किया गया कि दोनों राज्यों की पुलिस आपसी समन्वय बनाकर चुनाव अवधि के दौरान त्वरित सूचना आदान-प्रदान करेगी, ताकि किसी भी प्रकार की विधि-व्यवस्था सम्बन्धित स्थिति पर शीघ्र नियंत्रण पाया जा सके ।इस बैठक में बिहार राज्य के नवादा जिला के गुलशन कुमार, अनुमण्डल पुलिस पदधिकारी, नवादा, अनिल कुमार सिंह, अनुमण्डल पुलिस पदधिकारी, कोडरमा, रतिभान सिंह, पु0उपा0, पु0नि0 सुजीत कुमार, कोडरमा अंचल,पु0नि0-सह-थाना प्रभारी तिलैया एवं कोडरमा, पु0नि0 अब्दुल गफर, अंचल रजौली, नवादा, पु0नि0-सह-थाना प्रभारी राजेश कुमार, रजौली, नवादा, पु0अ0नि0 मोहन कुमार, थाना प्रभारी सिरदला, एवं कोडरमा जिला के सभी थाना प्रभारी उपस्थित थे ।

## डीपीएस बोकारो में तीन राज्यों के 144 विद्यार्थी किए गए पुरस्कृत




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो में एक बार फिर बच्चों की प्रतिभा एवं मेधाविता को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय में बुधवार को आयोजित उत्कृष्टता सम्मान समारोह के दौरान शैक्षिक उपलब्धियों एवं गणितीय मेधाविता के लिए तीन राज्यों के कुल 144 छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इनमें कक्षा 5 से 6 में आए 87 विद्यार्थियों को सत्र 2024-25 में उत्कृष्ट परिणाम के लिए अचीवर्स बैज व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। वहीं, डीपीएस बोकारो द्वारा विगत 36 वर्षों से आयोजित की जा रही आर्यभट्ट गणित प्रतियोगिता के विद्यालयवार एवं ओवरऑल 57 विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। इनमें झारखंड सहित पश्चिम बंगाल और ओडिशा के प्रतिभागी भी शामिल रहे। विभिन्न प्रांतों की इस प्रतियोगिता में कुल 1800 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। समारोह की मुख्य अतिथि डीपीएस बोकारो विद्यालय प्रबंधन समिति की प्रो-वाइस चेयरमैन एवं बोकारो स्टील प्लांट की अधिशासी निदेशक राजश्री बनर्जी ने विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए उनकी हौसला-अफजाई की। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि सुश्री बनर्जी ने शिक्षा में मानवीय मूल्यों के समावेश पर बल देते हुए उपस्थित विद्यार्थियों को अच्छा इंसान बनने के लिए प्रेरित किया। बच्चों को समाज का भावी स्तंभ बताते हुए उन्होंने कहा कि विद्यार्थी-जीवन से ही कामयाबी और उपलब्धि के पीछे की भागदौड़ में इंसान कहीं न कहीं अपने जीवन के आनंद को पीछे छोड़ देता है। सफलता जरूरी है, पर असफलता से घबराएं नहीं। हर समस्या का समाधान संभव है। जीवन में धैर्य व स्थिरता बनाए रखें और जीवन आनंद जरूर लें। उन्होंने डीपीएस बोकारो द्वारा वर्ष 1988 से लगातार आर्यभट्ट गणित प्रतियोगिता के आयोजन की सराहना करते हुए विद्यार्थियों की गणितीय क्षमता के विकास में मील का पत्थर बताया। आरंभ में सभी का स्वागत करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने पुरस्कार पाने वाले विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं दीं तथा उत्कृष्टता का यह क्रम आगे भी बरकरार रखने की प्रेरणा दी।

## डीएवी कोडरमा में अक्षय ऊर्जा दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** पीवीएसएस डीएवी पब्लिक स्कूल, झुमरी तिलैया में 20 अगस्त को भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी जी की जयंती के अवसर पर अक्षय ऊर्जा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भाषण, कविता, प्रश्नोत्तरी एवं नृत्य के माध्यम से अक्षय ऊर्जा के महत्व और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कक्षा 8 की ईशू और कक्षा 6 की अनाराध्या कश्यप ने क्रमशः अंग्रेजी और हिंदी में वक्तव्य प्रस्तुत किया, वहीं साक्षी कुमारी ने प्रश्नोत्तरी द्वारा बच्चों को नई जानकारियाँ दीं। आरोही एवं आरवी ने कविता-पाठ किया और स्नेहा व नंदिनी ने नृत्य प्रस्तुत कर सभी को प्रभावित किया। अपने संबोधन में प्राचार्य श्री कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि सौर, पवन, जलविद्युत और बायोगैस जैसे ऊर्जा स्रोत न केवल भविष्य की आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं, बल्कि पर्यावरण को भी सुरक्षित रखते हैं। उन्होंने छात्रों से ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन अनुष्का ने किया। इसे सफल बनाने में शिक्षिकाओं विदिशा कुमारी, वीणा कुमारी तथा शिक्षकों अभिषेक पांडेय व प्रिंस कुमार का योगदान रहा।

# भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 81वीं जयंती मनाई गई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** आधुनिक भारत के निमार्ता भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी के 81 वाँ जयंती के रूप कोडरमा जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में मनाई गई,सर्वप्रथम कांग्रेस जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान एवं नेता व कार्यकर्ता ने उनके तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कोडरमा कांग्रेस जिलाध्यक्ष भागीरथ पासवान ने कहा की भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गी राजीव गांधी जी की जन्म आज के दिन 20 अगस्त 1944 को मुंबई में हुआ था,40 वर्ष की उम्र में प्रधानमंत्री बनने वाले राजीव गांधी भारत के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री बने थे और संभवत दुनिया के उन युवा राजनेताओं में एक हैं, जिन्होंने सरकार नेतृत्व किया उनकी मां इंदिरा गांधी 1996 में जब पहली बार प्रधानमंत्री बनी थी तब वह उनसे उम्र में 8 साल बडी थी उनके महान नानाजी पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 58 वर्ष के थे जब उन्होंने स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में 17 साल की लंबी पारी शुरू की थी देश में पीढ़ीगत बदलाव के अग्रदूत राजीव गांधीको देश के इतिहास में सबसे बड़ा जनादेश प्राप्त हुआ था अपनी मां की हत्या के शौक से उभरने के बाद उन्होंने लोकसभा के लिए चुनाव कराने का आदेश दिया उसे चुनाव में कांग्रेस को पिछले 7 सालों की तुलना में लोकप्रिय वोट अधिक अनुपात में मिले और कांग्रेस पार्टी ने 508 में से रिकॉर्ड 401 सीट से हासिल की स्वभाव से गंभीर आधुनिक सोच एवं निर्णय लेने की अद्भूत क्षमता वाले श्री गांधी देश को दुनिया की उच्च तकनीक से पूर्ण करना चाहते थे और जैसा कि वह बार-बार कहते थे कि भारत की एकता को बनाए रखने के उद्देश्य के अलावा उनके अन्य प्रमुख उद्देश्यों में से एक है- इक्कीसवी सदी के भारत का निर्माण किया गया है। वही संयुक्त रूप से जिला उपाध्यक्ष संजय सेठ, जिला महासचिव आशीष पांडे, वरीय कांग्रेस नेता रामलखन पासवान, जिला प्रवक्ता संजय शर्मा, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष फैयाज अब्बू केशर, जमाल खान, युवा नेता अनिल यादव, चंद्रभूषण साहू नागेश्वर राम, ने कहा की स्व० राजीव गांधी एक का सपना था एक प्रगतिशील आत्मनिर्भर एवं एकजुट भारत बने आज भी उनकी दूर दृष्टि भारत मां के प्रति समर्पण सबके लिए प्रेरणा था। मुख्य रूप से चांद आलम, कुंदन साहू, मोहम्मद गुलजार, गुड्डू कुमार, लालमोहन साहू, मनोज कुमार, राजेश मोदी,वीरेंद्र राणा, सुभान अली, उपेंद्र सिंह,अनिल दास, संजय दास, उमाशंकर दास, दिलीप कुमार, देव लखन यादव, विपिन यादव, मोहम्मद सलीम खान, मोहम्मद इमरान, इत्यादि सैकड़ो कांग्रेस जन रहे मौजूद थे ।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क दुर्घटनाओं को लेकर विधायक ने डीसी को लिखा पत्र

**कोडरमा:** जिले में लगातार हो रहे सड़क हादसों पर संज्ञान लेते हुए विधायक डॉ नीरा यादव ने उपायुक्त को पत्र लिखकर कार्यवायी करने को कहा है। बुधवार को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है कि जेजे कॉलेज, कोडरमा से लेकर मेघातरी तक एनएच 20 की स्थिति खराब होने के कारण कोडरमा घाटी और अन्य जगहों पर लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं। इसमें काफी संख्या में लोग घायल होते हैं तो वहीं लोगों की असामयिक मौत हो रही है। यह अत्यंत दुखद है कि मुख्य सड़क एनएच 20 पर बने गड्ढे के कारण लखीबागी में बीती रात स्कूटी के अनियंत्रित होकर गिरने से विद्यापुरी निवासी एक महिला श्रीमती मीना देवी की मौत हो गयी। जबकि पहले भी सड़क की खराब स्थिति को लेकर लिखित तथा मौखिक तौर पर इसे सुधारने को कहा गया था, पर कोई परिणाम नहीं दिखा। सड़क हादसों के कारण पूरा परिवार तो प्रभावित होता ही है, कई बार विधि व्यवस्था की भी समस्या उत्पन्न होती है। विधायक ने मामले को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए एनएच समेत जिले के सभी खराब सड़कों की स्थिति सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक एवं त्वरित कार्यवायी करने को कहा है ताकि सड़क हादसों पर नियंत्रण हो सके।

### कामधेनु टीएमटी मीट का आयोजन तिरुपति बालाजी इंटरप्राइजेज में



**जयनगर :** प्रखंड के मोदी मोहल्ला में तिरुपति बालाजी इंटरप्राइजेज जयनगर के द्वारा कामधेनु टीएमटी मीट का आयोजन किया गया। इस मौके पर कामधेनु टीएमटी कंपनी से सेल्स अफसर सुमित कुमार तिवारी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि कामधेनू टीएमटी एक नेशनल ब्रांड है, पूरे भारत में कामधेनू टीएमटी टॉप 10 में आता है। श्री तिवारी ने बताया कि कामधेनु टीएमटी गुणवत्तापूर्ण सरिया है इसे लगाने से आपके घर मजबूत होंगे। वहीं उपस्थित मिस्त्री लोगों को उपहार भेंट किया। मौके पर तिरुपति बालाजी इंटरप्राइजेज जयनगर के प्रोपराइटर सुदर्शन प्रसाद, सेल्स मैनेजर पंकज कुमार, प्रियरंजन, बसंत पासवान, शिबू पंडित, भवानी ठाकुर, लखन साव, नईम अंसारी, रामजी यादव, मंसूर, असगर खान, बलदेव यादव, अर्जुन दास, इसाक अंसारी, बिनोद सिंह, शहजाद अंसारी, रहमान अंसारी, सुनील दास, गोलु सिंह मौजूद थे।

### राज्य बैडमिंटन चैम्पियनशिप में हिस्सा लेगी बोकारो की टीम



**बोकारो:** झारखंड राज्य बैडमिनटन चैम्पियनशिप का आयोजन 22 अगस्त से लेकर 24 अगस्त तक किया जाएगा। इसको लेकर बोकारो जिला बैडमिन्टन टीम की घोषणा कर दी गई। यह जानकारी देते हुए बोकारो जिला बैडमिन्टन एसोसिएशन के सचिव डा. आर ए खान ने बताया कि इस राज्यस्तरीय बैडमिन्टन चैम्पियनशिप में बोकारो जिला के चयनित खिलाड़ी भी शामिल होंगे। बोकारो जिला के चयनित बैडमिन्टन खिलाड़ी में सेनासिस पात्रा, अर्जित बनर्जी, चंदन कुमार व अंजलि सिंह शामिल किए गए हैं। बोकारो जिला बैडमिन्टन टीम के राष्ट्रीय कोच अभिमन्यू कुमार होंगे। उन्होंने बताया चयनित बोकारो जिला के बैडमिन्टन खिलाड़ी राज्य बैडमिन्टन चैम्पियनशिप में हिससा लेने को लेकर गुरूवार को हजारीबाग के लिए रवाना होगी। जिसमें चयनित खिलाऊी अंडर 15 बालक व बालिका, अंडर 19 बालक बालिका व पुरूष वर्ग प्रतियोगिता में हिससा लेंगे।

### बोकारो स्टील प्रबंधन पर आश्रितों को बरगलाने और ठगने का आरोप




**बोकारो :** मृत कर्मचारी आश्रित संघ की साप्ताहिक बैठक आज टू-टैक गार्डन में हुई । अध्यक्षता सनी देओल, संचालन सकील अहमद ने की संघ के अध्यक्ष आश्रितों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज संघ का प्रस्तावित प्रदर्शन होना था परंतु बीते 19 अगस्त को (सेल) बोकारो स्टील प्लांट कार्मिक/प्रशासन विभाग द्वारा आश्रित संघ के प्रतिनिधि मंडल के साथ वार्ता कि गई । प्रबन्धन के द्वारा संध के चार सुत्री मांग के प्रती संवेदनशील है और कारवाई चल रही है आगामी बैठक 26 अगस्त प्रस्तावित किया गया है। आश्रित संध के प्रतिनिधियों ने कहा वार्ता तो बीते वर्षों से चल रही है मगर बोकारो स्टील प्लांट के वरिष्ठ अधिकारियों ने अपने ही बनाए नियमों को ताक पर रखकर सेवाकाल रहते अपने मृत कर्मचारी के साथ ही उनके आश्रित के परिवारों को नियोजन से रोक कर बीते कई वर्षों से अन्याय कर नौकरी के नाम पर डि-ऐ बेसिक हड़प कर नियोजन से वंचित कर आश्रितों के उम्र सीमा के साथ मजाक कर रही है जबकि प्रबन्धन के नियमानुसार सभी आश्रित को (1961)अप्रेंटिसशिप एक्ट के तहत प्रशिक्षण प्राप्त किए वर्षों बित चुके हैं मगर बोकारो स्टील प्रबंधन सभी कुशल प्रशिक्षु को प्रशासनिक भवन के आधीकारीयो के द्वारा साजिश कर संध के प्रस्तावीत आंदोलन के पहले वार्ता पर वार्ता कर आश्रितों को बरगलाने और ठगने काम कर रही है (सिजीएम ,एच- आर) और आश्रित संघ के साथ प्रस्तावित वार्ता 26 अगस्त को होगी अगर आश्रितों को रोजगार से सम्बन्धीत चार सुत्री मांग पर लिखीत भरोसा नहीं मिलता तो पुरा आश्रित परिवारों के साथ पास-सेक्शन के गेट पर अनिश्चितकालीन धरना देने के लिए सेल बोकारो स्टील प्रबंधन विवश करेगी किसी भी प्रकार से आश्रितों के साथ जान-माल की क्षती होती है तो पुर्ण रुप से (सेल) बोकारो स्टील प्रबंधन की होगी मुख्य रूप से -: शम्भू कुमार, महावीर मांझी, श्रीकांत ओझा, शम्शूल अंसारी, आशा कुमारी, मेमून निशा, मन्ना कुमारी, बासमती कुमारी,मिना इत्यादि सैकड़ों आश्रित मौजूद थे।

## एक नजर

### दाखिल खारिज शुद्धि पत्र हेतु तीन दिवसीय शिविर का आयोजन

**मरकच्चो :** मरकच्चो प्रखंड कार्यालय स्थित अंचल सभागार में मंगलवार को आम लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुवे दाखिल खारिज शुद्धि पत्र निर्गत करने के लिए तीन दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दूसरे दिन बुधवार को राजस्व विभाग के अधिकारी व कर्मियों के द्वारा जमीन सम्बन्धी लंबित मामलों तथा दाखिल खारिज शुद्धि पत्र किया जा रहा है। अंचलाधिकारी मरकच्चो परमेश्वर कुशवाहा ने ग्रामीणों से अपील की है कि ग्रामीण आवश्यक कागजातों के साथ शिविर में पहुंचे ताकिस्मय पर उनका कार्य निपटाया जा सके।

# अवध्या क्लासेस, झुमरी तिलैया में 'राष्ट्रीय वैज्ञानिक चेतना दिवस' का सफल हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया/कोडरमा :** ज्ञान विज्ञान समिति, कोडरमा एवं ऑल इंडिया पब्लिक साइंस नेटवर्क के संयुक्त तत्वावधान में आज अवध्या क्लासेस, झुमरी तिलैया में वैज्ञानिक चेतना दिवस बड़े ही उत्साह और गंभीरता के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में सिविल सेवा की तैयारी कर रहे दर्जनों छात्र-छात्राएँ शामिल हुए और उन्होंने वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तर्कपूर्ण विचार तथा सामाजिक उत्तरदायित्व के महत्व को समझने का अवसर पाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शिक्षाविद एवं ज्ञान विज्ञान समिति, कोडरमा के अध्यक्ष ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि आज के दौर में वैज्ञानिक सोच और तर्कशीलता केवल शिक्षा तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि यह हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनना चाहिए। उन्होंने कहा –हम अपने देश को तभी महान बना सकते हैं जब हम समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और तार्किक सोच को स्थापित करें। अंधविश्वास और रूढ़ियों से मुक्त होकर विवेकपूर्ण जीवन जीना ही




सच्ची प्रगति की राह है। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि समाज के भविष्य निमार्ता युवा पीढ़ी ही है, और यदि आज के युवा वैज्ञानिक चेतना से परिपूर्ण होकर समाज में उतरेंगे, तो न केवल उनके करियर में निखार आएगा बल्कि पूरे समाज और देश की दिशा भी सकारात्मक रूप से बदलेगी। श्री अवध्या ने बताया कि अंधविशास को मानने वाले लोगों के द्वारा आज ही के दिन 2013 में डॉ. दाभोलकर की हत्या कर दी गई। उन्होंने अपना जीवन अंधविश्वास, तंत्र-मंत्र और अवैज्ञानिक मान्यताओं के खिलाफ संघर्ष में लगा दिया। उन्होंने लोगों को समझाया कि जीवन को तर्क और विज्ञान के आधार पर ही जिया जाना चाहिए। उनके विचार और कार्य हमें यह सिखाते हैं कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए हमें वैज्ञानिक सोच, सहिष्णुता और तार्किक दृष्टिकोण अपनाना अनिवार्य है।

## संक्षिप्त खबरें

### फेसबुक पर अश्लील गाली और जान से मारने की धमकी, युवक ने थाना में दर्ज कराई शिकायत

**सरिया :** सरिया थाना क्षेत्र के रॉय तलाब रोड निवासी राहुल मंडल, पिता अशोक मंडल, ने सरिया थाना में एक आवेदन देकर फेसबुक के माध्यम से मिली अश्लील गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी की शिकायत दर्ज की है। आवेदन के अनुसार, मंगलवार रात करीब 10 बजे राहुल की फेसबुक आईडी ह्यराहुल राज मंडलह्न के मैसेंजर पर कुमार विनोद नामक आईडी से धमकी भरा संदेश आया। संदेह है कि यह आईडी फर्जी है और अब बंद कर दी गई है। राहुल ने बताया कि उक्त आईडी ने उनकी फेसबुक स्टोरी में उन्हें, भोला लाल मंडल और प्रमोद मंडल को टैग करते हुए धमकी दी, जिसमें लिखा था, लाल सलाम का बाप भी कुछ नहीं कर पाएगा। केसवारी में चौक वहीं बनेगा, जहां बन रहा है। राहुल का कहना है कि यह धमकी स्पष्ट रूप से एक राजनीतिक षड्यंत्र का हिस्सा है, जिसमें उनकी और उनके साथियों की हत्या तक कराई जा सकती है। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया कि उक्त संदेश पर ह्यराणा चंदन जी नामक फेसबुक यूजर ने लाइक किया, जिसके आधार पर जांच कर वास्तविक आरोपी तक पहुंचा जा सकता है। राहुल ने दावा किया कि इस पूरे मामले का मुख्य कारण केसवारी अंबेडकर चौक पर भाजपा द्वारा कथित तौर पर जबरन अतिक्रमण कर बीच सड़क पर गोलंबर चौक बनाने का प्रयास है, जिससे राहगीरों को गंभीर परेशानी हो रही है और आम जनता की सुरक्षा खतरे में है। राहुल ने इस मामले में FIR दर्ज करने की अपील की है और इसकी प्रतिलिपि बगोदर-सरिया के SDPO और गिरिडीह के आरक्षी अधीक्षक को भी भेजी गई है। पुलिस से इस मामले की गहन जांच और उचित कार्रवाई की मांग की गई है।

### ऐतिहासिक समझौता का यह दिन हमेशा HEC प्रबंधन एवं 50 दिनों से आंदोलनरत मजदूरों को स्मरण रहेगा



**अनगड़ा :** खिजरी विधायक राजेश कच्छप के नेतृत्व में HEC प्रबंधन समिति के निदेशक मनोज लकड़ा, निदेशक (उत्पादन) बीएस गर्ग, वरीय उप महाप्रबंधक सह प्रभारी HMBP & FFP अरविंद सिंहा , वरीय उपमहा प्रबंधक प्रभारी (कार्मिक एवं प्रशासनिक) लॉरेंस भेंगरा, मुख्य नगर प्रशासक विमल कुमार, वरीय प्रबंधक राघवेंद्र प्रियदर्शी, औद्योगिक संपर्क विभाग नरेंद्र कुमार, विधायक प्रतिनिधि परमेश्वर सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रभारी अरुण कुमार, समाजसेवी पंकज कुमार, मजदूर नेता रनत्थू लोहारा, आजाद, मोइन, अताउल्लाह ,वाई त्रिपाठी, प्रमोद कुमार सिंह, विजय साहू, शारदा देवी, राजेश शर्मा की उपस्थिति में प्रबंधन द्वारा सभी मांगों पर विशेष चर्चा हुई एवं लोकप्रिय विधायक के दबाव में प्रबंधन द्वारा सभी मांगों को प्रबंधन द्वारा मान लिया गया लिया एवं ल्एउ मुख्यालय गेट पर निदेशक कार्मिक विधायक राजेश कच्छप संग आकर सभी हड़ताली मजदूरों को अपनी संवेदनशीलता प्रकट कर कल से सभी मजदूर को काम पर आने के लिए कहा और सभी ने उनका अभिवादन स्वीकार किया।

### सरिया के अनिल कुमार को दुबई में "ट्रेंडसेटर ऑफ द ईयर" अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा



**सरिया :** गिरिडीह जिले के सरिया प्रखंड के केशवारी गांव निवासी अनिल कुमार को टेक्नोलॉजी और मार्केटिंग के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए इस साल दुबई में "ट्रेंडसेटर ऑफ द ईयर" अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। यह प्रतिष्ठित सम्मान दुबई में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया जाएगा। अनिल ने अपनी मेहनत, नवीन सोच और रचनात्मक दृष्टिकोण से कम समय में अ.क., ब्रॉडकास्ट मीडिया और OTT के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। अनिल ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव के ज्ञान भारती विद्यालय से पूरी की, जहां उन्हें शिक्षक लक्ष्मी नारायण पांडेय का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इसके बाद जवाहर नवोदय विद्यालय, गिरिडीह से पढ़ाई की और बी.आई.टी. सिंदरी से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिग्री हासिल की। उन्होंने आई.आई.एम. लखनऊ से एम.बी.ए. भी पूरा किया। वर्तमान में वह एक निजी कंपनी में डायरेक्टर के पद पर कार्यरत हैं। अवॉर्ड की घोषणा पर अनिल ने कहा, श्यह पुरस्कार मेरे लिए बेहद खास है। यह मेरे परिवार और मार्गदर्शकों की प्रेरणा और सहयोग का नतीजा है। मैं यह सम्मान अपने परिवार को समर्पित करता हूं। हाल ही में अनिल ने मुंबई के ताज होटल में एक अंतरराष्ट्रीय टेक्नोलॉजी इवेंट और सिंगापुर में मीडिया इंडस्ट्री से संबंधित इवेंट में गेस्ट स्पीकर के रूप में हिस्सा लिया था। इस उपलब्धि पर गिरिडीह जिला गर्व महसूस कर रहा है, और सोशल मीडिया पर बधाई संदेशों की बाढ़ आ गई है।

### टाटीसिलवे एक्यूप्रेसर परिषद शाखा में नागरिक अभिनंदन समारोह का हुआ आयोजन



**अनगड़ा :** एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा टाटीसिलवे रांची द्वारा नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय निर्देशक डॉ मधुसूदन पांडे के द्वारा किया गया इसके मुख्य अतिथि विधानसभा के भूतपूर्व सचिन और नन्याधीस डॉ महेंद्र प्रसादथे। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार सुरेंद्र ठाकुरद्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्देश झारखंड के 10 विभूति यों को भारत श्री वॉर्ड अंतरराष्ट्रीय मंच पर विभिन्न क्षेत्रों मे मिला जिसके उपलक्ष में या कार्यक्रम किया गया भारती श्री अवार्ड ने वालों में ना क्षेत्र मे डॉक्टर महेंद्र प्रसाद को नेचुरल से उसको भावा देने के लिए डॉक्टर मधुसूदन पांडे को एक्यूप्रेशर क्षेत्र में डॉ सरोज कुमार मिश्रा को समाज सेवक टी टी बरनवाल को महिला शक्ति करण पुनम बरनाल को एवं डॉक्टर प्रभावती गो योगा के क्षेत्र में अनुज कुमार सिंह एवं डॉक्टर शिवकुमार वर्मन को नैचुरोपैथ मैं डॉक्टर दिनेश सिंह को एवं बलराम महतो एक्यूप्रेशर रत्न पूजा कुमारी ललिता कुमारी डॉ महेश प्रजापति एक्यूप्रेशर शिरोमणि डॉक्टरलखी नारायण मुंडारा पसंद महक को एवं डि ए टी संदीप कुमार नेहरा को दिया गया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अखिल पाठक राकेश सिंह राम बालक सिंह और पोरपेसर लखन कुमार मिश्रा डॉ नरेश महतो डॉटर महेश प्रजापति संसद प्रतिनिधि राजेश मिश्रा विजय लिंडा पुनीत कुमार पुनीत गोयल प्रेस रिपोर्टर सतीश ठाकुर और अर्जुन प्रमाणित सुदेश कुमार महतो का बहुत बड़ा योगदान रहा इस अवसर प्रदेश अध्यक्ष ये भाषण में डाक मधुसूदन पांडे ने बताया कि वो दिन दूर नहीं जब प्रत्येक घर में एक एक एक्यूप्रेशरचिकित्सक होंगे अंग्रेजी दवाओं का दुष्परिणामों जाहिर है इस सेमुकाबला सिर्फ एक्यूप्रेशर कर सकता है।

### उपायुक्त ने जयनगर थाना को जांच कर कठोर कार्रवाई करने का दिया निर्देश

**कोडरमा :** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को उपायुक्त से मिलकर सूचना का अधिकार अधिनियम का गलत इस्तेमाल कर आंगनबाड़ी सेविकाओं को डरा धमकाकर पैस मांगने वाले पर कार्रवाई की मांग को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन दिया। इस संबंध में सीपीएम के जिला सचिव असीम सरकार ने कहा कि पड़ोसी जिला गिरीडीह और हजारीबाग के कुछेक व्यक्तियों के द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान चलाने के नाम पर कोडरमा जिला के आंगनबाड़ी सेविकाओं, जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों, सहियाओं से पैसे ऐंठने का काम किया जा रहा है। गरीब और कमजोर तबका इनके शिकार हो जा रहें हैं। ताजा उदाहरण जमुआ प्रखंड के मिजार्पुर पंचायत के परगोडीह गांव के तथाकथित आरटीआई कार्यकर्ता प्रवीण कुमार के द्वारा बाल विकास परियोजना पदाधिकारी जयनगर से कटिया पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्रों से सम्बन्धित सूचना की मांग दिनांक 11.08.25 को की गई है।

## अनगडा में अंजुमन इस्लाहे मुआसरा कमेटी के नवनिर्वाचित सदस्यों को दिया गया प्रमाण पत्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा : अनगडा** प्रखंड अंतर्गत महेशपुर में अंजुमन एस्लाहे मुआसरा कमिटी के पूर्व अध्यक्ष जनाब अनवर खान की अध्यक्षता में बैठक रखा गया संचालन अब्दुल इमाम अंसारी ने किया बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में चौरासी पंचायत के सदर मोजीबुल अंसारी और विशिष्ट अतिथि जनाब रातू अंजुमन के सदर अताउल्लाह अंसारी सेक्रेट्री अनिसुल अंसारी शामिल हुए` प्रखंड के सभी अंजुमन कमिटी के सदर व सेक्रेट्री बैठक सामिल हुए और सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को पगड़ी व बुके देकर सम्मानित किया गयो मौके पर इसलाह ए मसरा कमिटी के सदर परवेज खान सेक्रेट्री साकीर अंसारी जमील अख्तर सिकेंदर अंसारी समसाद अंसारी रजाक अंसारी फारूख खान आलम अंसारी सरफराज अंसारी इमरान अंसारी




एजाज नाएप सदर युनूस अंसारी सभी लोगो को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में अतिथियों ने अपने सम्बन्ध में कहा कि बहुत खुशी की बात है इस कमिटी के बनने से गांव समाज में जो छोटे मोटे काम को लेकर थाना पुलिस का चक्कर लगाना पड़ता था अब लोगो को कमिटी के लोगो से मिलकर अपनी बात को रख सकते हैं। कमिटी के द्वारा पहल कर समाधान किया जाएगा इस तरह समाज में काम होने से समाज को एक नई दिशा मिलेगी साथ ही साथ शिक्षा पर समाज को जागरूक किया जाएगा और नशा मुक्त समाज का भी संकल्प लोगो ने लिया । मौके पर मुख्य संरक्षक संरक्षक मौलाना असजद मदनी अनवर खान सरूफ खान जाकिर खान मुमताज खान रब्बानी अंसारी नसीम अहमद सिद्दीकी अंसारी युनूस अंसारी मुख्य सलाहकार सिद्दीक मीडिया प्रभारी मिन्हाज आलम तबरेज खान समिम अंसारी सफीक अंसारी आलम अंसारी सोहराब अंसारी आदि शामिल थे।

## बिरहोर टोला में दिशोम गुरु शिबू सोरेन का संस्कार श्राद्ध कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** समाज सुधारक से सांसद, विधायक, मुख्यमंत्री तक का सफर तय करने वाले झारखंड में आदिवासियों के सबसे बड़े नायक दिशोम गुरु शिबू सोरेन भले ही अब इस दुनिया में नहीं रहे, लेकिन दिवंगत गुरु जी के निधन के कई हफ्ते गुजर जाने के पश्चात भी श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित करने का कार्यक्रम पूरे झारखंड में आज भी निरंतर जारी है। इसी आलोक में बुधवार को विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन ने श्राद्ध कार्यक्रम आयोजित कर गुरु जी को श्रद्धांजलि दी है। कार्यक्रम का आयोजन बरही प्रखंड के खोड़ाआहार पंचायत अंतर्गत केवाल गांव में बसे आदिम जनजाति परिवार बिरहोर टोला में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर किया गया ।तत्पश्चात




फाउंडेशन के उपस्थित सदस्यों एवं आदिम जनजाति बिरहोर परिवार के महिला पुरुष बच्चों ने गुरु जी के चित्र पर बारी-बारी से पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मौके पर फाउंडेशन के वरिष्ठ साथी विभूतिभूषण प्रताप सिंह भारद्वाज ने कहा की शिबू सोरेन अपने पूरे जीवन को झारखंड और यहां के लोगों के लिए समर्पित कर दिया

संस्कार श्राद्ध कर्म में मुख्य रूप से फेडरेशन अध्यक्ष मंजीत यादव विभूति भूषण प्रताप सिंह भारद्वाज, यमुना यादव मनोहर यादव, आकाश भारती, मनीष कुमार, रविंद्र सिंह, नरेश सिंह इत्यादि के साथ आदिम जनजाति बिरहोर परिवार के सैकड़ो महिला पुरुष बच्चे शामिल रहे। मौके पर ब्रह्मभोज का भी आयोजन किया गया।

# जनता जरीडीह ने शानदार फुटबॉल खेल कर क्रांति क्लब गैड़ा को 3-2 से किया पराजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मरकच्चो :** मरकच्चो थाना अंतर्गत विचारिया नई टांड़ मैदान में चल रहे फुटबॉल चैंपियनशिप टूनार्मेंट के रोमांचक मुकाबले में जनता जरीडीह गिरिडीह की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए क्रांति क्लब गैडा कोडरमा को 3 - 2 से पराजित कर दिया। खेल की शुरूआत से ही जनता जरीडीह की टीम ने आक्रमक अंदाज में उतरी। पहले ही हाफ में जनता जरीडीह गिरिडीह की टीम एक गोल कर बढ़त बना ली। वहीं कोडरमा गैडा की टीम ने जवाबी हमला कर पहले हाफ में ही एक गोल कर टीम को बराबरी पर ला दिया।दूसरे हाफ में भी जनता जरीडीह की टीम के खिलाड़ियों ने दमखम दिखाते हुए दो गोल कर जीत सुनिश्चित कर ली। कोडरमा



गैडा की टीम ने कई बार वापसी करने की कोशिश की लेकिन जनता जरीडीह की डिफेंस के सामने उनकी एक न चली। दूसरे हाफ में कोडरमा गैडा की टीम ने एक ही गोल कर पायी। इस तरह जनता जरीडीह की टीम ने मैच को 3- 2 से जीत दूसरे चक्र में प्रवेश कर लिया। पूरे खेल में दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया और मैदान तालिया से गूंजता रहा। इस जीत के साथ जनता जरीडीह गिरिडीह की टीम अगले दौर में प्रवेश कर गई है। टूनार्मेंट में स्थानीय दर्शकों के साथ-साथ आसपास के गांवों से भी भारी संख्या में खेल प्रेमी जुटे। खेल में निर्णायक की भूमिका दिनेश पासवान,सुनील पासवान व प्रवीण कुमार ने निभाई। वहीं खेल का आंखों देखा हाल शिक्षक हरिहर सिंह व यमुना यादव व ने सुनाया। 24 अगस्त को एफ एल सी क्लब बरकट्ठा हजारीबाग बनाम बिरसा नगर क्लब कोडरमा के बीच खेला जाएगा। मैच को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष संजय सिंह सचिन रोहित सिंह कोषाध्यक्ष प्रदीप राम, बिजय यादव, व्यवस्थापक सोनु कुमार,मनीन्द्र राम,एम चंद्रा, राजकुमार यादव, विजय यादव, सुनील यादव, रामप्रसाद साव, कृष्णदेव यादव, नारायण दास, सरयु साव, मुखिया टीपन पांसी, दीपक कुमार, डॉ बैजनाथ, रामकृपाल सिंह, निजामुद्दीन अन्सारी, विनय राम, रामचन्द्र दास, तुपलाल पंडित समेत न्यू स्पोर्टिंग क्लब के सभी सदस्य लगे हुवे थे।

झारखण्ड सरकार
जिला खेल पदाधिकारी का कार्यालय, सिमडेगा।
(जिला पर्यटन,कला–संस्कृति,खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)
Email id- sportofficesimdega@gmail.com

Very short Expression of Intereset(अति अल्पकालिन इच्छा की अभिव्यक्ति)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला क्रीड़ा पदाधिकारी, सिमडेगा के लिए एक वाहन महिन्द्रा बोलेरो/बोलेरो नियो (AC) किराये पर चालक एवं ईधन सहित रखने का निदेश प्राप्त है। तद्नुसार वाहन उपलब्ध कराने हेतु इच्छुक फर्म/प्रतिष्ठान से निम्नांकित शर्तों के अधीन प्रस्ताव आमंत्रित की जाती है।

संबंधित फर्म/प्रतिष्ठान अपना निविदा तकनीकि बीड (A) एवं वित्तीय बीड (B) 02 (दो) अलग–अलग लिफाफा में मुहर बंद कर तीसरे लिफाफा (C) में बंद कर निविदा दिनांक–---28./08/2025 को अपराह्न 03:00 बजे तक जिला खेल कार्यालय, स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, बाजारटांड़, सिमडेगा में जमा किया जा सकता है। उक्त EOI को दिनांक 28./08/2025 समय 04:00 बजे अपराह्न में गठित निविदा समिति के समक्ष ------------------------- खोला जायेगा। उक्त से संबंधित विस्तृत जानकारी सिमडेगा जिले के वेबसाईट WWW.simdega.nic.in पर एवं जिला खेल कार्यालय, सिमडेगा के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला खेल पदाधिकारी,
सिमडेगा।


PR 359899 Simdega(25-26)D

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।

–: आवश्यक सूचना :–

लातेहार जिला अंतर्गत **लातेहार महिला थाना काण्ड संख्या 11/2024, दिनांक 01.08.2025, धारा 498(ए)/506/ 323/34 भा0द0वि0 एवं 3/4 दहेज प्रथा प्रतिशेध अधिनियम** के अभियुक्त विकेश ठाकुर पे0 धनेश्वर ठाकुर, सा0 बड़गाई, थाना भंडरा, जिला लोहरदगा के विरूध माननीय मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी व्यवहार न्यायालय लातेहार के आदेशानुसार निर्गत इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 30.08.25 तक माननीय न्यायालय में आत्म समर्पण करे अन्यथा आपके विरूद्व अग्रीम कार्रवाई की जाएगी।

| क्रम | अभियुक्त का नाम एवं पता |
|---|---|
| 1. | विकेश ठाकुर पिता धनेश्वर ठाकुर, पता बडगाई, थाना भंडरा, जिला लोहरदगा। |


Court of CJM, Latehar
Schedule XLIII - High Court (M) 31C, [Old Criminal Process No. 4]
PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED
[Form No. 4 Schedule II Act 2 1974.]
(Section 82 of the Code of Criminal Procedure)
एक मफरूर शख्स को हाजिर करने का इश्तिहार।

PR 359982 (Police) 25-26 (D)

पुलिस अधीक्षक,
लातेहार।

● POLICE HELPLINE (EMERGENCY DIAL)-112 ● CHILD HELPLINE-1098 ● WOMEN HELPLINE-1091
● DOMESTIC ABUSE HELPLINE-181 ● CYBER CRIME HELPLINE-1930 ● AMBULANCE SERVICE-108

## राधाकृष्णन की उम्मीदवारी से कई हित सधेंगे

भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राजग ने चंद्रपुरम पोन्नुस्वामी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित करके एक तीर से अनेक निशाने साधे हैं। भाजपा ने बहुत सोच-समझकर उन्हें इस प्रतिष्ठित पद का उम्मीदवार बनाया है। वे तमिल हैं, पिछडे. भी हैं, संघ से जुड़े हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पुराने करीबी एवं साफ-सुथरी छवि वाले राजनायक हैं। भाजपा ने जब उन्हें उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किया, तो यह केवल राजनीतिक गणित का परिणाम नहीं था, बल्कि एक ऐसे व्यक्तित्व को राष्ट्रीय मंच पर स्थापित करने का निर्णय था, जो सादगी, ईमानदारी और सेवा की पहचान रखते हैं। उनका चयन भारतीय लोकतंत्र की व्यापकता और समावेशिता का जीवंत प्रतीक है। अब तक भारतीय राजनीति में दक्षिण भारत, विशेषकर तमिलनाडु में भाजपा की जड़ें अपेक्षाकृत कमजोर और सबसे बड़ी चुनौती रहा है। उत्तर और पश्चिम भारत में लगातार सफलता के बाद पार्टी चाहती है कि दक्षिण के राज्य भी उसके प्रभाव में आएं। राधाकृष्णन तमिलनाडु से आते हैं और वहां भाजपा के शीर्ष चेहरों में गिने जाते हैं। उनका उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बनना भाजपा की यह घोषणा है कि वह दक्षिण भारत को अब हाशिए पर नहीं, बल्कि सत्ता की मुख्यधारा में लाना चाहती है। राधाकृष्णन तमिलनाडु में भाजपा के मजबूत संगठनकर्ता के रूप में पहचाने जाते हैं। सीपी राधाकृष्णन उत्तर भारत के भाजपा के राजनीतिक गलियारे में राधाजी के नाम से जाने जाते हैं। तमिलनाडु की कोयंबटूर लोकसभा सीट से 1998 और 1999 के आम चुनावों में भाजपा के टिकट पर सांसद चुने गए सीपी राधाकृष्णन ने स्कूली जीवन से ही आरएसएस का दामन थाम लिया था। हालांकि एक दौर में वे तमिल राजनीति में अन्नाद्रमुक के करीब माने जाते थे। उनके तमाम राजनीतिक दलों के नेताओं से मधुर संबंध हैं। उपराष्ट्रपति चुनाव में डीएमके भी उनकी उम्मीदवारी का विरोध करना कठिन हो सकता है। उपराष्ट्रपति पद पर उनका चयन ओबीसी समाज को सम्मान और सशक्तिकरण का नया संदेश देगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने लगातार इस वर्ग को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य किया है। राधाकृष्णन ओबीसी समाज से आते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की नीति को बल दिया है। राधाकृष्णन का चयन इसी दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। इससे भाजपा को देशभर में ओबीसी समाज का और अधिक समर्थन मिल सकता है। इससे भाजपा की सामाजिक आधारशिला और मजबूत होगी। भाजपा अपने निर्णयों से हमेशा करिश्मा घटित करती रही है, अपने चतुराई का परिचय देती रही है, सी.पी. राधाकृष्णन का चयन भाजपा की इसी रणनीतिक चतुराई का ही बड़ा उदाहरण है। इससे पार्टी ने एक तीर से अनेक निशाने साधे हैं, दक्षिण भारत में पैठ बनाना, ओबीसी समाज को साधना, विपक्ष को असहज करना और साफ-सुथरी राजनीति का संदेश देना। यह तय है कि उपराष्ट्रपति के रूप में वे न केवल भाजपा बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए सफल नायक सिद्ध होंगे।

यह एक संयोग की कहा जायेगा कि देश के शीर्ष दो पदों पर विराजमान हस्तियों का नाता झारखंड से रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु देश के सर्वोच्च पद पर चुने जाने से पहले झारखंड की राज्यपाल रहीं और देश के उपराष्ट्रपति बनने जा रहे सीपी राधाकृष्णन भी इस राज्य के राज्यपाल रहे हैं। इन दिनों वे महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं। वे झारखंड के साथ ही तेलंगाना के राज्यपाल और पुदुचेरी के उपराज्यपाल का भी अतिरिक्त कार्यभार संभाल चुके हैं। मोदी-शाह का उन पर बड़ा भरोसा रहा है, क्योंकि उन्हें एक समय एक साथ तीन-तीन राज्यों के राज्यपालों की जिम्मेदारी थमाई गई थी। अभी उपराष्ट्रपति पद पर ऐसे ही भरोसेमंद, निष्ठाशील एवं जिम्मेदार व्यक्ति की ही तलाश थी। उपराष्ट्रपति भारत का प्रतिनिधित्व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी करते हैं। राधाकृष्णन का अध्ययनशील स्वभाव, शालीन व्यवहार और संतुलित दृष्टिकोण भारत की सॉफ्ट पावर को और मजबूत करेगा।

## सूडोकु नवताल- 7528

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7527 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

# लोकप्रियता नहीं, आदर्श ही जीवन की दिशा तय करते हैं

डॉ. सत्यवान सौरभ



आज का युग सोशल मीडिया का युग है। यहाँ हर व्यक्ति कहीं न कहीं किसी का फॉलोवर है और किसी न किसी का आदर्श चुनता है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यही है कि आखिर हम किसे फॉलो कर रहे हैं और क्यों कर रहे हैं। करोड़ों फॉलोअर्स वाले लोग अक्सर केवल एक या दो को ही फॉलो करते हैं। यह संकेत देता है कि असली प्रेरणा संख्याओं से नहीं बल्कि चयन से आती है। जैसे पानझगुटखा बेचने वाला व्यक्ति विज्ञापन में लाखों लोगों को खाने की प्रेरणा देता है, लेकिन खुद उस जहर को नहीं छूता। इसका अर्थ यही है कि जो सामने दिख रहा है, वही सच्चाई नहीं होता। जो हमें प्रेरणा देने का दावा करते हैं, उनके जीवन में वही मूल्य हों, यह जरूरी नहीं।

हमारे समाज में फॉलो करने की संस्कृति नई नहीं है। पहले के समय में लोग गुरुओं को, विचारधारा को या अपने आदर्श नायकों को फॉलो करते थे। परन्तु तब यह चयन गहरी समझ और अनुभव के आधार पर होता था। आज की डिजिटल दुनिया में यह चयन अक्सर केवल बाहरी चमकझदमक, लोकप्रियता, दिखावटी लाइफ स्टाइल और आकर्षण पर आधारित हो गया है। लाखों की भीड़ किसी व्यक्ति को फॉलो करती है, लेकिन यह नहीं सोचती कि वह व्यक्ति वास्तव में समाज को क्या दे रहा है। क्या उसका जीवन दूसरों के लिए उदाहरण है, या केवल मनोरंजन और व्यर्थ का समय खर्च करने का साधन। यही सबसे बड़ा प्रश्न है जिस पर हर व्यक्ति को विचार करना चाहिए।

हमारे शहीदों और महापुरुषों ने कभी भी लोकप्रियता के लिए त्याग नहीं किया। भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खाँ जैसे वीरों ने अपने जीवन का हर क्षण देश के लिए समर्पित किया। उन्होंने कभी यह नहीं सोचा कि उन्हें कितने लोग फॉलो कर रहे हैं, बल्कि उनका ध्यान केवल इस पर था कि उनकी प्रेरणा से कितने लोग सही मार्ग पर चलें। उनके आदर्श ही असली प्रेरणा हैं जिन्हें हमें फॉलो करना चाहिए। आज सोशल मीडिया पर सितारे अपनी फिल्मों, फैशन या जीवनशैली से करोड़ों फॉलोवर बटोरते हैं। मगर क्या उनकी चमक हमारे जीवन के अंधेरे को मिटा सकती है? क्या उनकी जीवनशैली को फॉलो करना हमारे लिए व्यावहारिक है? क्या उनका दिखाया गया रास्ता हमारे भविष्य को सुरक्षित कर सकता है? शायद नहीं। क्योंकि जो व्यक्ति अपने जीवन में आराम, विलासिता और दिखावे को ही सर्वोपरि मानता है, वह आम आदमी के संघर्षों को कभी समझ ही नहीं सकता। उनके संदेश हमारे जीवन को दिशा नहीं दे सकते, केवल मनोरंजन भर कर सकते हैं।

इसके उलट हमारी संस्कृति हजारों वर्षों से हमें सिखाती रही है कि असली आदर्श वही है जो हमारे जीवन को उपयोगी दिशा दे। गीता का संदेश केवल युद्धभूमि तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन के हर संघर्ष में हमें प्रेरणा देता है। उपनिषद् हमें ज्ञान की ओर ले जाते हैं, विवेकानंद हमें आत्मविश्वास देते हैं, गांधी हमें सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाते हैं, डॉ. भीमराव अंबेडकर हमें समानता और अधिकारों का बोध कराते हैं। यह सभी व्यक्तित्व ऐसे हैं जिनका अनुसरण करना न केवल हमारे लिए बल्कि पूरे समाज के लिए लाभकारी है।

सोचने की बात यह है कि हम किसे अपना नायक बना रहे हैं। एक फर्जी लाइफस्टाइल दिखाने वाला सेलिब्रिटी या अपने प्राण न्यौछावर कर देने वाला शहीद? वह व्यक्ति जो केवल मनोरंजन करता है या वह महापुरुष जो हमारी आत्मा को झकझोरता है और हमें कर्मठ, साहसी और जागरूक बनाता है।

फॉलो करना केवल बटन दबाने का नाम नहीं है। फॉलो करना मतलब है किसी की सोच, उसके विचारों और उसके जीवन को अपने जीवन का हिस्सा बनाना। अगर हम किसी ऐसे व्यक्ति को फॉलो करते हैं जिसकी जीवनशैली खोखली है, तो हम भी धीरे-धीरे उसी खोखलेपन का हिस्सा बन जाते हैं। लेकिन अगर हम किसी महान व्यक्तित्व को फॉलो करते हैं, तो हमारे जीवन में भी उनकी महानता की झलक दिखाई देने लगती है।

आज के समय में युवाओं के लिए यह सबसे बड़ा चैलेंज है कि वे किसे अपना आदर्श मानें। दुनिया दिखावे की ओर भाग रही है, परन्तु हमें यह तय करना है कि हम दिखावे के पीछे भागेंगे या असली मूल्यों को अपनाएँगे। हमें यह समझना होगा कि असली स्टार वही है जो हमारे अंधेरों में रोशनी लेकर आए, न कि वह जो केवल चमकते मंच पर रोशनी में दिखे।

जब हम भारतीय शहीदों और संस्कृति को फॉलो करते हैं, तो हम न केवल अपनी जड़ों से जुड़े रहते हैं, बल्कि भविष्य को भी सुरक्षित बनाते हैं। संस्कृति हमें सिखाती है कि जीवन का लक्ष्य केवल भोग नहीं बल्कि त्याग और सेवा है। शहीद हमें सिखाते हैं कि राष्ट्रहित से बड़ा कोई धर्म नहीं। इनसे प्रेरणा लेने का अर्थ है अपने जीवन को सार्थक दिशा देना।

याद रखिए, भीड़ हमेशा सही दिशा में नहीं जाती। कभी-कभी भीड़ अंधेरे में भी दौड़ती है। समझदार वही है जो सोचकर तय करे कि उसे किस दिशा में जाना है। अगर करोड़ों लोग किसी को फॉलो कर रहे हैं, तो इसका अर्थ यह नहीं कि वह व्यक्ति महान है। महान वही है जो बिना फॉलोवर के भी अपने जीवन से दूसरों को प्रेरणा देता है।

इसलिए आज आवश्यकता है कि हम अपने चयन पर गंभीरता से विचार करें। किसी को फॉलो करने से पहले यह प्रश्न अवश्य पूछें कि क्या यह व्यक्ति मेरे जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकता है? क्या इसकी प्रेरणा मेरे समाज और देश के लिए उपयोगी है? क्या इसकी दिशा मुझे आगे बढ़ने में मदद करेगी? अगर उत्तर हाँ है, तो निःसंकोच उसे फॉलो करें। और यदि उत्तर नहीं है, तो भले ही उसके लाखोंझकरोड़ों फॉलोवर हों, हमें साहसपूर्वक उसे अनदेखा करना चाहिए।

फॉलो करना केवल व्यक्तिगत चयन नहीं है, यह समाज की दिशा भी तय करता है। यदि एक पीढ़ी गलत आदर्शों को फॉलो करेगी तो उसकी आने वाली पीढ़ियाँ भी उसी दिशा में भटकेंगी। और यदि एक पीढ़ी शहीदों और संस्कृति को फॉलो करेगी, तो आने वाली पीढ़ियाँ भी उन्हीं मूल्यों से प्रेरित होंगी। यही वह शक्ति है जो राष्ट्र को मजबूत बनाती है। अंत में यही कहना उचित होगा कि जीवन में आदर्श चुनते समय आँखें बंद नहीं करनी चाहिए। पानझगुटखा बेचने वाला खुद गुटखा नहीं खाता, यह सच हमें चेताता है कि दिखावे और वास्तविकता में बड़ा अंतर होता है। सोशल मीडिया पर चमकते चेहरे हमेशा सच्चाई नहीं होते। असली सच्चाई हमारे शहीदों के बलिदान में, हमारी संस्कृति की गहराई में और हमारे महापुरुषों की शिक्षाओं में है।

तो सोचिए, आप किसे फॉलो कर रहे हैं। क्योंकि आपका चयन ही आपके जीवन की दिशा तय करता है। भीड़ का हिस्सा बनने से बेहतर है कि सही रास्ते का यात्री बनें। और सही रास्ता वही है जो हमारे भारतीय शहीदों, संस्कृति और महान परंपरा की ओर ले जाता है।

# ट्रंप ने खोया अपनों का भरोसा

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा




यह तो भविष्य के गर्व में छिपा है कि रुस-यूक्रेन युद्ध को लेकर दोनों देशों का क्या निर्णय होगा या युद्ध कब तक समाप्त होगा या सहमति के हालात बनेंगे या नहीं- पर एक बात साफ हो गई है कि अमेरिका के लोगों को ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निर्णय को लेकर भरोसा नहीं है। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव के समय 81 प्रतिशत अमेरिकियों को भरोसा था कि ट्रंप द्वारा जो निर्णय लिया जाएगा वह भरोसे लायक होगा। यानी वह सोच समझ भरा निर्णय होगा। कहने का अर्थ यह है कि अमेरिका के 81 फीसदी नागरिक यह मानकर चल रहे थे कि ट्रंप द्वारा रुस-यूक्रेन युद्ध को लेकर लिया जाने वाला निर्णय भरोसे लायक होगा। राष्ट्रपति बनने के बाद जिस तरह से ट्रंप द्वारा एक के बाद एक तुगलकी निर्णय लिए जा रहे हैं और जिस तरह से विश्व के देशों को धमकाना शुरू किया है उससे ट्रंप ने स्वयं के साथ अमेरिका की फजीहत ही अधिक कराई है। विश्व का दादा बनने के प्रयास में ट्रंप और अमेरिका दोनों की साख में तेजी से गिरावट आई है। ट्रंप-पुतिन मुलाकात के बाद भी साफ हो गया है कि कोई ठोस निर्णय नहीं हो पाया है और भले ही जेलेंस्की को ट्रंप ने चर्चा के लिए अमेरिका बुलाया हो और बातचीत भी हुई हो पर लब्बोलुबाव यही रहेगा कि इस मुलाकात के बाद अमेरिका की हेठी साफ दिखाई दे ही रही है। इससे पहले जेलेंस्की और ट्रंप की गत मुलाकात के समय जिस तरह से अमेरिका की हेठी हुई वह भी सबके सामने है। भले पुतिन-जेलेंस्की मुलाकात को राजी हो गये हों पर सीजफायर भी हो गया तो वह स्थाई सीजफायर होगा, इसमें पूरी तरह से संदेह है। इन हालातों में प्यू रिसर्च द्वारा हाल ही किये गये सर्वे में जो परिणाम सामने आये हैं वह इसके पीछे की तस्वीर साफ करते हैं। 81 प्रतिशत भरोसे लायक नेता पर 40 प्रतिशत अमेरिकियों का भरोसा और इनमें से भी 25 प्रतिशत का थोड़ा भरोसा तो फिर देखा जाए तो केवल 15 प्रतिशत अमेरिकी ही ट्रंप पर पूरी तरह से भरोसा जता रहे हैं। 59 प्रतिशत अमेरिकियों का तो ट्रंप पर अब बिलकुल भरोसा नहीं रहा है। देखा जाए तो दुनिया के देश तो ट्रंप की बेजा हरकतों से परेशान हैं ही वहीं अमेरिकावासियों को भी अमेरिका का भविष्य कोई अच्छा संकेत देता नहीं लग रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप के एक के बाद लिए गए फैसलों ने उन्हें दुनिया का सबसे बड़ा खलनायक बना दिया है। ट्रंप की हर धमकी हवा हवाई बनकर रह गई है। इसके साथ ही ट्रंप द्वारा कही जाने वाली बात कब तक रहेगी इस पर भी दुनिया के लोगों को संदेह होने लगा है। टैरिफ वार सामने हैं। टैरिफ के नाम पर देशों को धमकाना ज्यादा नहीं चल सकता, यह अमेरिका को समझना होगा। भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने से उलटा मोदी को मजबूत बनाने का काम ही अमेरिकी राष्ट्रपति ने किया है। इससे पहले जिस तरह से कनाडा को अपना 51 वां राज्य कहना दादागिरी का बड़ा नमूना है। भारत-पाकिस्तान के बीच ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान सीजफायर करने के दावे की पोल खुल चुकी है। देखा जाए तो ट्रंप तानाशाही रवैया अपनाते हुए दुनिया के देशों को ड़राने धमकाने में लगे हुए हैं। हांलाकि चाहे टैरिफ नीति हो या उपनिवेशवादी सोच, देर-सबेर इसका खामियाजा अमेरिका को ही भुगतना पड़ेगा और गत बैठक के दौरान व्हाइट हाउस में ट्रम्प और जेलेंस्की के बीच तीखी बहस और नोकझोंक से दुनिया के देशों में साहस का संचार हुआ है। व्हाइट हाउस की घटना का तात्कालिक परिणाम ही यह सामने आ गया है कि यूरोप के देश एक स्वर में यूक्रेन के साथ खड़े होने लगे तो दूसरी ओर अपना नया नेता चुनने पर विचार करने लगे हैं।

हालांकि जेलेंस्की ने देश हित को पहली वरियता दी है और अमेरिका से अब भी खनिज संपदा के अधिकार देने पर सहमति समझौता करने को लगभग तैयार है। पर अमेरिका दबाव बनाकर और डरा-धमकाकर समझौता करना चाहता है। यही कारण है कि समझौते के प्रारुप पर चर्चा करने आये जेलेंस्की को ही रुस -यूक्रेन युद्ध का जिम्मेदार बताते हुए तीखी नोंकझोंक तक हालात पहुंच गए और जेलेंस्की की हिम्मत की इसलिए सराहना करनी होगी कि अमेरिका के आगे नाक रगड़ने की जगह वार्ता छोड़ कर यूरोपीय देशों की यात्रा पर आ गये।

भविष्य में क्या होता है यह तो अलग बात हैं पर चाहे रुस यूक्रेन युद्ध हो, चाहे इजरायल हमास या फिर भारत-पाक, ट्रंप एक्सपोज हो गए हैं। इससे रुस और पुतिन का विश्व राजनीति में उभार का अवसर मिला है वहीं दुनिया के देशों की कोरोना व अन्य नीतियों के कारण चीन के प्रति बनी सोच में भी बदलाव आने लगा है। इसके साथ ही दुनिया के देशों में आज भारत की छवि भी बदलाव आया है और भारत को सशक्त और दुनिया का नेतृत्व करने में सक्षम देश के रुप में देखा जाने लगा है। टैरिफ वार के नाम पर भारत को धमकाना और पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष के साथ लंच करने से अमेरिका और ट्रंप दोनों की साख नकारात्मक रुप से प्रभावित हुई है। ट्रंप के सलाहकारों को यह समझाना होगा कि डराने-धमकाने या दादागिरी का समय नहीं रहा। छोटे- से- छोटा देश अपनी अस्मिता के लिए लंबा संघर्ष करने में पीछे हटने या झुकने वाला नहीं है। रुस-यूक्रेन युद्ध इसका जीता जागता उदाहरण है। ट्रंप को अपनी हैसियत बनाये रखनी है तो उसे अपनी कार्यशैली में बदलाव लाना होगा नहीं तो वह अपने देश में ही बदनामी के शीर्ष पर पहुंच जाएगा। ट्रंप को अपने पराये की पहचान करनी होगी।

# ब्रिक्स और अमेरिका : भारत ने बदल दिया वैश्विक शक्ति समीकरण



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

दुनिया के शक्ति समीकरण अब तेजी से बदलते जा रहे हैं। जहां एक ओर अमेरिका दशकों से अपने वैश्विक प्रभुत्व के बल पर खुद को नीति निर्धारण का एकमात्र केंद्र समझता रहा है, वहीं दूसरी ओर अब भारत जैसे देश बिना टकराव के इस वर्चस्व को चुनौती दे रहे हैं। खासतौर से ब्रिक्स के मंच पर भारत की जो नई रणनीति सामने आई है, उसने न केवल अमेरिका की चिंता बढ़ा दी है, बल्कि उसे अपने कई फैसलों पर खुलकर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर भी कर दिया है। इससे साफ समझ आता है कि भारत अब केवल एक उभरती हुई अर्थव्यवस्था नहीं है, बल्कि वह एक वैश्विक नीति निमार्ता के रूप में भी अपनी अहम भूमिका निभाता हुआ दिखता है। जिसमें स्वतंत्र विदेश नीति, वित्तीय संप्रभुता और बहुपक्षीय साझेदारी है। एक नजर देखा जाए तो अमेरिका ने बीते वर्षों में बार-बार यह प्रदर्शित करता रहा है कि वह केवल अपने हितों की पूर्ति के लिए गठबंधन बनाता है और जैसे ही कोई देश उसके हितों से अलग राह पकड़ता है, तो वह आर्थिक दबाव, प्रतिबंध या कूटनीतिक अलगाव का रास्ता अपनाता है। भारत के साथ भी ऐसा ही कुछ हुआ जब ट्रंप प्रशासन ने भारत को जनरलाइज्ड सिस्टम ऑफ प्रेफरेंसेज (जीएसपी) से बाहर कर दिया और एकतरफा 50% टैरिफ लगा दिया। यह कदम न केवल अनुचित है बल्कि इससे यह भी स्पष्ट होता है कि अमेरिका अपनी व्यापार नीति में अब सहयोग नहीं, दबाव को प्राथमिकता दे रहा है। भारत ने इस चुनौती को स्वीकार किया और प्रतिक्रिया में जो रणनीति अपनाई, वह आज वैश्विक चर्चा का विषय बन चुकी है। भारत ने न केवल अमेरिका को आर्थिक स्तर पर बलकि आज कहना होगा कि कूटनीतिक स्तर पर भी जवाब दे दिया है, जिसमें स्पष्ट कहा गया है कि वह किसी भी दबाव में नहीं आएगा, उसके लिए अपने देशवासियों का हित सर्वोपरि है। भारत ने अपने राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखते हुए रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीदना जारी रखा है। भारत ने बार-बार यह रेखांकित किया कि ऊर्जा सुरक्षा उसके लिए प्राथमिकता है और वह किसी के कहने पर अपनी आवश्यकताओं से समझौता नहीं करेगा। यही नहीं, भारत ने वोस्ट्रो अकाउंट की नीति को बढ़ावा देकर स्थानीय मुद्राओं में व्यापार का जो मार्ग खोला है, उसे आप डॉलर की वैश्विक पकड़ को चुनौती देने की दिशा में एक गंभीर और व्यावहारिक कदम कह सकते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विदेशी बैंकों को वोस्ट्रो खाता खोलने की अनुमति देना, जहां भारतीय रुपये में व्यापार संभव होता है, यह संकेत है कि भारत अब डॉलर पर निर्भरता से मुक्त होने की प्रक्रिया में गंभीरता से जुट गया है। यहां समझ लें कि वोस्ट्रो खाता एक प्रकार का बैंक खाता है जो एक घरेलू बैंक द्वारा किसी विदेशी बैंक की ओर से स्थानीय मुद्रा में रखा जाता है। उदाहरण के लिए, यदि किसी अमेरिकी बैंक का भारतीय बैंक में वोस्ट्रो खाता है, तो इसका मतलब है कि भारतीय बैंक अमेरिकी बैंक की ओर से रुपये रखता है। वस्?तुतः यह नीतिगत बदलाव अकेले भारत के लिए नहीं, बल्कि उन सभी विकासशील देशों के लिए प्रेरणा है जो अमेरिका और पश्चिमी वित्तीय संस्थानों की शर्तों पर मजबूरी में व्यापार करते आए हैं। जब भारत ने रूस, श्रीलंका और यूएई के साथ स्थानीय मुद्राओं में व्यापार प्रारंभ किया तो अमेरिका को इस बात का एहसास हुआ कि भारत अब केवल व्यापार नहीं, बल्कि नई आर्थिक सोच का नेतृत्व कर रहा है। 2024 में ब्रिक्स का विस्तार हुआ और नए सदस्य देश इस मंच से जुड़े। ईरान, अर्जेंटीना, मिस्र, यूएई जैसे देशों का ब्रिक्स में शामिल होना यह बताता है कि अब यह संगठन केवल पांच देशों का आर्थिक समूह नहीं रह गया है, बल्कि यह वैश्विक दक्षिण की राजनीतिक आकांक्षाओं का प्रतिनिधि बन चुका है। भारत, ब्रिक्स का सह-संस्थापक होने के नाते इसमें केंद्रीय भूमिका निभा रहा है। नई वैश्विक वित्तीय प्रणाली, ब्रिक्स पे, साझा डिजिटल मुद्रा और ऊर्जा सुरक्षा जैसे विषयों पर भारत का दृष्टिकोण स्पष्ट, व्यावहारिक और सहयोगात्मक रहा है। यह भी महत्वपूर्ण है कि भारत ब्रिक्स के मंच का उपयोग अमेरिका विरोधी मुहिम चलाने के लिए नहीं कर रहा, बल्कि वह इसे एक सकारात्मक विकल्प के रूप में प्रस्तुत कर रहा है। यह भारत की परिपक्वता है कि वह टकराव की भाषा की बजाय संवाद और समावेशिता के माध्यम से अमेरिका को यह समझा रहा है कि अब विश्व व्यवस्था एकध्रुवीय नहीं, बल्कि बहुध्रुवीय हो चुकी है। ब्रिक्स की नई मुद्रा, स्थानीय भुगतान प्रणाली और वैश्विक वित्तीय संस्थाओं के विकल्प के निर्माण की दिशा में भारत का योगदान इस बदलाव का गवाह है। यही कारण कि आज अमेरिका के कई अधिकारी सार्वजनिक रूप से यह स्वीकार चुके हैं कि भारत के साथ अब रिश्तों को नई दृष्टि से देखने की आवश्यकता है। भारत ने बार-बार यह स्पष्ट किया है कि वह न तो किसी के खिलाफ है और न ही किसी के पक्ष में, वह केवल अपने राष्ट्रहित में खड़ा है। यही संदेश भारत ने ब्रिक्स मंच के माध्यम से भी दिया है।

## दैनिक पंचांग

**21 अगस्त 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह में | सिंह | 05.20 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | कन्या | 07.36 बजे से |
| मंगल | कन्या में | तुला | 09.47 बजे से |
| बुध | कर्क में | वृश्चिक | 12.02 ब.से |
| गुरु | मिथुन में | धनु | 14.18 बजे से |
| शुक्र | मिथुन में | मकर | 16.23 बजे से |
| शनि | मीन में | कुंभ | 18.09 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मीन | 19.42 बजे से |
| केतु | सिंह में | मेष | 21.13 बजे से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | वृष | 22.53 बजे से |
| | | मिथुन | 00.51 बजे से |
| | | कर्क | 03.04 बजे से |

**गुरुवार** 2025 वर्ष का 233 वा दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** भाद्रपद (दक्षिण भारत में श्रावण) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** त्रयोदशी 12.45 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पुष्य 00.09 बजे को रात्र समाप्त। **योग** व्यतीपात 16.14 बजे को समाप्त। **करण** वणिज 12.45 बजे तदनन्तर विष्टि 00.18 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 12° 06' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872443 **जूलियन दिन** 2460908.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** सफर **तारीख** 26 **विशेष** मासिक शिवरात्रि।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# बाबूलाल मरांडी ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहेट :** झारखंड भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी बुधवार को भोगनाडीह पहुंचकर सिद्धू कान्हु, चांद भैरव, फूलों झानो, प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस दौरान सिदो-कान्हू मुर्मू अमर रहे, बाबूलाल मरांडी जिंदाबाद, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, कार्यकताओं ने नारे लगाए। इसके बाद वंशज मंडल मुर्मू और गांव के ग्रामीणों से मुलाकात किया। इसके पूर्व ग्रामीणों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को आदिवासी रीति रिवाज से उनका गर्म जोशी से स्वागत किया। इसके बाद आदिवासियों के पारंपरिक धर्मस्थल मांझी थान पहुंचकर मांझी बाबा ने पूजा अर्चना कराया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बबल मरांडी ने कहा कि हूल दिवस की घटना शर्मनाक है, इससे साबित होता है की जिला प्रशासन इस घटना का पूर्ण रूप से जिम्मेदार है। पूर्व में भी शहीद दिवस पर कई राजनीतिक पार्टियों अलग-अलग जगह पर शांतिपूर्ण रूप से कार्यक्रम करते आ रहे है, लेकिन इस बार सिदो-कान्हू मुर्मू हूल फाउंडेशन के नेतृत्व में हूल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित था, लेकिन जिला प्रशासन कार्यक्रम के पूर्व कई दिनों से लगातार पंडाल निर्माण कार्य कर रहे मजदूरों को जबरन उठाकर थाना ले जाना, जैसे कार्य में बाधा उत्पन्न की गई। इसके साथ-साथ आदिवासियों पर लाठी चार्ज किया गया। यह घटना पहली बार इस तरह का होना बेहद चिंताजनक है। इससे साबित होता है कि हूल दिवस की घटना जिला प्रशासन सोची समझी साजिश रची गई है। शहीदों के धरती के लोग अपने ही जमीन पर कार्यक्रम नहीं कर सकते इससे अंदाजा लगा सकते हैं कि राज्य में आदिवासी सुरक्षित नहीं है। इस राज्य में सबसे अधिक आदिवासी प्रताड़ित हो रहे हैं। वही भाजपा नेता सूर्या हंसदा घटना मामले को लेकर कड़ी निंदा की कहां की जिस तरह से हत्या कर उन्हें फेंक दिया गया और पुलिस एनकाउंटर का सीन दिखा रही है। जिस आदिवासी नेता अपने आदिवासियों के अधिकारों के लिए आवाज उठाई उन्हें एनकाउंटर कर दिया गया। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सीबीआई जांच कराने को लेकर बात कही। इस तरह की कई घटनाएं भाजपा कार्यकताओं को टारगेट किया जा रहा है। अगर हेमंत सोरेन अपने पुलिस प्रशासन को सीमा में रहने अन्यथा भाजपा कार्यकर्ता सड़कों में उतारकर आंदोलन करेगी। उक्त बाते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहीं। मौके पर वंशज मंडल मुर्मू, पूर्व विधायक लॉबिन हेंब्रम, रणधीर सिंह, अमित भारती, दुर्गा ठाकुर, विभीषण ठाकुर, के अलावा अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एक नजर

### बीडीओ सह एमओ ने जन वितरण प्रणाली दुकानदारों के साथ की बैठक




**बरहेट :** प्रखंड परिसर सभागार में बुधवार को बीडीओ सह एमओ अंशु कुमार पांडे के नेतृत्व मे बैठक कि गई। बैठक में क्षेत्र के सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदार के अलावा ट्रेनर सनी कुमार, भुवनेश्वर सिंह भाग लिए। ट्रेनर सनी कुमार ने उपस्थित जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को जानकारी देते हुए बताया कि ई पोश मशीन में नए सिस्टम लागू की गई। पूर्व ई पोश मशीन में स्मार्ट पीडीएस लोगों चिन्ह को बदलकर जे एच स्मार्ट पीडीएस नियम लागू किया गया है, उसके बारे में डीलरों को जानकारी दी गई। वही बीडीओ सह एमओ अंशु कुमार पांडे ने कहा कि सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदार समय पर राशन का वितरण कर दे ताकि लोगों को सही समय पर राशन मिल जाए। मौके पर जन वितरण प्रणाली दुकानदार मनोज भगत, मो. फैयाज, महेश चौधरी, बड़का हेंब्रम, के अलावा अन्य जन वितरण प्रणाली दुकानदार मौजूद थे।

### गंगा का जलस्तर घटते ही महामारी का डर, कई गांव कटाव की चपेट में



**साहिबगंज :** जिला क्षेत्र अंतर्गत जैसे-जैसे गंगा के जलस्तर में कमी आ रही है, वैसे-वैसे ग्रामीणों को गंगा में महामारी का डर सता रहा है। इधर, रामपुर, पीलर टोला, टोपरा, सकरीगली, गोपालपुल क्षेत्र में कटाव की समस्या बढ़ती जा रही है। महाराजपुर के सामने मकई टोला, पीलर टोला, दुगार्पुर टोला, शिशु टोला ऐसे कई एक घर-परिवार अपने घर के आशियाने को उजाड़ कर दूसरी जगह व्यवस्थित हो रहे हैं। कटाव के समय वह उखड़ कर किसी और जगह मंजिल की तलाश में लग जाते हैं। कटाव की स्थिति बहुत तेजी से ग्रामीण क्षेत्र में बढ़ रही है। साहिबगंज जिले के सकरीगली के सामने सभी दियारा क्षेत्र, महाराजपुर के सामने सभी दियारा क्षेत्र कटाव की चपेट में आ गए हैं। जिला प्रशासन ने हर संभव मदद करने की बात कही।

### टोटो पलटने से 2 वर्षीय बालिका की हुई मौत



**साहिबगंज :** मिजाचौकी थाना क्षेत्र के मिजाचौकी बाजार में बुधवार को सड़क खराब होने के कारण एक टोटो के पलटने से 2 वर्षीय बालिका दिव्यांशी कुमारी पिता आनंद कुमार राम घर सलेमपुर थाना पीरपैंती जिला भागलपुर राज्य बिहार निवासी मासूम बच्ची की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार आनंद कुमार राम की पत्नी डॉली देवी अपने 2 साल की मासूम बेटी दिव्यांशी कुमारी व एक पुत्र के साथ अपने मायके गंगटी चंनजोरा से टोटो पर सवार होकर अपने ससुराल सलेमपुर थाना पीरपैंती जिला भागलपुर वापस आ रही थी जहां बीच रास्ते में ही मिजाचौकी बाजार में सड़क खराब होने के कारण एकाएक टोटो चालक ने अपने वाहन से नियंत्रण खो दिया और टोटो बीच रास्ते में ही पलट गई जिसके कारण मासूम बच्ची की मौत हो गई। उधर घटना की जानकारी मिजाचौकी बाजार में सब्जी बेचने वाले उसके ससुर गुड्डू कुमार राम को हुई तो वो अपनी पोती को आनन फानन में बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लेकर आए जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया।

## नगर क्षेत्र में श्रम विभाग के द्वारा चलाया गया बाल श्रम विमुक्ति सह जागरुकता अभियान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले में बुधवार को श्रम अधीक्षक, पाकुड़ के द्वारा पाकुड़ नगर क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठानों, होटल एवं गैरेज आदि में बाल श्रम विमुक्ति एवं जागरुकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान धावा दल द्वारा पाकिजा होटल, मालगोदाम रोड, पाकुड़ से दो बाल श्रमिक को विमुक्त कराया गया। विमुक्त बाल श्रमिक को उहउ को सुर्पद किया गया एवं नियोजक पर एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। श्रम अधीक्षक गिरीश चन्द्र प्रसाद ने बताया कि किसी भी प्रतिष्ठान में 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों एवं खतरनाक नियोजन में 14-18 वर्ष तक के बच्चो का नियोजन प्रतिषेध है। उल्लंघन की स्थिति में नियोजक पर बीस हजार रुपये से पचास हजार रुपये तक का जुर्मना अथवा 06 माह से 02 वर्ष तक का कारावास या दोनो हो सकता है। जिले में बाल श्रम को रोकने के लिए निरन्तर कारवाई जारी रहेगी। इस अभियान में कैलाश सत्यार्थी फाउन्डेशन के सदस्य, चाइल्ड लाइन एवं श्रम विभाग के कर्मी शामिल थे।

## डीसी ने उत्कर्मित उच्च विद्यालय पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** डीसी सह जिला दंडाधिकारी हेमंत सती ने उत्कर्मित उच्च विद्यालय, पुलिस लाइन का निरक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के नव निर्मित भवन, कक्षा कक्ष, और अन्य सुविधाओं का विस्तारपूर्वक अवलोकन किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने देखा कि विद्यालय परिसर में वर्षा का पानी जमा हो रहा है, जिसे देखते हुए उन्होंने जल निकासी हेतु नाली निर्माण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, विद्यालय की सीमा (बाउंड्री) निर्माण कार्य और भूमि समेकन के लिए भी उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश प्रदान किए।निरीक्षण के दौरान यह भी ज्ञात हुआ कि मोहल्ले के कुछ लोग अपने घर का कचरा विद्यालय की बाउंड्री के अंदर फेंक रहे हैं। इस पर डीसी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए नगर परिषद और कार्यपालक अधिकारियों को इलाके में नियमित निगरानी रखने और नियमों का उल्लंघन करने वाले घरों पर दंडात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। डीसी हेमंत सती ने अधिकारियों को स्कूल परिसर को स्वच्छ, सुरक्षित और बच्चों के लिए अनुकूल बनाने हेतु तत्काल कदम उठाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए उचित और साफ-सुथरी शिक्षा का वातावरण बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है।

## विद्यालयों में तिथि भोज सह जन्मोत्सव का हुआ आयोजन

- तिथि भोज सह जन्मोत्सव कार्यक्रम एवं बैगलेस डे का बच्चों ने उठाया लुत्फ
- उपायुक्त को अतिथि बनाकर बच्चों ने कराया भोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़/लिट्टीपाड़ा :** ज़िले में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अन्तर्गत जिला के मध्याह्न भोजन संचालित विद्यालयों में सोमवार को छात्र-छात्राओं के लिए तिथि भोज सह जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। इस तिथि भोज के सफल क्रियान्वयन को लेकर उपायुक्त मनीष कुमार के द्वारा लिट्टीपाड़ा प्रखंड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय नवाडीह-2 में तिथि भोज सह जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उपायुक्त, प्रखंड विकास पदाधिकारी, लिट्टीपाड़ा श्री संजय कुमार ने बच्चों के साथ तिथि भोजन सह जन्मोत्सव का आनंद लिया। मौके पर उपायुक्त ने बताया कि तिथि भोजन सह जन्मोत्सव के अवसर पर विद्यालय में अध्ययनरत छात्र- छात्राओं को, समुदाय-समाज के बुद्धिजीवी, विशिष्ट, गणमान्य व्यक्ति, समाजसेवी या विभिन्न कार्यालयों द्वारा विशेष दिवस पर एमडीएम के मेनू से अलग हटकर खास भोजन की व्यवस्था की जाती है। यह एक अवसर है जब लोग अपनी खुशियों को सरकारी विद्यालयों के बच्चों के साथ मिलकर और बढ़ा सकते हैं। तिथि भोजन को लेकर विद्यालय के छात्र- छात्राएं उत्साहित थे। ऐसे विशेष अवसर पर विद्यालय में बच्चों के लिए तिथि भोज का आयोजन हो, जिससे बच्चों का भी मनोबल बढ़ता रहे। साथ ही उपायुक्त ने बताया कि शिक्षा विभाग में कई सारे कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं जैसे बोलेगा पाकुड़, बाल चौपाल, आज क्या सीख, फिर से स्कूल चले हम इन सब कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों की उपस्थिति को बढ़ाना है। बच्चों की नियमित उपस्थिति, पोषण आहार की गुणवत्ता तथा शिक्षा संबंधी गतिविधियों को बेहतर ढंग से संचालित करने का निर्देश शिक्षकों को दिया। उपायुक्त ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने की प्रेरणा दी। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार, प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी के.सी दास एवं एसएमपीओ पवन कुमार समेत अन्य उपस्थित रहे।

## पुलिस ने नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना क्षेत्र के भूदेव मंडल टोला गांव के एक युवक पर जान मारने की नियत से चाकू से हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर भूदेव टोला निवासी उत्पल कुमार साहा (28 ) ने थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराया है। शिकायत के आधार पर राधानगर थाना में कांड संख्या 330/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि मिर्जा नगर गांव के आरोपी अजय मंडल और एक अज्ञात व्यक्ति ने मिलकर जान मारने की नीयत से चाकू से हमला किया गया। इस दौरान पुलिस ने नामजद अभियुक्त अजय मंडल को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## हजारीबाग में देह व्यापार का काला धंधा उजागर

# छह होटल सील, 17 संचालक-मैनेजर गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग पुलिस ने बुधवार को रांची-पटना एनएच-33 पर स्थित छह होटलों और रेस्टुरेंट्स में चल रहे अवैध सेक्स रैकेट का बड़ा भंडाफोड़ किया। पिछले कई दिनों से पुलिस अधीक्षक को इस धंधे की गुप्त सूचना मिल रही थी। जांच और रैकी में जानकारी पुख्ता होने पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित आनंद के नेतृत्व में छह टीमों का गठन किया गया। दंडाधिकारियों और महिला पुलिस के साथ सभी टीमों ने होटल सिद्धी विनायक, स्पायसी विला, टू-ईट, वर्णिका, सेवन डेज और रुक्मणी में एक साथ छापेमारी की। छापेमारी में कुल 30 कपल्स आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े गए। उन्हें परिजनों के हवाले कर दिया गया, जबकि 17 होटल संचालक, मैनेजर और स्टाफ को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सभी छह होटलों को अनुमंडल पदाधिकारी के आदेश पर तत्काल सील कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि होटल संचालक बिना किसी आईडी प्रूफ के मात्र दो-दो घंटे के लिए कमरे उपलब्ध कराते थे। रजिस्टर संधारित नहीं किए जाते थे और ग्राहकों को कंडोम, गर्भनिरोधक गोलियां आदि भी वहीं उपलब्ध कराई जाती थीं। होटल मालिकों ने खुद स्वीकार किया कि लड़के-लड़कियों से पैसे लेकर रूम यौन गतिविधियों के लिए उपलब्ध कराए जाते थे। बरामद वस्तुएं छापेमारी में बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक और संदिग्ध सामग्री जब्त की गई। इनमें 16 रजिस्टर, एक लैपटॉप, 19 मोबाइल फोन, 5 डीबीआर, 43 कंडोम, 2 डायरी, ?41,050 नकद, 2 रसीद/स्लिप, एक स्विफ्ट डिजायर कार, होटल मालिकों को भुगतान के स्क्रीनशॉट (2,300 और 1,120) शामिल हैं। गिरफ्तार लोग गिरफ्तार आरोपियों में प्रमुख संचालक और मैनेजर शामिल हैं: अजय कुमार और धीरज कुमार (सिंचाई कॉलोनी, दीपुगढ़ा), शिशु कुमार (जगदीशपुर), रंजीत कुमार, अजय कुमार और अंशु कुमार (बरियठ, ईचाक), युवराज मेहता (बरियठ), अजीत कुमार गुप्ता (नूतननगर), शुभम कुमार (विष्णुगढ़), बब्लु कुमार (बड़कागांव), जयन्त मांझी (पश्चिम बंगाल), रामदेव महतो (चरही), दिलीप कुमार (चरही), शुभम कुमार (मुफस्सिल), संजय साव (गिरिडीह) सहित कुल 17 लोग शामिल हैं।

**पुलिस का बयान**

पुलिस ने कहा कि इस तरह का काला कारोबार हजारीबाग जैसे शैक्षणिक शहर के युवाओं पर बुरा असर डाल रहा था। यहां चतरा, कोडरमा, गिरिडीह सहित कई जिलों से छात्र-छात्राएं पढ़ाई के लिए आते हैं। ऐसे में यह धंधा उनके भविष्य को भी बिगाड़ सकता था। मुफस्सिल थाना में कांड संख्या 141/25 दर्ज कर आरोपियों पर बीएनएस की विभिन्न धाराओं और अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम 1956 की धारा 3/4/5 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इस तरह की गतिविधियों पर लगातार कार्रवाई की जाएगी।

हजारीबाग की इस बड़ी रेड ने पूरे जिले में हलचल मचा दी है और आम लोग इसे अपराध व अनैतिक धंधों पर पुलिस की निर्णायक कार्रवाई मान रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### विधि-व्यवस्था संधारण हेतु जिले को मिली 20 पल्सर मोटरसाइकिलें



**पाकुड़ :** जिले में पुलिस मुख्यालय द्वारा विधि व्यवस्था संधारण हेतु जिला को 20 पल्सर मोटर साईकिल आवंटित किया गया है। जिसे बुधवार को उपायुक्त, पाकुड़ मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक पाकुड़ निधि द्विवेदी द्वारा हरी झंडी दिखाकर सभी थाना/ओपी के लिए प्रस्थान कराया गया।

### पुलिस ने एक युवक को देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार कर भेजा जेल



**साहिबगंज:** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक को पुलिस ने देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया। जहां बुधवार 20 अगस्त 2025 को अनुमंडल पुलिस कार्यालय कक्ष में सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी की मंगलवार को समय- 20:10 बजे एसपी अमित कुमार सिंह, साहेबगंज को गुप्त सुचना प्राप्त हुई कि जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत घोघी संथाली टोला में एक व्यक्ति हथियार लेकर घूम रहा है। एसपी साहेबगंज के निदेर्शानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी साहेबगंज के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा प्राप्त सुचना के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए घोघी संथाली टोली के ग्रामीणों के सहयोग से एक व्यक्ति विनोद सिंह, उम्र 25 वर्ष करीब, पिता-दत्ताराम सिंह, साकिन- घोघी महुआ टोली, थाना-जिरवाबाड़ी, को एक अवैध देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया गया। छापामारी दल में पुअनि शशि सिंह थाना प्रभारी, पुअनि रोहित कुमार, पुअनि जुमराती अंसारी, पुअनि बिरसा उरांव, पुअनि मो. शाहरुख, एवं अन्य सशस्त्र बल शामिल थे।

### फरार आरोपी राजा यादव को पुलिस ने देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार कर भेजा जेल



**साहिबगंज:** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत फरार चल रहे एक युवक को देशी कट्टा के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया। जहां बुधवार 20 अगस्त 2025 को अनुमंडल पुलिस कार्यालय कक्ष में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी किशोर तिर्की ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी की 19 अगस्त 2025 को संध्या में एसपी अमित कुमार सिंह को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि मुफ्फसिल काण्ड संख्या- 26/2025 का अप्राथमिकी अभियुक्त राजा यादव उर्फ राजकुमार यादव, उम्र 20 वर्ष, पिता अभय यादव, साकिन- पूरब टोला मादेवगंज अपने घर के बगल में शिवजी यादव के घर (डीला मोड़) के पास बैठा हुआ है, उसके पास हथियार भी हो सकता है, त्वरित कार्रवाई करने पर पकड़ा जा सकता है। इस सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु छापामारी टीम गठित कर सूचनानुसार पूरब टोला महादेवगंज स्थित शिवजी यादव के घर के पास से राजा यादव उर्फ राजकुमार यादव, को पकड़ कर पूछ-ताछ किया गया और उनकी निशानदेही पर उनके घर से एक देशी कट्टा बरामद किया गया, उसके उपरांत अभियुक्त को विधिवत गिरफ्तार किया गया। इस संदर्भ में मुफ्फसिल थाना कांड संख्या -81/25 दर्ज किया गया। अभियुक्त का पहले से कई कांडों में अपराधिक इतिहास रहा है। मौके पर छापामारी दल में पुअनि अनिश कुमार पाण्डेय, सअनि चंचल कुमार, सअनि केशव मालाकार, थाना गार्ड सशस्त्र बल शामिल थे।

### राजीव गांधी की 81वीं जयंती पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया नमन



**बरहरवा:** प्रखंड कांग्रेस कमेटी के कार्यकताओं ने बुधवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 81वीं जयंती पर प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू की अध्यक्षता में बरहरवा प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान। स्व. राजीव गांधी की 81वीं जयंती पर कांग्रेसियों ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने कहा कि आज के दिन पर जन्मे स्व. राजीव गांधी एक दूरदर्शी नेता थे। अप्रत्याशित घटनाक्रम में 31 अक्टूबर 1984 में अपनी मां इन्दिरा गांधी की हत्या के बाद उन्होंने देश की बागडोर संभाली। उन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कम्प्यूटरीकृत व्यवस्था का विकास करने के साथ ही दलबदल विरोधी कानून बनाया। साथ ही पंचायती राज में महिलाओं के लिए आरक्षण व्यवस्था, मतदान की उम्र को 21 से 18 साल किया। अगर राजीव गांधी न होते तो न दूरसंचार क्रांति होती, न हमारे पास लैपटॉप और मोबाइल होता कभी आपने महसूस किया है कि मोबाइल और कंप्यूटर की वजह से आपके रोजमर्रा के काम कितने आसान हो गए है। आपके तमाम काम घर बैठे-बैठे आसानी से हो जा रहे हैं। न कहीं जाना पड़ता है, न ही समय और पैसा खर्च करना पड़ता है। आज उनके जन्मदिन पर पूरा देश बेहद कृतज्ञता से उनको नमन कर रहा है, उनकी उपलब्धियों को याद कर रहा है। हम सब देशभक्त कभी नहीं भूलेंगे अपने उसे हीरो को। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी गुलाम रब्बानी, मो नसीरुद्दीन, कमल आर्य, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास, अश्वनी आनंद, नेहाल अख्तर, थॉमस रॉबट, अनन्त लाल भगत, मनोज घोष, भोला नाथ महतो, छोटेलाल रामानी, मिथुन मंडल, संतोष झा, अंजुम परवेज, अजीत कुमार रॉय, धर्मेंद्र साहा, राकेश शेख, बिक्की कर्मकार, सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पेट्रोल कारों से लेकर इलेक्ट्रिक वाहनों तक : गुजरात भारत का ऑटोमोटिव हब बनकर उभरा

## * वित्त वर्ष 2022-23 में गुजरात के ऑटोमोबाइल क्षेत्र में रु. 29,700 करोड़ का भारी निवेश

**अहमदाबाद।**

भारत में ऑटोमोटिव क्रांति में गुजरात की अहम भूमिका रही है। अपनी रणनीतिक स्थिति, मज़बूत बुनियादी ढाँचे और निवेश-अनुकूल नीतियों के कारण, गुजरात अन्य राज्यों की तुलना में ऑटो कंपनियों की पहली पसंद बन गया है। उत्तर गुजरात की बात करें तो आज सुजुकी मोटर्स गुजरात के कारण यह क्षेत्र भारत में अग्रणी ऑटोमोटिव विनिर्माण केंद्रों में से एक बन गया है। सुजुकी मोटर्स गुजरात ने 7.5 लाख कार इकाइयों की वार्षिक उत्पादन क्षमता के साथ गुजरात को एक वैश्विक ऑटो हब बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस सफलता को वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन में भी प्रदर्शित किया जाएगा। गौरतलब है कि उत्तर गुजरात के लिए वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन (वीजीआरसी) 9-10 अक्टूबर, 2025 को मेहसाणा में आयोजित किया जाएगा। गुजरात में ऑटोमोबाइल क्षेत्र ने 2012 से 2015 के बीच वैश्विक निवेशकों को आकर्षित किया। 2014 में, सुजुकी ने राज्य में एक मेगा विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए और गुजरात के ऑटो क्षेत्र को गति मिली। कंपनी ने पिछले कुछ वर्षों में गुजरात में महत्वपूर्ण निवेश किया है, जिससे रोज़गार के अपार अवसर पैदा हुए हैं। आज, सुजुकी मोटर का गुजरात प्लांट भारत के अग्रणी ऑटोमोबाइल निर्माण संयंत्रों में से एक है। इस संयंत्र ने मेहसाणा के आसपास के ऑटो कंपोनेंट उद्योग में बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित किया है।

इतना ही नहीं, सुजुकी मोटर्स गुजरात ने भविष्य में इलेक्ट्रिक वाहनों का उत्पादन बढ़ाने के लिए 32 अरब रुपये का निवेश करके चौथी उत्पादन लाइन स्थापित करने की भी घोषणा की है। अपने मज़बूत बंदरगाह बुनियादी ढाँचे के कारण, गुजरात वैश्विक ऑटोमोबाइल उद्योग के लिए एक रणनीतिक निर्यात केंद्र बन गया है। 2024 में, गुजरात ने दक्षिण अफ्रीका, सऊदी अरब, जापान, संयुक्त अरब अमीरात और चिली सहित कई देशों को लगभग रु. 3,459 करोड़ मूल्य के ऑटोमोबाइल निर्यात किए। इसके अतिरिक्त, गुजरात ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में ऑटोमोबाइल क्षेत्र में रु. 29,700 करोड़ का महत्वपूर्ण निवेश दर्ज किया, जो पिछले पाँच वर्षों में 16.4% की मज़बूत **CAGR** दर्शाता है। यानी निवेश 16.4% की वार्षिक दर से बढ़ रहा है।

# कोल इंडिया लिमिटेड के शेयर खरीदने का आज आखिरी दिन, कल मिलेगा डिविडेंड

**नई दिल्ली।**

सरकारी कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड के शेयरों में बुधवार को तेजी की उम्मीद है। वजह यह है कि आज आखिरी दिन है जब निवेशक शेयर खरीदकर कंपनी के अंतिम डिविडेंड के हकदार बन जाएंगे। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 5.15 प्रति शेयर का डिविडेंड देने की सिफारिश की है।

कंपनी ने बताया है कि डिविडेंड पाने के लिए 21 अगस्त गुरुवार की तारीख तय की है। इस दिन तक जिन निवेशकों के पास कंपनी के शेयर होंगे, उन्हें डिविडेंड दिया जाएगा।

कोल इंडिया अपनी 51वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) 28 अगस्त को करेगी। एजीएम में डिविडेंड को मंजूरी मिलने के बाद कंपनी 30 दिनों के अंदर यह भुगतान करेगी। यह सिफारिश पहले 7 मई 2025 को बोर्ड बैठक में की गई थी।

अप्रैल-जून 2025 तिमाही में कोल इंडिया का शुद्ध मुनाफा 10,943.55 करोड़ रहा, जो पिछले साल की समान अवधि के बराबर है। कंपनी की कुल आय घटकर 37,458.05 करोड़ रही, जो पिछले साल इसी तिमाही में 39,388.47 करोड़ थी।

बिक्री घटकर 31,880.43 करोड़ पर आ गई, जो क्यू1 2025 में 33,170.13 करोड़ थी। वहीं खर्च बढ़कर 25,893.12 करोड़ हो गया, जबकि पिछले साल यह 25,326.66 करोड़ था।

19 अगस्त को एनएसई पर कोल इंडिया का शेयर 385.90 पर बंद हुआ, जो पिछले दिन से 0.49 फीसदी कम है। कंपनी का मार्केट कैप फिलहाल 2.38 लाख करोड़ है और यह बीएसई 100 इंडेक्स का हिस्सा है।

# मुनाफाखोरी-रोधी प्रावधान को फिर से लागू करने पर विचार कर रही सरकार

**इसका मकसद होगा कारोबारी अप्रत्यक्ष कर का फायदा उपभोक्ताओं को दें**

**नई दिल्ली।**

सरकार जीएसटी व्यवस्था में प्रस्तावित सुधार के बाद मुनाफाखोरी-रोधी प्रावधानों को कुछ समय के लिए फिर से लागू करने पर विचार कर रही है। मीडिया रिपोर्ट में एक सरकारी अधिकारी के वाले से जानकारी दी गई है कि इससे यह सुनिश्चित होगा कि कारोबारी अप्रत्यक्ष कर का फायदा उपभोक्ताओं को दें। अधिकारी ने अपनी पहचान जाहिर न करने की शर्त पर बताया है कि केंद्र सरकार बाजार से संचालित मूल्य निर्धारण के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन अनुचित मुनाफाखोरी की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। अगर कंपनियां कर दरों में कमी के अनुरूप अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) कम नहीं करेंगी तो ऐसा हो सकता है। हम दो साल तक मुनाफाखोरी-रोधी उपायों को लागू करने की योजना बना रहे हैं ताकि कारोबारी दरों में कमी के लाभ को अपनी जेब में न रखें।

बता दें मुनाफाखोरी-रोधी प्रावधानों को सबसे पहले 2017 में लागू किया गया था। उस समय जीएसटी ने कई अप्रत्यक्ष करों को बदल दिया था और कई वस्तुओं पर कर की दरें कम हो गई थीं। केंद्रीय जीएसटी अधिनियम की धारा 171 के तहत लाए गए इन नियमों का उद्देश्य यह तय करना था कि कारोबारी कर की दरों में कमी और इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाएं। समय के साथ-साथ इसका दायरा एमआरपी से आगे बढ़कर एफएमसीजी, आतिथ्य सेवा और रियल एस्टेट जैसे क्षेत्रों में लगातार दर में कटौती और आईटीसी लाभों को कवर करने तक विस्तृत किया गया।

सरकार ने इन नियमों के साथ मुनाफाखोरी-रोधी महानिदेशालय (डीजीएपी) की स्थापना भी की थी। इसका काम उन कंपनियों के खिलाफ शिकायतों की जांच करना था जो कर की कम दरों का फायदा उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंचा रही थीं।

इसके अलावा किसी भी अनियमित एवं अनुचित मुनाफाखोरी गतिविधियों को विनियमित करने के लिए राष्ट्रीय मुनाफाखोरी-रोधी प्राधिकरण (एनएए) का गठन किया गया था। दिसंबर 2022 में एनएए के विघटन के बाद भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग को ही मुनाफाखोरी-रोधी मामलों को संभालने की जिम्मेदारी दी गई। अक्टूबर 2024 से यह क्षेत्राधिकार जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) दिल्ली के प्रधान पीठ को स्थानांतरित कर दिया गया।

# ई-बाइक डायमंडहेड को लॉन्च करेगी ओला इलेक्ट्रिक



**नई दिल्ली ।**

दो पहिया वाहन निर्माता कंपनी ओला इलेक्ट्रिक साल 2027 में अपनी बहुप्रतीक्षित ई-बाइक डायमंडहेड को लॉन्च करेगी। यह बाइक 0 से 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार मात्र दो सेकंड में पकड़ सकती है। इसमें ओला का विशेष मूव ओएस ऑपरेटिंग सिस्टम, सेल्फ-ड्राइविंग फीचर और हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग के लिए कृत्रिम सिलिकॉन मिलेगा, जिससे यह पूरी तरह स्मार्ट मशीन बन जाएगी। इसकी अनुमानित कीमत 5 लाख रुपये तक हो सकती है। ओला डायमंडहेड को हल्के लेकिन बेहद मजबूत एयरो लाइट मटेरियल से बनाया गया है, जिसमें एक्टिव एयरोडायनेमिक्स तकनीक दी गई है। यह न केवल हवा के प्रवाह को नियंत्रित करके बाइक को तेज गति से चलने में मदद करती है, बल्कि स्थिरता भी बनाए रखती है।

बेहतर नियंत्रण के लिए इसमें हब-सेंटर्ड स्टीयरिंग लगाया गया है, जो फुल स्पीड पर भी राइड को संतुलित रखेगा। यह ई-बाइक एडवांस ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम (एडीएएस) से लैस होगी, जिसमें रियल-टाइम अलर्ट, ऑटोमैटिक ब्रेकिंग, एडैप्टिव क्रूज कंट्रोल और इमरजेंसी ब्रेकिंग जैसी सुविधाएं शामिल होंगी। राइडर को एक स्मार्ट एआर हेलमेट भी मिलेगा, जो सड़क और ट्रैफिक की सटीक जानकारी प्रदान करेगा।

लंबी दूरी की राइड के लिए इसे एक्टिव एर्गोनॉमिक्स के साथ डिजाइन किया गया है। सड़क की स्थिति के अनुसार इसका सस्पेंशन अपने आप एडजस्ट होगा। राइडर के स्वास्थ्य और राइड डेटा पर नज़र रखने के लिए स्मार्ट वियरेबल्स भी उपलब्ध रहेंगे। साथ ही एक्सट्रीम फास्ट चार्जिंग तकनीक इसे कुछ ही मिनटों में चार्ज कर देगी।

ओला का कहना है कि डायमंडहेड सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के भविष्य को परिभाषित करेगी।

# रुस-यूक्रेन युद्ध के चलते भारत खरीद रहा रुसी ऊर्जा, इसलिए ट्रंप ने टैरिफ बढ़ाया

## -लेविट ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति चाहते हैं कि क्षेत्र में जल्द शांति स्थापित हो


**नई दिल्ली।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 फीसदी अलग से टैरिफ लगा दिया है। व्हाइट हाउस प्रेस सेक्रेटरी कैरोलीन लेविट ने कहा कि यह कदम रूस को युद्ध जारी रखने से रोकने के लिए उठाया गया है। लेविट ने कहा कि भारत लगातार रूसी ऊर्जा खरीद रहा है, इसी कारण टैरिफ दोगुना यानी 50 फीसदी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि ट्रंप लगातार दबाव बना रहे हैं कि यह युद्ध जल्द खत्म हो। उन्होंने भारत पर प्रतिबंध और दूसरे कदम उठाए हैं ताकि रूस-यूक्रेन युद्ध का अंत हो सके। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप ने सोमवार को व्हाइट हाउस में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की और सात यूरोपीय नेताओं से साथ मुलाकात की थी। इस बैठक में युद्ध खत्म करने के विकल्पों पर चर्चा की गई। लेविट ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप चाहते हैं कि जल्द शांति स्थापित हो। बैठक के बाद नाटो महासचिव समेत सभी यूरोपीय नेता इसे सही दिशा में पहला कदम बताया। व्हाइट हाउस का दावा है कि अगर ट्रंप पहले से राष्ट्रपति होते, तो यह युद्ध कभी शुरू ही नहीं होता। रिपोर्ट के मुताबिक लेविट ने दोहराया कि ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराकर तनाव कम करने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि अप्रैल में पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद ऑपरेशन सिंदूर के बाद जब हालात बिगड़ रहे थे, तब ट्रंप ने व्यापार को हथियार बनाकर दोनों देशों के बीच युद्धविराम कराया। ट्रंप कई बार कह चुके हैं कि मई में भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध उन्होंने रुकवाया। भारत ने इस दावे को हमेशा खारिज किया है, लेकिन पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने ट्रंप को इस समझौते का श्रेय देते हैं।

# रुपया गिरावट के साथ बंद




**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया बुधवार को दो पैसे की गिरावट के साथ ही 87.06 रुपये पर बंद हुआ। वहीं इससे पहले रुपया मंगलवार को रुपया 87.04 पर बंद हुआ था। गत दिवस शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 19 पैसे बढ़कर 87.20 पर पहुंच गया था। यह बढ़त व्यापक कर सुधारों और घरेलू शेयर बाजारों में जारी तेजी के चलते दर्ज की गई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 87.24 पर खुला और धीरे-धीरे मजबूत होते हुए 87.20 पर पहुंचा। वहीं सोमवार को यह 87.39 पर बंद हुआ था। विशेषज्ञों के अनुसार, सरकार द्वारा टैक्स सिस्टम में पारदर्शिता और निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किए गए सुधारों ने विदेशी निवेशकों का भरोसा बढ़ाया है। रुपये की इस मजबूती को निवेशकों के लिए सकारात्मक संकेत माना जा रहा है, जो देश की आर्थिक नीतियों में भरोसे को दर्शाता है।




# मोतीलाल ओसवाल ने पेटीएम के 26,31,244 अतिरिक्त शेयर खरीदे

**-इसके साथ हिस्सेदारी 4.74 फीसदी से बढ़कर 5.15 फीसदी हुई**

**नई दिल्ली।** स्टॉक ब्रोकरेज फर्म मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने फिनटेक कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (पेटीएम की पैरेंट कंपनी) में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा दी है। कंपनी ने एक्सचेंज को बताया कि अब उसके पास पेटीएम में 5.15 फीसदी हिस्सेदारी है। मंगलवार को दाखिल की गई एक्सचेंज फाइलिंग के मुताबिक मोतीलाल ओसवाल ने पेटीएम के 26,31,244 अतिरिक्त शेयर खरीदे हैं। इसके साथ ही उनकी हिस्सेदारी 4.74 फीसदी से बढ़कर 5.15 फीसदी हो गई है। अब उनके पास कुल 3,29,11,399 शेयर हैं। मंगलवार को पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस का शेयर 4.6 फीसदी या 53.75 बढ़कर 1,227.30 पर बंद हुआ था। दिन के दौरान इसने 1,232.65 का हाई छुआ यानी करीब 5 फीसदी की तेजी दर्ज की। कंपनी का मार्केट कैप अब करीब 78,360 करोड़ है। इसी दिन मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के शेयर भी 2.31 फीसदी या 21.70 बढ़कर 959.85 पर बंद हुए। इस कंपनी का मार्केट कैप करीब 57,544 करोड़ है। बता दें हाल ही में मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने क्विक-कॉमर्स स्टार्टअप जेप्टो में भी बड़ा निवेश किया था। कंपनी ने 400 करोड़ लगाकर जेप्टो के 7.54 करोड़ कम्पलसरीली कन्वर्टिबल प्रेफरेंस शेयर खरीदे थे। यह डील 12 अगस्त को रेगुलेटरी फाइलिंग में दर्ज की गई थी।

# नए लुक में लॉन्च हुई टाटा पंच ईवी, नए कलर के साथ एडवांस फीचर्स भी



**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स की सबसे पॉपुलर और किफायती इलेक्ट्रिक कारों में से एक टाटा पंच ईवी अब नए लुक में बाजार में आ गई है। अपनी फ्यूचरिस्टिक डिजाइन और एडवांस फीचर्स के लिए पंच ईवी अब दो नए कलर के साथ बाजार में उपलबध है। साथ ही कंपनी ने इसकी चार्जिंग स्पीड में भी सुधार किया है, जिससे यह कार पहले से ज्यादा प्रैक्टिकल और यूजर फ्रेंडली बन गई है। टाटा पंच ईवी में अब प्यूर ग्रे और सुपरनोवा कॉपर कलर शामिल किया गया है। इन नए शेड्स के जुड़ने के बाद पंच ईवी कुल सात रंगों में बाजार में उपलब्ध होगी। खास बात यह है कि इसके सभी कलर ब्लैक रूफ के साथ डुअल-टोन फिनिश में आते हैं, जो कार को और भी प्रीमियम और स्टाइलिश बना देते हैं। टाटा ने पंच ईवी की डीसी फास्ट चार्जिंग स्पीड को बेहतर बनाया है। जहां पहले इस कार को 10 फीसदी से 80 फीसदी तक चार्ज करने में 56 मिनट लगते थे, अब इसे सिर्फ 40 मिनट में चार्ज किया जा सकेगा। केवल 15 मिनट की चार्जिंग में पंच ईवी करीब 90 किलोमीटर की दूरी तय करेगी, जिससे लंबी यात्राओं में यह मददगार साबित होगी। टाटा पंच ईवी न केवल स्टाइलिश है, बल्कि टेक्नोलॉजी से भी लैस है। इसमें 10.25-इंच का डुअल स्क्रीन सेटअप लगाया गया है, जिसमें इंफोटेनमेंट और इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर शामिल हैं। इसके अलावा, कार में वायरलेस एंडराड ऑटो और एपल कारप्ले, रियर ऐसी वेंट, ऑटोमैटिक क्लाइमेट कंट्रोल, एयर प्यूरीफायर और 6-स्पीकर साउंड सिस्टम जैसे फीचर्स मिलते हैं। कंफर्ट के लिए वेंटिलेटेड फ्रंट सीटें, एंबिएंट लाइटिंग और सिंगल-पेन सनरूफ भी मौजूद हैं।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

## सेंसेक्स 213 अंक , निफ्टी 70 अंक उछला

**मुम्बई ।**

शेयर बाजार बुधवार को तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में ये उछाल दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के बाद भी खरीददारी हावी रहने से आया है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में 213.45 अंक की तेजी के साथ करीब 81,850 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 70 अंक बढ़कर 25,000 के स्तर के ऊपर बंद हुआ। ब्रॉडर मार्केट का प्रदर्शन मिलाजुला रहा, निफ्टी मिडकैप और निफ्टी स्मॉलकैप सूचकांक 0.46 फीसदी और 0.30 फीसदी की तेजी के साथ बढ़त पर बंद हुए। निफ्टी बैंक में 0.30 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने एक दिन की खरीदारी के बाद फिर से शुद्ध विक्रेता रहे और भारतीय शेयरों में 634.26 करोड़ रुपए की बिकवाली की। इस बीच, घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 2,261.06 करोड़ रुपये की शुद्ध खरीदारी के साथ अपना समर्थन बनाए रखा।

सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से बजाज फाइनेंस, टाटा मोटर्स, ट्रेंट, बजाज फिनसर्व, कोटक महिंद्रा बैंक और टाटा मोटर्स के शेयर गिरे। वहीं भारती एयरटेल, इन्फोसिस और एनटीपीसी के शेयर में तेजी रही। जानकारों के अनुसार एनएसई का बेंचमार्क सूचकांक निफ्टी पिछले तीन दिनों में जीएसटी सुधारों से संबंधित सकारात्मक घोषणाओं के कारण 364 अंक उछला है जिससे भी बाजार को बल मिला है। इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट पर खुला। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजारों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच ही बिकवाली हावी रहने से आयी। निवेशकों ने अमेरिका-भारत के बीच व्यापार मामले पर होने वाली बातचीत से पहले से सतर्क रुख अपनाने हुए बाजार से दूरी बनाये रखी। आज सुबह सेंसेक्स पिछले बंद भाव से 68.3 अंक की गिरावट के साथ 81,576.09 पर खुला। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी सुबह 26.5 अंक टूटकर 24,965.80 पर खुला।




सेंसेक्स की कंपनियों में ज्यादा शेयर नुकसान के साथ ही नीचे आये। इनमें बजाज फाइनेंस, एचसीएल टेक, कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा मोटर्स और ट्रेंट जैसे शेयर शामिल थे। वहीं भारती एयरटेल, इटरनल, एनटीपीसी, इंफोसिस और टीसीएस सबसे ज़्यादा लाभ में रहे। एशियाई बाजारों में भी आज सुबह गिरावट से शुरुआत हुई। सुबह दक्षिण कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 1.87 फीसदी और जापान का निक्केई 225 इंडेक्स 1.11फीसदी गिरा। अमेरिकी बाजार में भी गिरावट रही। वहीं तकनीकी शेयरों में कमजोरी के कारण एसएंडपी 500 में 0.59 फीसदी की गिरावट, नेसडेक में 1.46फीसदी की गिरावट और डॉओ जोंस लगभग स्थिर रहा।

# एयरपोर्ट जाने से पहले वेबसाइट या ऐप पर उड़ान की स्थिति देखें

**मुंबई में भारी बारिश से उड़ानें बाधित, इंडिगो ने जारी की एडवाइजरी**



**मुंबई।** मुंबई में भारी बारिश से उड़ाने भी बाधित हो रही हैं। इसके मद्देनजर भारत की प्रमुख विमानन कंपनी इंडिगो ने यात्रियों के लिए बुधवार को एडवाइजरी जारी की। इंडिगो एयरलाइंस ने एक्स पर पोस्ट करके बारिश की आशंका के कारण हवाई यात्रा पर असर पड़ने की बात कही है। कंपनी ने पोस्ट में लिखा- हम चाहते हैं कि आपकी यात्रा यथासंभव परेशानी मुक्त हो, लेकिन प्रकृति की भी अपनी योजनाएं हैं। मुंबई में भारी बारिश की आशंका है, जिससे हवाई यातायात में भीड़भाड़ और उड़ान संचालन पर असर पड़ सकता है। एयरलाइंस ने आगे लिखा- हम संचालन को सुचारू रखने के लिए अपनी पूरी कोशिश कर रहे हैं, लेकिन हम पहले से योजना बनाने की सलाह देते हैं। आपकी उड़ान के शेड्यूल में कोई भी बदलाव आपके पंजीकृत संपर्क विवरण के जरिए से साझा किया जाएगा, इसलिए सुनिश्चित करें कि वे अपडेट रहें। एयरपोर्ट जाने समय से पहले निकलने की सलाह देते हुए इंडिगो ने लिखा- एयरपोर्ट जाने से पहले हमारी वेबसाइट या ऐप पर अपनी उड़ान की स्थिति देखें और जलभराव और धीमी गति से चलने वाले ट्रैफिक की संभावना के कारण, अपनी यात्रा के लिए कुछ अतिरिक्त समय निकालें। सड़कों पर सुरक्षित रहें और तैयार होकर यात्रा करें। इससे पहले बुधवार को इंडिगो एयरलाइंस ने पोस्ट करके एक एडवाइजरी जारी की थी। उसमें भी विमानन कंपनी ने कई विमानों के आगमन और प्रस्थान में देरी की आशंका जताई थी और यात्रियों को इंडिगो की ऐप और वेबसाइट से यात्रा संबंधी प्रमुख गाइडलाइन्स को फॉलो करने की सलाह दी थी। मौसम विभाग ने मुंबई में भारी बारिश की चेतावनी दी थी, जिसके कारण उड़ानों के समय में बदलाव या देरी की संभावना जताई जा रही है। आईएमडी ने महाराष्ट्र में 16 से 21 अगस्त के दौरान भारी बारिश जारी रहने की संभावना जताई थी।

# ऑनलाइन गेमिंग विधेयक पर उद्योग जगत की अपील कहा- बैठक कर पहले चर्चा जरुरी

**नई दिल्ली।**

ऑल इंडिया गेमिंग फेडरेशन (एआईजीएफ), ई-गेमिंग फेडरेशन (ईजीएफ) और फेडरेशन ऑफ इंडिया फैंटेसी स्पोर्ट्स (एफआईएफएस) द्वारा संयुक्त रूप से लिखे गए पत्र में, उद्योग जगत के नेताओं ने कहा कि उनका मानना है कि ऑनलाइन स्किल गेमिंग इंडस्ट्री प्रधानमंत्री के 1 ट्रिलियन डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण की आधारशिलाओं में से एक हो सकता है। ऐसे में उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधियों ने सरकार के साथ तत्काल बैठक का अनुरोध किया है। उनका कहना है कि अगर यह विधेयक पारित हो जाता है, तो भारतीय यूजर्स और नागरिकों को गंभीर नुकसान होगा।

गेमिंग संगठनों ने पत्र में कहा, हमें विश्वास है कि आपके समर्थन से, भारत का गेमिंग क्षेत्र जिम्मेदारी से आगे बढ़ सकता है, रोजगार पैदा कर सकता है, महत्वपूर्ण कर राजस्व में योगदान दे सकता है और अवैध ऑपरेटरों को रोक सकता है। यह विधेयक ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म को एक कानूनी ढांचे के तहत लाने और डिजिटल ऐप्स के माध्यम से जुआ खेलने पर दंड लगाने का प्रस्ताव करता है। प्रस्तावित कानून राज्य के कानूनों में लत, धोखाधड़ी और विसंगतियों पर चिंता व्यक्त करता है और इसमें दंड और सजा के प्रावधान हैं।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को ऑनलाइन गेमिंग के लिए केंद्रीय नियामक के रूप में नामित किया जा सकता है। इस विधेयक का उद्देश्य अनधिकृत ऑनलाइन सट्टेबाजी पर भी रोक लगाना है। गेमिंग फेडरेशन के अनुसार, ऑनलाइन स्किल गेमिंग एक उभरता हुआ क्षेत्र है, जिसका उद्यम मूल्यांकन 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक है, राजस्व 31,000 करोड़ रुपए से अधिक है, वार्षिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर 20,000 करोड़ रुपए से अधिक है और यह 20 प्रतिशत सीएजीआर से बढ़कर 2028 तक और भी अधिक ऊंचाइयों को छूने के साथ दोगुना होने वाला है। भारतीय ऑनलाइन गेमर्स की कुल संख्या 2020 में 36 करोड़ से बढ़कर 2024 में 50 करोड़ से अधिक हो गई।

पत्र में आगे कहा गया है, भारत के गेमिंग उद्योग ने जून 2022 तक 25,000 करोड़ रुपए से अधिक का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित किया है। यह उद्योग वर्तमान में 2 लाख से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियों का सृजन करता है, और अगले कुछ वर्षों में यह संख्या काफी बढ़ जाएगी।

# अगस्त से नवंबर के बीच कई नए मॉडल होंगे लॉन्च

**नई दिल्ली ।** ऑटोमोबाइल कंपनियां भारतीय बाजार में अगस्त से नवंबर के बीच कई नए मॉडल लॉन्च करने की तैयारी में हैं। कंपनियों का सबसे ज्यादा फोकस इलेक्ट्रिक व्हीकल्स पर रहेगा। टाटा सिएरा ईवी, ई-विटारा और विनफास्ट एसयूवी जैसी किफायती गाड़ियों से लेकर बीएमडब्ल्यू आईएक्स 2025, ऑडी क्यू6 ई-ट्रॉन और मर्सडीज बेंझ सीएलए इलेक्ट्रानिक जैसी लग्जरी गाड़ियां लॉन्च होंगी। महिंद्रा भी अपने वीजन एस और एसएक्सटी कॉन्सेप्ट को प्रोडक्शन की ओर ले जा रही है। दोपहिया सेगमेंट में स्कूटर्स और प्रीमियम ई-मोटरसाइकिलें आएंगी, हालांकि बड़े पैमाने पर बिकने वाली इलेक्ट्रिक बाइक्स के लिए अभी एक साल इंतजार करना होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि इस साल अगस्त से नवंबर का समय भारत में अब तक का सबसे बड़ा ईवी लॉन्च सीजन साबित हो सकता है। इसमें लग्जरी से लेकर किफायती तक, हर तरह की गाड़ियां एक साथ बाजार में आएंगी, जिससे शहरी और अर्ध-शहरी दोनों तरह के ग्राहकों की मांग को बढ़ावा मिलेगा। 2025 की पहली छमाही में ही टेस्ला ने अपने मॉडल वाय के साथ भारतीय बाजार में दस्तक दी, जिसने माहौल को और गरमाया। इसके बाद हुंडई क्रेटा ईवी, टाटा हैरियर ईवी, किआ कैरेंस क्लैविस ईवी, हुंडई वेन्यू ईवी और महिंद्रा की नई [illegible] सीरीज जैसे कई मॉडल लॉन्च हुए।

# जनसुराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बोले- लोग खुलेआम शराब पी रहे

## उदय सिंह ने कहा- सरकार के गठन के 5 मिनट के अंदर कानून को खत्म किया जाएगा





**पूर्णिया।** में जनसुराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय सिंह ने बिहार में लागू शराबबंदी को लेकर बयान दिया है। राज्य में लागू शराबबंदी कानून पर बोलते हुए कहा कि शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में लोग खुलेआम शराब पी रहे हैं। बिहार में जनसुराज की सरकार बनी, तो सरकार के गठन के 5 मिनट के अंदर शराब बंदी कानून खत्म कर दी जाएगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय सिंह ने ये बयान पूर्णिया स्थित आवास पर अपनी टीम के साथ बुलाए गए एक प्रेसवार्ता के दौरान कही। उदय सिंह उर्फ पप्पू सूंघने प्रेस को संबोधित करते हुए बिहार के सभी 243 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने का दावा किया। प्रेस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्याशियों के नाम पर विधानसभा वार फीडबैक लिया जा रहा है। पार्टी टिकट देते समय स्थानीय और राजनीतिक अनुभव रखने वाले लोगों प्राथमिकता देगी। ऐसे उम्मीदवारों के नाम को लेकर गहन मंथन जारी है।सीमांचल का इलाका गरीबी और पलायन का शिकारसीमांचल का इलाका गरीबी और पलायन का शिकार है। पार्टी का मकसद राज्य की व्यवस्था को सुधारना है। उम्मीद है कि लोग जाति और धर्म से उठकर जन सुराज को समर्थन करेंगे। 3 साल के जनसंपर्क अभियान के बाद बिहार में जन सुराज का नाम लोगों की जुबान पर है। इतने कम समय में राज्य को एक अच्छा विकल्प मिला है। बिहार के लोगों की जिम्मेदारी बनती है, कि बदलाव करें।उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पताल के डॉक्टर मरीज को प्राइवेट में जाने की बात कह रहे हैं। लोगों को आयुष्मान कार्ड की जानकारी नहीं है। आगामी 17 सितंबर को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूर्णिया आएंगे और हवाई सेवा का उद्घाटन करेंगे। पूर्णिया रेल के मामले में हमेशा से पीछे रहा है। आशा है कि आने वाला 17 सितंबर पूर्णिया के लिए बड़ा दिन होगा। सुविधाएं बढ़ाने से विकास में गति आती है।कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वोटर अधिकार यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया है। वोट की गड़बड़ी को लेकर उन्होंने एक विधानसभा की बात की। जबकि वोट में गड़बड़ी का खेल कब से चल रहा है, ये पता नहीं। लेकिन साल 2019 में वे लोकसभा का चुनाव हार गये थे, तब यहां के लोगों ने आश्चर्य व्यक्त किया था। वोटर लिस्ट में गड़बड़ी हुई है, तभी तो जिन लोगों को बताया गया, वे लोग जीवित निकले। 10 जिलों में संभावित उम्मीदवार के नाम की चर्चाप्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने कहा कि हम लोगों के पूर्णिया में प्रवास का मकसद पूर्णिया और आसपास के 10 जिलों में संभावित उम्मीदवार के नाम की चर्चा करना है। एक साथ सभी विधानसभा का फीडबैक लेने इकट्ठा हुए हैं।जनसुराज के प्रदेश कोषाध्यक्ष सह पूर्णिया के अवकाश प्राप्त पूर्व डीएम अरविंद सिंह ने कहा कि हमारा मकसद राजनीति नहीं बल्कि बिहार का विकास करना है। अवकाश प्राप्त आईपीएस जितेंद्र मिश्रा ने सीमांचल से बड़ी संख्या में रोजगार के लिए मजदूरों के पलायन पर चिंता जताई।

# सितंबर में पटना में दौड़ेगी मेट्रो CM नीतीश कुमार ने किया कोच का निरीक्षण,



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को पटना मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान बैरिया स्थित पटना मेट्रो टर्मिनल का स्थल निरीक्षण कर मेट्रो रेल के डिब्बे, रेलवे ट्रैक, यार्ड, पावर ग्रीड आदि का निरीक्षण किया। इस क्रम में पटना मेट्रो रेल के निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही जीरोमाईल मेट्रो स्टेशन का भी निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान पटना मेट्रो निर्माण कार्य में तेजी लाने का अधिकारियों को निर्देश दिया। हमलोगों का लक्ष्य है कि पटना मेट्रो रेल परियोजना अंतर्गत प्रायोरिटी कॉरिडोर (मलाही पकड़ी से पाटलिपुत्र बस टर्मिनल) में मेट्रो रेल का परिचालन सितंबर माह तक आरंभ हो जाए।आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव के बड़े बेटे और हसनपुर के विधायक तेजप्रताप यादव ने मंगलवार को मनेर में रोड शो किया। उन्होंने महिनावां में टीम तेजप्रताप कार्यालय का उद्घाटन भी किया। मनेर पहुंचते ही तेजप्रताप ने नगर परिषद मनेर के उप मुख्य पार्षद शंकर कुमार यादव को अपनी पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया। मनेर पड़ाव पर सभा को संबोधित करते हुए तेजप्रताप ने कहा कि मनेर में एक व्यक्ति बहरूपिया बैलवा बनकर घूम रहा है। यह बैल बेलगाम होकर आम आदमी को सिंग मार रहा है। मनेर की जनता से आग्रह होगा कि आपलोग इसे नाथने का काम कीजिए। इस बैल नाम के व्यक्ति ने उन्हें पार्टी और संगठन से बाहर करवा दिया। तेजप्रताप ने मनेर में क्रिकेट स्टेडियम बनाने की घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने मनेर पड़ाव स्थित भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया।स्टेट टीचर अवॉर्ड की राशि दोगुनी हुई,अब 30 हजार मिलेंगेबिहार में राजकीय शिक्षक पुरस्कार की राशि को सरकार ने दोगुना कर दिया है। अब 15,000 से बढ़कर □30,000 मिलेंगे। मंगलवार को नीतीश कैबिनेट की बैठक में प्रस्ताव पास हुआ। मीटिंग में 16 एजेंडों को मंजूरी मिली है। जिनमें बांका जिले में 46 एकड़ भूमि पर बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस का मुख्यालय बनाने के लिए गृह विभाग को जमीन ट्रांसफर करने का निर्णय लिया है। वहीं मधेपुरा में बिजली ग्रिड सब स्टेशन निर्माण के लिए दो एकड़ भूमि पावर ट्रांसमिशन कंपनी को दी जाएगी।

# वैशाली में शहीद जवान का अंतिम संस्कार



हाजीपुर।अरुणाचल प्रदेश में शहीद हुए वैशाली के जवान कुंदन कुमार का बुधवार को अंतिम संस्कार किया जा रहा है। पार्थिव देह हाजीपुर के कोनहारा घाट लाई गई है। यहां राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। पार्थिव देह के साथ सैकड़ों की संख्या में लोग कोनहारा घाट पहुंचे हैं। देश भक्ति गीत बज रहे हैं। लोगों के हाथों में तिरंगा है। भारत माता के नारे लग रहे हैं।बुधवार सुबह करीब 8 बजे जवान का पार्थिव शरीर फूलों से सजी गाड़ी से उनके पैतृक गांव गौसपुर बरियारपुर लाया गया। पार्थिव शरीर को देखते ही जवान की पत्नी बार-बार बेहोश होने लगी। पत्नी ने कहा- 'उन्होंने कहा था 25 अगस्त को आएंगे, लेकिन आज ही आ गए।'अंतिम दर्शन के लिए लोग छतों और पेड़ों पर चढ़ गए। इससे पहले जब पार्थिव शरीर को लेकर गाड़ी गांव में पहुंची तो पीछे हाथों में तिरंगा लिए लोग चल रहते रहे। भारत माता के नारे लगते रहे। पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं भी पहुंचीं।कुंदन के पिता ने बताया कि '138 अगस्त को उन्हें अधिकारियों का फोन आया था। उन्होंने बताया कि आपका बेटा आतंकवादियों से लड़ते हुए शहीद हो गया है।'कुंदन आर्मी में ऋछनायक के पद पर तैनात थे। 3 अप्रैल 2025 को सियाचिन से अरुणाचल प्रदेश ट्रांसफर हुआ था। अक्टूबर 2025 में उनका अयोध्या ट्रांसफर होने वाला था।कुछ दिन पहले भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ था, उस समय वो अरुणाचल प्रदेश के मेचुका में ड्यूटी पर तैनात थे। मई महीने में उन्होंने मुझे रात के 11 बजे कॉल किया था।' 'इस दौरान बातचीत में वे मरने की बात कहने लगे थे। भइया ने बताया था, उनके ऊपर कुछ लोन हैं। उसके पेपर घर पर ही हैं। तुम उसे क्लियर करवा देना। मेरी छक्ल की किश्त भी भर देना, क्योंकि अब लग रहा है कि हम घर नहीं आ पाएंगे। इसके बाद उन्होंने फोन काट दिया। इसके बाद से जब भी हमारी बात हुई।'फोन पर सेना के यूनिट अधिकारी ने कुंदन के पिता से कहा, 'वो हमेशा यही चाहता था कि उसका छोटा भाई भी सेना में भर्ती हो। शहीद का यह सपना अब अधूरा रह गया है।' पिता नंदकिशोर कहते हैं- 'मेरे बड़े बेटे ने देश की सेवा करते-करते जान दी है। अगर मौका मिलेगा तो मैं अपने और बेटों को भी सेना में भेजूंगा।' 'सेना के एक अधिकारी ने सोमवार की सुबह 10 बजे फोन कर घटना की सूचना दी।' 5 साल पहले 2020 में कुंदन की शादी हुई थी।

# पापा की आंखें निकल गईं, पैर टूटकर बाहर लटका था





**मोतिहारी।** 'मैं सड़क हादसे के वक्त जगा हुआ था। बस में पीछे की सीट पर बैठा था। पापा और दादा जी आगे वाली सीट पर बैठे थे। जब बस खड़े ट्रक से टकराई तो बहुत जोर की आवाज आई। जिसको सुनकर जैसे ही मैं उठा तो देखा कि पापा के शरीर से बहुत खून निकल रहा था। एक आंख निकल गई थी।' 'पैर बस की सीट से नीचे खिड़की की ओर बाहर लटका था। दादा भी कुछ नहीं बोल रहे थे। हादसे के बाद सब हल्ला करने लगे। हमको किसी ने गोदी में उठाया और बस की खिड़की से बाहर कूद गया। हम बच गए।'ये कहना है बंगाल के पूर्वी बर्दमान में नाला फेरी घाट पर तीर्थयात्रियों से भरी बस हादसे के शिकार नरेश पासवान के बेटे ऋषि कुमार का। उसने आगे बताया, हादसे के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को पिकअप पर बैठाकर हॉस्पिटल ले गई। जहां सभी का इलाज करवाया गया।ऋषि की आंखें अपने पिता का जिक्र करते ही नम हो गईं। पूरा घर चीख-पुकार से भरा था।पश्चिम बंगाल के बर्दवान जिले में 15 अगस्त को हुई भीषण बस दुर्घटना ने पूर्वी चंपारण के हरिबन छपरा गांव को झकझोर कर रख दिया है। हादसे में गांव के चार लोगों समेत 11 तीर्थयात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 26 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हैं।सभी घायल बुधवार को अपने-अपने गांव पहुंच गए हैं। दैनिक भास्कर की टीम बुधवार को हरिबन छपरा गांव पहुंची। यहां मृतक और घायल परिवारों से मुलाकात कर उस भयावह हादसे की कहानी जानी।मृतक पुनदेव पासवान की पत्नी गया देवी उस बस में मौजूद थीं। वे कांपते हुए कहती हैं- 'हम पीछे दाहिने साइड में बैठे थे। मेरे आगे मेरी बहू थी और बगल में पति और बेटा बैठे थे। अचानक जोर का झटका लगा और बहुत तेज आवाज आई। तभी ऊपर की सीट मेरे ऊपर गिर गई। बहुत मुश्किल से कुछ लोगों की मदद से उसे हटाया गया।''जब मैंने बाहर देखा तो चारों तरफ खून ही खून था। लोग शीशा तोड़कर बाहर निकल रहे थे। मुझे भी किसी तरह बाहर निकाला गया। इसके बाद वहां की पुलिस हमलोगों को हॉस्पिटल लेकर गई। वहां जाकर मुझे पता चला कि मेरे पति और बेटे दोनों ही नहीं रहे। यह सोचकर मैं फफक-फफक कर रोने लगी।' 'मैंने इस घटना में पति-बेटे दोनों को गंवा दिया है। अब हमलोगों को कौन देखेगा। कैसे घर चलेगा। पोता छोटा है, उसके सिर से पिता का साया उठ गया।'घटना के वक्त मैं बैग से गमछा निकाल रही थीमृतक नरेश पासवान की पत्नी नीतू देवी ने भी अपना दर्द बांटा। उन्होंने बताया- 'बस में सब लोग सो रहे थे। घटना से कुछ सेकेंड पहले मेरे ससुर बोले कि ठंड लग रही है, गमछा निकाल कर दो। मैं सीट से उठकर बैग से गमछा निकाल ही रही थी कि तभी जोर का टक्कर हुआ। आवाज इतनी तेज थी कि सब दहशत में आ गए।''उसके बाद लोग भाग-भाग कर शीशा से भागने लगे। कुछ लोगों ने मोबाइल से वीडियो बनाना शुरू कर दिया। कुछ देर बाद बहुत लोग पहुंचे और खिड़की का शीशा तोड़कर हमें बाहर निकाला। तब तक मेरे पति और ससुर की मौत हो चुकी थी।'घायल संजय पासवान ने बताया, 'गंगा सागर में स्नान करके रात 8 बजे निकल गए। कोलकाता से 5 किमी दूर करीब दो बजे होटल पहुंचे। स्नान और नाश्ता करके सुबह 6 बजे हम लोग बस से निकले गए।' '7 बजे बस और ट्रक में टक्कर हुई। हम सोए हुए थे। कुछ लोग जग रहे थे। मेरी पत्नी को कुछ नहीं हुआ है। बस की एक कुर्सी टूटकर मेरी बॉडी पर आ गिरी। जिससे मेरा हाथ फ्रैक्चर हो गया।' 'मेरे सामने 9-10 लोगों की लाशें पड़ी थीं। आगे बैठे यात्रियों की मौत हो चुकी थी। मैं किसी तरह बस की खिड़की का शीशा तोड़कर बाहर निकला। बस में दो ड्राइवर थे, एक की मौके पर ही मौत हो गई। जो बस चला रहा था उसकी हालत गंभीर है। 55 से 56 लोग बस में सवार थे।' गांव में पसरा मातम, हर घर में सन्नाटा गांव लौटे लोगों की आंखों में अब भी खौफ है। महिलाएं अपने पति और बेटों को खोने के गम में बार-बार बेहोश हो रही हैं। बच्चों की मासूम आंखों में अब भी यह सवाल है कि आखिर अचानक यह सब क्यों हो गया? जिस-जिस घर का कोई सदस्य इस यात्रा पर गया था, वहां अब सिर्फ सन्नाटा और चीत्कार है।हादसे का दर्द नहीं भूल पा रहे लोग स्थानीय लोग बता रहे हैं कि बस ओवर-स्पीड में थी। अचानक बेकाबू होकर सड़क किनारे पलट गई। मृतकों के परिजन प्रशासन और बस ऑपरेटर पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। उनका कहना है कि इतनी बड़ी दुर्घटना में समय रहते राहत कार्य शुरू हो जाता तो शायद कुछ और लोगों की जान बच सकती थी।

## संक्षिप्त डायरी

### घर का छत गिरा, मलबे में दबे 3 लोग



**नालंदा।** में 60 साल पुराना मकान का जर्जर छत गिर गया। इससे घर के तीन सदस्य मलबे में दब गए। दादी और पोते की इस घटना में मौत हो गई है। जबकि, एक भाई जख्मी है। मामला रहुई प्रखंड के इमामगंज गांव का है। हादसे में 14 साल के किशोर की मौत हो गई है। घटना मंगलवार की रात हुई है। मृतक की पहचान धर्मवीर कुमार के 14 साल के बेटे आशीष कुमार के रूप में की गई है। दादी (80) आनंदी महतो की पत्नी फुलिया देवी की आज मौत हो गई है। जबकि, छत के मलबे में दबकर आशीष का छोटा भाई (12) निरंजन कुमार जख्मी हो गया। जिन्हें इलाज के लिए पावापूरी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। घटना के सम्बन्ध में मृतका की मां शोभा देवी ने बताया कि रात में बच्चे अपने दादी के साथ सोए हुए थे। तभी अचानक छत भर-भरा कर नीचे गिर गई। तेज आवाज हुई, जिसके कारण मेरी नींद खुली, बच्चे और उनकी दादी मलबे में दबे हुए थे।आसपास के लोगों की मदद से तीनों को बाहर निकाला गया और इलाज के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से बेहतर उपचार के लिए आशीष और उसकी दादी को पावापुरी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां आशीष और दादी की इलाज के दौरान मौत हो गई।धर्मवीर कुमार घर के जीवकोपार्जन चलाने के लिए केरल में रहकर मजदूरी करने का काम करते हैं। इस हादसे के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। घटना की सूचना पर धर्मवीर गांव लौट रहे हैं।परिवार वालों की मांग है कि सरकार उचित मुआवजा और रोजगार दें। इलाज की बेहतर व्यवस्था हो सके। दोनों बच्चे अपनी मां के साथ सोए हुए थे। गर्मी लगने की वजह से वह दादी के कमरे में चले गए। जहां पंखा लगा हुआ था। तभी अचानक देर रात हादसा हो गया। कल शाम यहां बारिश भी हुई थी।

### पानी से भरे गद्ढ़े में डूब कर मासूम की मौत

**मुजफ्फरपुर।** में मंगलवार को एक बच्चे की मौत हो गई। खेलते-खेलते गांव का तीन साल का मासूम सत्यम कुमार पानी भरे गड्ढे में जा गिरा। कुछ ही देर में उसकी सांसें थम गईं। इकलौते बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। मां गुड़िया देवी बार-बार बेहोश हो जा रही हैं, जबकि पिता रणजीत सहनी रो-रोकर चिल्ला रहे हैं। मामला पारू थाना क्षेत्र के चाकी सोहागपुर गांव का है। गांववालों के मुताबिक, सत्यम अपने दादा जगेश्वर सहनी के साथ घर से बाहर निकला था। दादा किसी काम में उलझ गए। तभी मासूम खेलते-खेलते पास में बने पानी भरे गड्ढे में चला गया। लोगों ने शोर मचाया और दौड़कर उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी जान जा चुकी थी।

# इलाज के समय मरीज की मौत,डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप




**औरंगाबाद।** में एक मरीज की मौत हुई है और डॉक्टर पर लापारवाही का आरोप है। जिले के गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित एक निजी अस्पताल में मंगलवार को अपेंडिक्स के ऑपरेशन के लिए भर्ती हुए एक व्यक्ति की मौत हो गई।मृतक 43 साल का संतोष पांडेय गोह बाजार के ही रहने वाले थे। मंगलवार की शाम अपेंडिक्स के ऑपरेशन के लिए उन्हें प्रखंड मुख्यालय के गया रोड स्थित रामकिशोर सिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां डॉक्टर अमरेंद्र कुमार की ओर से ऑपरेशन की तैयारी की जा रही थी। परिजनों के अनुसार ऑपरेशन से पहले चिकित्सक रोगी को बेहोशी के लिए एनेस्थिसिया दवा पाइप से मुंह में दी गई। दवा की मात्रा अधिक हो जाने से कुछ ही समय में व्यक्ति की मौत हो गई। मरीज की मौत होने के बाद चिकित्सक और मेडिकल स्टाफ क्लीनिक छोड़कर फरार हो गए। आवेदन मिलने के बाद होगी कार्रवाई मरीज की मौत के बाद आक्रोशित परिजनों ने जमकर हंगामा किया। निजी क्लीनिक में मरीज की मौत की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। उसके बाद लोगों को लोगों को समझा बुझा कर शांत कराया गया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंपा जाएगा। फिलहाल मामले में किसी ने कोई आवेदन नहीं दिया है। आवेदन मिलने पर एफआईआर दर्ज कर मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी।

# 'मुस्लिम लड़के का बहन से अफेयर, ये बर्दाश्त नहीं हुआ



**पटना।** शहजादा मुस्लिम था, हम हिंदू। बहन का उससे अफेयर चल रहा था। वो हमारे घर के आसपास से गुजरता तो लड़के कहते थे- देखो तुम्हारा जीजा जा रहा है। हमारे साथियों को भी कहते थे- देखो ये तो तुम्हारा भी जीजा ही है।''''हम परेशान हो चुके थे। कई बार शहजादा को बहन से दूर रहने को कहा था। बहन को भी समझाया था, लेकिन दोनों मानने को तैयार नहीं थे। इसके बाद हमने उसकी हत्या का प्लान बनाया और उसे मार दिया।'' ये कबूलनामा है पटना में बहन के बॉयफ्रेंड की हत्या करने वाले भाइयों का। 17 अगस्त को पटना के दीदारगंज थाना इलाके में शहजादा की हत्या हुई थी।इस हत्याकांड में लड़की के 2 सगे भाई और एक चचेरा भाई शामिल था। 2 दोस्तों ने भी उनकी मदद की। आरोपियों ने पुलिस को बताया, 'शहजादा ई-रिक्शा चलाता था।' '17 अगस्त को हमने उससे कहा कि एक दोस्त की बर्थ-डे पार्टी में चलना है, तुम तैयार रहना। हमने उसकी गाड़ी बुक की और माधोपुर फतेहपुर के बीच सीताराम राजेंद्र कॉलेज के पास ले गए। इसी कॉलेज में मेरा दोस्त पढ़ता था।''हमने पहले से प्लान किया था कि शहजादा को यही लाकर मारेंगे। हत्या के लिए हम एक बॉक्स में चाकू, दबिया और छेनी लेकर आए थे। शहजादा को शक ना हो, इसलिए हमने उसे गिफ्ट पैक कराया था।''जैसी ही हम सीताराम राजेंद्र कॉलेज के पास पहुंचे, शहजादा गाड़ी से उतरा और उसने पूछा- यहां कहां जाओगे। अंधेरा है, कोई घर भी नहीं है। इसके बाद हमने उसके ऊपर वार करना शुरू किया।''हम 5 लोग थे। 2 लोगों ने उसे पकड़ा एक ने गला काटा। दूसरे ने छेनी से उसकी आंख फोड़ी और दबिया से उसके ऊपर हमला किया। थोड़ी देर में वो जमीन पर गिर गया। हम उसके मरने का इंतजार कर रहे थे।''उसमें अब भी जान बची थी। वो जिंदा था। 5 मिनट बाद उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद हमने उसके ई-रिक्शा की नंबर प्लेट तोड़ी। पास ही खेत में पानी था बॉडी को वहां फेंका और घर लौट आए।'2 साल से था अफेयर, एक ही मोहल्ले में रहते थे पुलिस की पूछताछ में सामने आया है कि शहजादा और लड़की दोनों एक ही मोहल्ले में रहते थे। करीब 2 साल से दोनों के बीच अफेयर चल रहा था। लड़के की उम्र 30 साल थी और लड़की की 20। लड़का शादीशुदा था और उसके 2 बच्चे भी थे।परिवार और भाइयों ने कई बार लड़की को उससे दूर रहने के लिए कहा था, लेकिन दोनों का मिलना जारी था। शहजादा अक्सर उसके घर के आसपास घूमता रहता था। जो लड़की के परिवार पसंद नहीं था।18 अगस्त को पुलिस को सूचना मिली कि दीदारगंज थाना क्षेत्र के माधोपुर फतेहपुर के बीच सीताराम राजेंद्र कॉलेज के पास एक युवक की लाश मिली है। पहले शव की पहचान की गई।पहचान होने के बाद पुलिस ने शहजादा के फोन की डिटेल निकाली। इसमें आखिरी कॉल लड़की के भाइयों का मिला।पूछताछ के लिए पुलिस ने लड़की के भाइयों को हिरासत में लिया। सख्ती के पूछताछ में उन्होंने अपना जुर्म कबूल किया।पुलिस ने बताया, 'जांच के दौरान पता चला कि हत्या प्रेम प्रसंग में हुई है। लड़की के 3 भाइयों ने अपने 2 दोस्तों के साथ मिलकर चाकू, छेनी से गोदकर हत्या की थी।'आंख फोड़कर, सिर पर कई वार करने के बाद सभी ने युवक का गला काटा था। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल चापड़, छेनी, चाकू, सलाई रिंच बरामद कर लिया है। 18 अगस्त को पुलिस को युवक की बॉडी मिली थी। आरोपी बहन के अफेयर से नाराज थे।ग्रामीण SP विक्रम सिहाग ने बताया, 'मृतक ई रिक्शा चलाता था। एक आरोपी ने बर्थ-डे पार्टी में जाने के लिए मृतक के ई रिक्शा को बुक किया था। वो उसे पुनपुन सुरक्षा बांध के पास सुनसान जगह पर ले गया।''इसी जगह उसकी हत्या की गई।

# नैनीताल के पास बसा ये हिल स्टेशन जन्नत से नहीं है कम, खूबसूरत नजारे देख बन जाएगा आपका दिन



दिल्ली से करीब 300 किमी की दूरी पर नैनीताल स्थित है। जोकि उत्तराखंड का फेमस और खूबसूरत हिल स्टेशन है। गर्मी से लेकर मानसून के समय भी दिल्ली एनसीआर वाले नैनीताल में वीकेंड पर जाते हैं। नैनीताल अपनी खूबसूरती के लिए जाना जाता है। लेकिन जब पर्यटक नैनीताल मौज-मस्ती के लिए पहुंचते हैं, तो सिर्फ नैनीताल की फेमस जगहों को एक्सप्लोर करके चले जाते हैं। लेकिन यहां से काफी पास में स्थित मुक्तेश्वर जैसी अद्भुत जगह को एक्सप्लोर करना भूल जाते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उत्तराखंड की हसीन वादियों में स्थित मुक्तेश्वर की खासियत से लेकर इसकी खूबसूरती और आसपास में स्थित कुछ बेहतरीन और शानदार जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

उत्तराखंड में मुक्तेश्वर

मुक्तेश्वर नैनीताल जिले में स्थित एक खूबसूरत और मनमोहक गांव है। जोकि मुख्य शहर से करीब 48 किमी दूर है। हालांकि मुक्तेश्वर को कई लोग एक बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन मानते हैं। यह अल्मोड़ा से करीब 42 किमी दूर स्थित है। वहीं भीमताल से यह जगह 42 किमी दूर है।

क्यों फेमस है मुक्तेश्वर

मुक्तेश्वर गांव उत्तराखंड की हसीन वादियों में स्थित है और कई खास चीजों के लिए फेमस है। मुक्तेश्वर सबसे ज्यादा मुक्तेश्वर मंदिर के लिए जाना जाता है। यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। धार्मिक मान्यता के मुताबिक भगवान शंकर ने इस जगह एक राक्षस का वध किया था।

यहां की पौराणिक मान्यताओं के अलावा शांत और शुद्ध वातावरण के लिए जाना जाता है। मुक्तेश्वर, नैनीताल या फिर अल्मोड़ा की तुलना में कम भीड़-भाड़ वाली जगह है। यहां पर आप घने जंगल, बादलों से ढके ऊंचे-ऊंचे पहाड़, घास के मैदान और झील-झरने मुक्तेश्वर की खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं।

मुक्तेश्वर पर्यटकों के लिए है खास

पर्यटकों के लिए मुक्तेश्वर किसी जन्नत से कम नहीं है। खासकर यहां की प्राकृतिक सुंदरता पर्यटकों को सबसे ज्यादा आकर्षित करती है। यहां पर आपको नैनीताल से काफी कम भीड़ मिलेगी। इसलिए एकांत की तलाश करने वाले लोगों के लिए मुक्तेश्वर जन्नत से कम नहीं है।

आप यहां की खूबसूरती को निहारने के साथ ही एडवेंचर एक्टिविटी भी कर सकते हैं। मुक्तेश्वर की वादियों में रॉक क्लाइम्बिंग से लेकर रैपलिंग, कैंपिंग और ट्रेकिंग का लुत्फ उठा सकते हैं।

घूमने की बेस्ट जगहें

मुक्तेश्वर मंदिर

मुक्तेश्वर में पहुंचकर आप सबसे पहले मुक्तेश्वर मंदिर के दर्शन कर सकते हैं। जोकि भगवान शिव को समर्पित है। आप यहां पर ट्रेकिंग करके पहुंच सकते हैं।

चौली की जाली

चौली की जाली को नेचर लवर्स के लिए जन्नत माना जाता है। आप यहां से हिमालय की खूबसूरती को करीब से निहार सकते हैं।

भालू गढ़ वॉटरफॉल

मुक्तेश्वर से कुछ ही किमी की दूरी पर भालू गढ़ वॉटरफॉल एक फेमस पिकनिक स्पॉट है। बारिश के मौसम में इस वॉटरफॉल की खूबसूरती देखने लायक होती है।

ऐसे पहुंचे नैनीताल से मुक्तेश्वर

बता दें कि नैनीताल से मुक्तेश्वर पहुंचना बेहद आसान है। इसके लिए आप नैनीताल बस स्टैंड से टैक्सी या फिर कैब से पहुंच सकते हैं। इसके साथ ही आप रेंट पर स्कूटी लेकर भी मुक्तेश्वर पहुंच सकते हैं।

# भीड़भाड़ से दूर इन ऑफबीट हिल स्टेशन पर बनाएं घूमने का प्लान, सुकून की तलाश भी होगी पूरी

**शहरों की गर्मी और उमस से परेशान होकर लोग पहाड़ों का रुख कर रहे हैं। लेकिन इस समय मसूरी, ऋषिकेश और नैनीताल जैसे फेमस हिल स्टेशन के समय भारी ट्रैफिक और भीड़ से खचाखच भरे हैं। वीकेंड पर तो यहां का हाल और भी बुरा हो जाता है। क्योंकि हजारों की संख्या में लोग गर्मियों में यहां की ओर निकल पड़ते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या आप पहाड़ों पर जाने पर भी क्या सुकून मिलेगा।**

दिल्ली एनसीआर के लोगों के लिए मसूरी, नैनीताल और ऋषिकेश सस्ते और जल्दी पहुंचने वाले हिल स्टेशन हैं। लेकिन इन जगहों पर भारी ट्रैफिक और भीड़ मिलने के कारण लोगों की छुट्टियां का मजा किरकिरा हो रहा है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऑफबीट डेस्टिनेशन के बारे में बताने जा रहे हैं। जोकि फेमस तो हैं, लेकिन यहां पर आपको भीड़भाड़ नहीं मिलेगी।

## कौड़ियाला

अगर आप मसूरी के आसपास कोई शांत जगह ढूंढ रहे हैं, तो आप कौड़ियाला जा सकते हैं। ऋषिकेश से कौड़ियाला करीब 38 किमी दूर है। आपको यहां पर ऋषिकेश जैसा ट्रैफिक देखने को नहीं मिलेगा। आप यहां पर कैंपिंग कर सकते हैं और सुकून के कुछ पल बिता सकते हैं। पहाड़ों पर शांति का एहसास लेना एक अलग अनुभव है। इसलिए आपको ऐसी जगह पर जाने का प्लान बनाना चाहिए, जहां पर ज्यादा लोगों की भीड़ नहीं होती है।

## देवप्रयाग

देवप्रयाग भी घूमने के लिहाज से एक अच्छी जगह है। मसूरी-नैनीताल और ऋषिकेश की भीड़ से बचने के लिए आप



देवप्रयाग में सुकून और शांति का एहसास ले सकते हैं। आप यहां पर सुबह-सुबह संगम स्थल पर पानी के किनारे बैठ सकते हैं। फिर यहां पर शाम की आरती में शामिल हो सकते हैं। वहीं देवप्रयाग के पास में स्थित धारी देवी के दर्शन के लिए जा सकते हैं।

## भीमताल

अगर आप नैनीताल के आसपास कोई शांत जगह की तलाश कर रही हैं, तो भीमताल बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। पहाड़ों पर घूमने का प्लान बना रहे लोगों को रास्ते में मिलने वाला ट्रैफिक परेशान कर सकता है। लेकिन भीमताल पहुंचने के बाद आपको सुकून का एहसास होगा। भले ही आपको घूमने के लिए यहां पर ज्यादा जगहें नहीं मिलेंगी। लेकिन भीड़ और ट्रैफिक से राहत मिलेगी। नैनीताल से भीमताल की दूरी करीब 24 किमी की दूरी स्थित है। यहां पर पहुंचने में करीब 1 घंटे का समय लगेगा।

# मसूरी से 84 किमी दूर यह हिल स्टेशन प्रकृति प्रेमियों के लिए है स्वर्ग, आप भी प्लान करें ट्रिप



**देहरादून से करीब 33 किमी दूर स्थित मसूरी उत्तराखंड का एक फेमस और खूबसूरत हिल स्टेशन है। दिल्ली एनसीआर से लेकर देश के अन्य कई राज्यों से भी पर्यटक मसूरी घूमने के लिए पहुंचते हैं। कुछ लोग मसूरी की कुछ फेमस जगहें हैप्पी वैली या धनौल्टी को एक्सप्लोर करते हैं। लेकिन 85 किमी दूर स्थित बरनीगढ़ जैसी बेहतरीन और अद्भुत जगह को भूल जाते हैं। ऐसे में अगर आप भी मसूरी जाने का प्लान कर रहे हैं, तो आपको बरनीगढ़ को जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए। इसलिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बरनीगढ़ की खासियत से लेकर इसकी खूबसूरती और आसपास मौजूद कुछ खूबसूरत जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। आप चाहें को वीकेंड पर बरनीगढ़ को एक्सप्लोर कर सकते हैं।**

## कहां है बरनीगढ़

बरनीगढ़ की खासियत और इस जगह की खूबसूरती को जानने से पहले आपको बता दें कि इस जगह को कई लोग बर्नीगाड और बरनीगाड के नाम से भी जाना जाता है। यह उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में पड़ता है। यह उत्तरकाशी जिले से करीब 32 किमी दूर है।

बरनीगढ़ मसूरी और चकराता हिल स्टेशन से लगभग 108 किमी, बड़कोट से 35 किमी और देहरादून से करीब 129 किमी दूरी पर स्थित है।

## क्यों फेमस है बनीरगढ़

मसूरी और देहरादून की भीड़-भाड़ से दूर शांत बरनीगढ़ को शांत और मनमोहक वादियों के लिए जाना जाता है। यह उत्तरकाशी जिले का एक छिपा हुआ खजाना माना जाता है। मानसून में यहां की खूबसूरती देखने लायक होती है।

यहां पर घास के मैदान, बादलों से ढके ऊंचे-ऊंचे पहाड़, नदी और झरने आदि बरनीगढ़ की खूबसूरती को बढ़ाने का काम करते हैं। अपनी खूबसूरती के कारण यह जगह प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग मानी जाती है। बरनीगढ़ उत्तराखंड की पारंपरिक लाइफस्टाइल के लिए जाना जाता है।

## पर्यटकों के लिए खास है बरनीगढ़

यह जगह पर्यटकों के लिए कई चीजों के लिए फेमस माना जाता है। जो लोग मसूरी की भीड़ या ट्रैफिक आदि में नहीं फंसना चाहते हैं, तो उनके लिए बरनीगढ़ जन्नत की तरह माना जाता है। यह जगह अपने शांत और शुद्ध वातावरण के लिए भी जाना जाता है। बरनीगढ़ अपनी खूबसूरती के अलावा एडवेंचर प्रेमियों के लिए परफेक्ट माना जाता है। यहां पर आप हाइकिंग, ट्रेकिंग और कैम्पिंग का लुत्फ उठा सकते हैं। साथ ही आप बरनीगढ़ में यादगार फोटोग्राफी भी कर सकते हैं।

## आसपास घूमने की जगहें

आप बरनीगढ़ में पांडव निर्मित प्राचीन शिव मंदिर के साथ बरनीगढ़ व्यू पॉइंट देख सकती हैं। बरनीगढ़ के आसपास आप खाबला गांव, लाखा मंडल मंदिर, नौवगांव, कलोगी गांव और देवल व्यू पॉइंट जैसी बेहतरीन और शानदार जगहों को एक्सप्लोर कर सकती हैं।

## ऐसे पहुंचे मसूरी से बरनीगढ़

बता दें कि मसूरी से बरनीगढ़ पहुंचना काफी आसान है। आप मसूरी में गांधी चौक से कैब या टैक्सी लेकर जा सकती हैं। या आप चौक से स्कूटी रेंट पर लेकर बरनीगढ़ पहुंच सकती हैं। स्कूटी का प्रतिदिन का किराया 500 रुपए के आसपास होता है।

# दिल्ली से 400 किमी दूर यह हिल स्टेशन स्वर्ग से नहीं है कम, वीकेंड पर बनाएं ट्रिप का प्लान



जब भी लोग हिल स्टेशन की बात करते हैं, तो शिमला, मसूरी और मनाली जैसे नाम जहन में आते हैं। लेकिन इन जगहों पर पर्यटकों की भीड़ होती है, ऐसे में अगर आप शांत और प्राकृतिक खूबसूरती की तलाश में हैं, तो हिमाचल प्रदेश की कम जानी-पहचानी लेकिन बेमिसाल जगह बरोट घाटी घूमने के लिए जा सकते हैं। दिल्ली से बरोट घाटी की दूरी करीब 400 किमी है। यह जगह इतनी शांत, हरी-भरी और सूरम्य है कि आप यहां पर पहुंचकर कहेंगे कि यह असली स्वर्ग है।

बरोट घाटी में बहुत शांति है और यहां का नजारा बेहद सुंदर, प्रकृति के करीब और झरनों की आवाज से भरी है। यहां पर इंटरनेट और मोबाइल नेटवर्क सीमित है। जिससे आप रिलैक्स कर सकते हैं। यहां के सस्ते होमस्टे, सादगी भरे और हिमाचली संस्कृति से जुड़े होते हैं। आप सिर्फ दो दिन के वीकेंड ट्रिप पर हिमाचल प्रदेश के बरोट घाटी को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

## कहां है बरोट घाटी

बता दें कि हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में बरोट घाटी स्थित है। इसको %मिनी स्विटजरलैंड% भी कहा जाता है। हालांकि यह एक ऑफबीट डेस्टिनेशन है। जो कि घने देवदार के जंगल, झरने, उहल नदी और ट्रेकिंग ट्रेल्स के लिए जाना जाता है। यहां पर घूमने के सबसे अच्छा समय मार्च से जून और सर्दियों में अक्तूबर से नवंबर के बीच होता है।

## ऐसे पहुंचे बरोट घाटी

राजधानी दिल्ली से बरोट घाटी की दूरी करीब 400-450 किमी है। हालांकि यहां पहुंचना सस्ता, आसान और एडवेंचर से भरा है। यहां आने के लिए ट्रेन या बस से पठानकोट या फिर जोगिंदरनगर तक जा सकते हैं। फिर आगे का रास्ता आपको टैक्सी से तय करना होगा।

सबसे पहले दिल्ली के कश्मीरी गेट बस अड्डे से एचआरटीसी की बस से जोगिंदर नगर पहुंचे। इसका किराया 800-900 रुपए हो सकता है। रात की बस लें, जिससे कि सुबह तक जोगिंदर नगर पहुंच जाएं। अब जोगिंदर नगर में पहुंचकर ब्रेकफास्ट करें और फिर बरोट घाटी के लिए स्थानीय बस से यात्रा करें। जोकि सुबह के समय आसानी से मिल जाती है। इसका किराया करीब 80 रुपए होगा। जोगिंदर नगर से बरोट घाटी की दूरी करीब 30 किमी है।

बरोट घाटी ट्रिप की योजना

ट्रिप के पहले दिन दोपहर तक जोगिंदर नगर पहुंचकर होम स्टे में फ्रेश होकर घूमने के लिए निकल जाएं। पहले दिन आप ब्रिटिश काल का डैम देखने के लिए जा सकते हैं। यह डैम अंग्रेजों के समय का बना है, जो आज भी अपनी सुंदरता और इंजीनियरिंग से चौंकाता है।

इसके बाद आप प्राकृतिक फव्वारा और आसपास के गांव की सैर करने जा सकते हैं। यहां पर छोटे-छोटे गांव, साफ हवा और पगडंडियों के बीच घूमना मन को शांति देता है। फिर वापस आकर होम स्टे में आराम करें।

यहां घूमें दूसरे दिन

अगले दिन सुबह जल्दी उठकर लापास जलप्रपात के लिए निकल जाएं। साथ ही यहां पर झरने के पास बैठकर चाय और मैगी का लुत्फ उठाना न भूलें। इसके अलावा पास का लापास गांव भी घूमें। जहां पर आपको अनोखा देसी हीटर देने को मिलेगा।

लापास गांव से लौटने के दौरान शॉर्टकट रास्ते से चोकड़ी बारोट वैली जाएं। यहां पर रास्ते में आपको घाटियां, घने देवदार के जंगल और एक बहती हुई जलधारा आपको मंत्रमुग्ध कर देगी। नेचुरल फ्रीजर और ट्राउट फिश फार्म जैसे कई अनूठे नजारे आपकी इस ट्रिप को यादगार बना देंगे।

इस ट्रिप के दौरान बरोट की अनोखी विरासत के दीदार करना न भूलें। यहां पर एक ऐसी पुरानी कोठी डॉटर्स हाउस है, जिसको ब्रिटिश दौर में एक बेटी को उपहार दिया गया था। वर्तमान समय में यह कोठी टूरिस्ट होमस्टे में बदल चुकी है। आप चाहें तो यहां रुक भी सकते हैं।

# कुलदीप वनडे रैंकिंग में तीसरे स्थान पर खिसके, महाराज फिर शीर्ष पर

**दुबई (एजेंसी)।** भारत के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव बुधवार को जारी गेंदबाजों की नवीनतम आईसीसी एकदिवसीय रैंकिंग में तीसरे स्थान पर खिसक गए जबकि दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज ने शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। महाराज ने केर्न्स में तीन मैच की श्रृंखला के पहले एकदिवसीय मैच में अपनी टीम को ऑस्ट्रेलिया पर 98 रन से जीत दिलाने के बाद शीर्ष स्थान हासिल किया।

मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए बाएं हाथ के 35 वर्षीय स्पिनर महाराज ने 33 रन देकर पांच विकेट चटकाए। उन्होंने कुलदीप और श्रीलंका के महेश तीक्षणा को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। महाराज इससे पहले नवंबर और दिसंबर 2023 में कुछ समय के लिए शीर्ष पर थे। कुलदीप के अलावा रविंद्र जडेजा एकमात्र भारतीय गेंदबाज हैं जो गेंदबाजों की सूची में शीर्ष 10 में शामिल हैं।

भारतीय टीम ने चैंपियन्स ट्रॉफी में खिताबी जीत के बाद से कोई एकदिवसीय मैच नहीं खेला है। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडन सील्स भी गेंदबाजी रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाने में सफल रहे। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला के आखिरी मैच में 18 रन देकर छह विकेट लिए थे। वह 15 पायदान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर पहुंच गए। पाकिस्तान के लेग स्पिनर अबरार अहमद (15 पायदान के फायदे से 39वें स्थान पर) और वेस्टइंडीज के ऑफ स्पिनर रोस्टन चेस (पांच पायदान के फायदे से 58वें स्थान पर) भी रैंकिंग में आगे बढ़ने वाले गेंदबाजों में शामिल हैं।

पुरुषों की बल्लेबाजी रैंकिंग में शुभमन गिल 784 अंक के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। श्रेयस अय्यर छठे स्थान के साथ शीर्ष 10 में शामिल अन्य भारतीय बल्लेबाज हैं। पाकिस्तान के खिलाफ आखिरी वनडे में नाबाद 120 रन बनाने वाले वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप दो पायदान ऊपर चढ़कर नौवें स्थान पर हैं जबकि एडेन मार्करम (चार पायदान ऊपर चढ़कर 21वें स्थान पर), तेम्बा बावुमा (पांच पायदान ऊपर चढ़कर 23वें स्थान पर) और मिचेल मार्श (छह पायदान ऊपर 48वें स्थान पर) को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है।

पुरुषों की टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भारत के अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा शीर्ष दो स्थानों पर बने हुए हैं। कप्तान सूर्यकुमार यादव छठे और यशस्वी जायसवाल 10वें स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस सुधार जारी रखते हुए नौ स्थान की छलांग लगाकर 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि ऑस्ट्रेलिया के मार्श और ग्लेन मैक्सवेल क्रमशः चार और 10 स्थान की छलांग लगाकर 25वें और 30वें स्थान पर हैं।



टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज नाथन एलिस (तीन स्थान ऊपर चढ़कर नौवें स्थान पर) और जोश हेजलवुड (दो स्थान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर) ने महत्वपूर्ण सुधार किया है जबकि दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा 44वें स्थान से 37वें स्थान पर पहुंच गए।

# डाइमंड लीग फाइनल्स में जगह पक्की होने के बाद ब्रसेल्स में नहीं खेलेंगे नीरज चोपड़ा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** डाइमंड लीग फाइनल्स में जगह पक्की करने के बाद भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा इस प्रतिष्ठित सीरीज के शुक्रवार को बेल्जियम के ब्रसेल्स में होने वाले अंतिम चरण में हिस्सा नहीं लेंगे। डाइमंड लीग की 14 प्रतियोगिताओं में से चार में पुरुष भाला फेंक को जगह मिली है।

नीरज ने सिर्फ दो प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया लेकिन स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में 28 अगस्त को होने वाले डाइमंड लीग फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहे। इस भारतीय खिलाड़ी ने 16 अगस्त को सिलेसिया चरण में भी हिस्सा नहीं लिया था। भारत के 27 वर्षीय गत विश्व चैंपियन नीरज ने मई में दोहा डाइमंड लीग में 90.23 मीटर के प्रयास के साथ 90 मीटर का जादुई आंकड़ा पार किया था लेकिन जर्मनी के जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे।

उन्होंने इसके बाद जून में 88.16 मीटर के प्रयास से पेरिस डाइमंड लीग का खिताब जीता। ब्रसेल्स चरण के बाद शीर्ष छह खिलाड़ी ज्यूरिख में होने वाले डाइमंड लीग फाइनल्स में जगह बनाएंगे। नीरज ने अपना पिछला प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट पांच जुलाई को बेंगलुरु में एनसी क्लासिक के रूप में खेला था जहां उन्होंने 86.18 मीटर के प्रयास के साथ अपनी मेजबानी में हुआ टूर्नामेंट जीता था।

कुल मिलाकर नीरज ने मौजूदा सत्र में अब तक छह प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया जिसमें से चार में उन्होंने खिताब जीता जबकि दो में दूसरे स्थान पर रहे। चोपड़ा तोक्यो में 13 से 21 सितंबर तक होने वाली विश्व चैंपियनशिप में अपने खिताब का बचाव करेंगे।

# पिछले टी20 विश्वकप के बाद से ही टीम में आये कई बदलाव

**-कई दिग्गज खिलाड़ी इस बाहर शामिल नहीं किये गये**

**मुम्बई (एजेंसी)।** टी20 विश्व कप 2024 के बाद से ही भारतीय टीम में काफी बदलाव आया है। अब एशिया कप 2025 के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने जो 15 सदस्यीय टीम घोषित की है। उसमें काफी अंतर नजर आया है। टीम में रोहित शर्मा , विराट कोहली से सहित कई खिलाड़ी इस बार नहीं हैं।। भारतीय टीम टीम का ऐलान कर दिया है। बीसीसीआई ने यूएई में नौ सितंबर से शुरू हो रहे एशिया कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, इसके बावजूद कई बड़े नाम पीछे छूट गए हैं। भारतीय टीम ने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी20 विश्व खिताब जीता था। रोहित की कप्तानी में भारतीयस टीम ने 17 साल बाद ट्रॉफी अपने नाम की थी। हालांकि चैंपियन बनने के साथ ही रोहित शर्मा ने टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले लिया, जिसके बाद सूर्यकुमार यादव को कप्तान बनाया गया। टी20 विश्व कप के बाद पहली बार भारतीय टीम टी20 प्रारूप में बड़े टूर्नामेंट में खेलने उतरेगी, ऐसे में दोनों टीमों की तुलना की जाए तो कई खिलाड़ी भारतीय दल में जगह नहीं बना पाए हैं।

टी20 विश्व कप के लिए चुनी गई टीम में रोहित शर्मा कप्तान थे, जबकि हार्दिक पांड्या को उपकप्तान बनाया गया था पर करीब एक साल बाद एशिया कप के लिए चुनी गई भारतीय टीम में सूर्यकुमार यादव कप्तान हैं और शुभमन गिल उपकप्तान बनाए गए हैं। बता दें शुभमन पिछले साल खेले गए टी20 विश्व कप के दौरान स्टैंडबाय खिलाड़ियों की सूची में थे।

पिछले टी20 विश्व कप और एशिया कप दल की तुलना की जाए, तो विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविंद्र जडेजा ने इस प्रारुप से संन्यास ले लिया है। उनके अलावा यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत, युजवेंद्र चहल और मोहम्मद सिराज भी स्क्वॉड में शामिल नहीं है। ऋषभ चोट के कारण टीम से बाहर हैं। जबकि सिराज को आराम दिया गया है। वहीं चहल को हटाया गया हैं, जबकि जायसवाल स्टैंबाय की सूची में हैं। टी20 विश्व कप 2024 का खिताब जीतने के बाद भारतीय टीम ने कुल पांच टी20 सीरीज खेली है, जिसमें चार में सूर्यकुमार यादव ने कप्तानी की है। रोहित के संन्यास के बाद सूर्यकुमार यादव को कप्तान चुना गया था। हालांकि जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज में आराम दिए जाने के कारण शुभमन गिल ने टीम की कमान संभाली थी।

# 'संजू सैमसन की जगह खतरे में है': एशिया कप 2025 के लिए भारतीय टीम चयन पर बोले अश्विन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि अगले महीने से शुरू होने वाले एशिया कप 2025 के लिए शुभमन गिल को टीम में शामिल किए जाने के बाद दाएं हाथ के बल्लेबाज संजू सैमसन की प्लेइंग इलेवन में जगह 'थोड़ी खतरे में' है। एशिया कप 2025 के लिए टीम इंडिया की घोषणा मंगलवार को की गई, जिसमें सूर्यकुमार कप्तानी करेंगे और शुभमन गिल उप-कप्तान होंगे, जबकि कई बड़े नाम टीम में नहीं हैं। टीम की घोषणा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान की गई जिसमें टी20 कप्तान सूर्यकुमार और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर भी शामिल थे।

यह प्रेस कॉन्फ्रेंस एक चयन बैठक के बाद आयोजित की गई थी, जिसमें भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के सचिव देवजीत सैकिया भी शामिल थे। अपने यूट्यूब चैनल 'ऐश की बात' पर बात करते हुए अश्विन ने कहा, 'मुझे ओरों से भी ज्यादा दुख इस बात का होगा कि आपने उन्हें उप-कप्तान घोषित कर दिया है इसलिए संजू सैमसन की जगह थोड़ी खतरे में है। बात पक्की हो चुकी है। संजू नहीं खेलेंगे क्योंकि शुभमन गिल खेलेंगे। अगर आपको गिल को खिलाना है, तो



आपको उन्हें तीसरे नंबर पर खिलाना होगा, और संजू ओपनिंग करेंगे लेकिन ऐसा भी नहीं होने वाला है।'

सैमसन ने भी अच्छी वापसी की और अभिषेक के साथ भारतीय टीम के लिए सलामी बल्लेबाज के रूप में एक नया जीवन पाया। पिछले टी20 विश्व कप के बाद से उन्होंने 31 टी20 मैचों और 30 पारियों में 33.62 की औसत और 157.09 के स्ट्राइक रेट से 908 रन बनाए हैं, जिसमें तीन शतक और तीन अर्द्धशतक शामिल हैं।

संजू सैमसन की जगह जितेश शर्मा को बैकअप विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में चुना गया है जिन्होंने टीम इंडिया के लिए टी20आई ओपनर के रूप में लगातार तीन शतक लगाकर अपनी नई पहचान बनाई है। उन्होंने भारत के लिए आखिरी बार पिछले साल जनवरी में टी20आई खेला था जिसमें उन्होंने 9 मैचों की 7 पारियों में 14.28 की औसत से 100 रन बनाए थे।

इस साल की शुरुआत में जितेश ने केवल 33 गेंदों पर आठ चौकों और छह गगनचुंबी छक्कों की मदद से नाबाद 85 रनों की तूफानी पारी खेलकर आरसीबी को इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास में तीसरा सबसे बड़ा सफल रन चेज हासिल करने में मदद की थी जिसमें उन्होंने लखनऊ सुपर जायंट्स (LSG) के खिलाफ आठ गेंद शेष रहते 228 रनों के मुश्किल लक्ष्य को हासिल किया था।

विकेटकीपर-बल्लेबाज की तारीफ करते हुए अश्विन ने कहा, 'मैं जितेश शर्मा के लिए बहुत खुश हूं, जितेश शर्मा ने अच्छी जगह हासिल की है। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए LSG के खिलाफ एक शानदार पारी खेली और उनके लिए अहम भूमिका निभाई। हमेशा याद रखें, भारत के सर्वश्रेष्ठ फिनिशर कौन थे? एमएस धोनी और युवराज सिंह, कभी-कभी। फिर हार्दिक पांड्या रहे हैं, इसलिए फिनिशिंग कोई आसान काम नहीं है। आपको फिनिशिंग करने की ताकत होनी चाहिए।'

पूर्व ऑफ स्पिनर ने कहा, 'आपको अपनी इच्छानुसार चौके और छक्के लगाने की आदत होनी चाहिए। आपको हिसाब-किताब का राज अपने दिमाग में रखना होगा। आपको चतुर होना चाहिए और हिसाब-किताब करना आना चाहिए। इस लिहाज से जितेश शर्मा ने एक विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में बहुत मुश्किल परिस्थितियों में भूमिकाएं निभाई हैं। इसलिए मैं उनके लिए बहुत खुश हूं।'

भारत अपने अभियान की शुरुआत 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ करेगा, जबकि पाकिस्तान के खिलाफ हाई-वोल्टेज मैच 14 सितंबर को दुबई में खेला जाएगा। भारत अपना आखिरी ग्रुप स्टेज मैच 19 सितंबर को अबू धाबी में ओमान के खिलाफ खेलेगा। ग्रुप चरण के बाद टूर्नामेंट सुपर 4 में प्रवेश करेगा, जहां प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें क्वालीफाई करेंगी। यदि भारत ग्रुप ए में शीर्ष पर रहता है, तो उसके सभी सुपर 4 मैच दुबई में होंगे। यदि भारत दूसरे स्थान पर रहता है, तो उसके सुपर 4 मुकाबलों में से एक अबू धाबी में और बाकी दो दुबई में होंगे। सुपर 4 चरण 20 से 26 सितंबर तक चलेगा। दुबई में फाइनल होगा जो 28 सितंबर को है।

# एडम जम्पा को आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए लगी फटकार

दुबई ।ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एडम जम्पा को मंगलवार को केर्न्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए फटकार लगाई गई है। जम्पा को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.3 का उल्लंघन करते पाया गया, जो' अंतररष्ट्रीय मैच के दौरान सुनाई देने वाली अश्लीलता के प्रयोग 'से संबंधित है। इसके अलावा जम्पा के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है, जो 24 महीने की अवधि में उनका पहला अपराध था। यह घटना दक्षिण अफ्रीका की पारी के 37वें ओवर में हुई, जब जम्पा ने अपनी गेंद पर मिसफील्ड और ओवरथ्रो के बाद अनुचित भाषा का प्रयोग किया, जिसे स्टंप के माइक्रोफोन पर रिकॉर्ड किया गया और प्रसारित किया गया। जम्पा ने अपराध स्वीकार कर लिया और एमिरेट्स



आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी के एंडी पाइक्रॉफ्ट द्वारा प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं पड़ी। मैदानी अंपायर क्रिस गैफनी और सैम नोगाज्स्की, तीसरे अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ और चौथे अंपायर डोनोवन कोच ने आरोप लगाए। स्तर 1 के उल्लंघन के लिए न्यूनतम दंड आधिकारिक फटकार, अधिकतम दंड खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत और एक या दो डिमेरिट अंक हो सकते हैं।

# पाकिस्तान से मैच के सवाल पर बीसीसीआई मैंनेजर बोले, चयन से जुड़ा सवाल ही पूछें

मुम्बई ।एशिया के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के चयन को लेकर हुई पत्रकार वार्ता के दौरान एक सवाल से चयनसमिति के प्रमुख अजित अगरकर और भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव असहज हो गये। इस पत्रकार ने पूछा कि वर्तमान समय के तनावपूर्व माहौल में भारतीय टीम 14 सितंबर को पाकिस्तान के साथ होने वाले मैच को खेलेगी या नहीं। ऐसे में अगरकर और सूर्यकुमार जवाब देते इससे पहले ही भारतीय क्रिकेट बोर्ड के मीडिया मैनेजर ने कहा, 'रुकिए अभी आप चयन से जुड़ा हुआ कोई सवाल ही पूछ सकते हैं अन्य सवाल नहीं।' गौरतलब है कि एशिया कप में



भारत और पाकिस्तान के बीच मैच को लेकर प्रशंसकों का विरोध बढ़ता रहा है। कई लोग इस मैच के बहिष्कार की मांग कर रहा है। उनका कहना है कि जिस प्रकार पाक ने पहलगाल में आतंकी हमला कराया उसको देखते हुए पाक से कोई मैच नहीं खेलना चाहिये। संसद में भी यह मामला उठा है। कई सांसदों ने इस मैच को रद्द करने की मांग की है। पहलगाम हमले के बाद भारतीय टीम ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया था जिसके तहत ही भारत ने पाकिस्तान और उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में स्थित आतंकी अड्डों पर हमले किये थे जिसमें कई आतंकी मारे गये थे। जिसके बाद पाक सेना ने भारत पर ड्रोन हमले किये थे जो भारतीय एयर डिफेंस ने नष्ट कर दिये थे। हाल ही में रिटायर्ड क्रिकेरों की लीग में भी इंडिया चैम्पियंस टीम ने पाक से मैच का बहिष्कार किया का।

# एशिया कप के लिए 18 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** हॉकी इंडिया ने बुधवार को आगामी हीरो पुरुष एशिया कप के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में 18 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा की। यह टूर्नामेंट 29 अगस्त से सात सितंबर तक बिहार के हाल ही में विकसित राजगीर हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा।

FIH हॉकी विश्वकप बेल्जियम-नीदरलैंड 2026 के लिए क्वालीफायर टूर्नामेंट में भारत को जापान, चीन और कजाकिस्तान के साथ पूल ए में रखा गया है। भारत अपने अभियान की शुरुआत 29 अगस्त को चीन के खिलाफ करेगा, उसके बाद 31 अगस्त को जापान और एक सितंबर को कजाकिस्तान से भिड़ेगा।

इस टूर्नामेंट के लिए अनुभवी ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह भारतीय टीम की कप्तान करेंगे। गोलकीपिंग की जिम्मेदारी




भरोसेमंद कृष्ण बी पाठक और सूरज करकेरा संभालेंगे। डिफेंस में कप्तान हरमनप्रीत सिंह और अमित रोहिदास के साथ जरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय और जुगराज सिंह भी शामिल होंगे, जो रक्षात्मक पंक्ति को मजबूती प्रदान करेंगे।

मिडफील्ड में मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, राजिंदर सिंह, राज कुमार पाल और हार्दिक सिंह शामिल हैं। आक्रमण की अगुवाई मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा और दिलप्रीत सिंह करेंगे, जो विपक्षी डिफेंस को परेशान करने के लिए भरपूर क्षमता प्रदान करेंगे। इस बीच, नीलम संजीव जेस और सेल्वम कार्ति को वैकल्पिक खिलाड़ी के रूप में नामित किया गया है। टीम चयन को लेकर भारतीय पुरुष टीम के कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, 'हमने एक अनुभवी टीम चुनी है जो समझती है कि उच्च दबाव वाली परिस्थितियों में कैसा प्रदर्शन करना होता है। एशिया कप हमारे लिए बेहद अहम है क्योंकि विश्व कप के लिए क्वालीफिकेशन दांव पर है, इसलिए हमें ऐसे खिलाड़ियों की जरूरत थी जिनमें धैर्य, लचीलापन और प्रदर्शन करने का हुनर हो। यह चयन हमारी मंशा को दर्शाता है एक ऐसी टीम तैयार करना जो मजबूती से मुकाबला कर सके और हमारे मुख्य उद्देश्य को हासिल कर सके।'

# पाकिस्तान की हॉकी टीम एशिया कप के लिए भारत नहीं आएगी, एशियाई हॉकी महासंघ ने की पुष्टि




नई दिल्ली - पाकिस्तान की हॉकी टीम बिहार के राजगीर में 29 अगस्त से शुरु होने वाले आगामी एशिया कप में भाग लेने के लिए भारत नहीं आएगी। एशियाई हॉकी महासंघ (।।स्न्न) ने मंगलवार को पुष्टि की है कि पाकिस्तान की हॉकी टीम आगामी एशिया कप 2025 में भाग लेने के लिए भारत नहीं आएगी। पाकिस्तान हॉकी महासंघ ने पहले ही अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (FIH) और AHF दोनों को सूचित कर दिया था कि सुरक्षा चिंताओं के कारण उसे भारत में टीम भेजना मुश्किल होगा। 29 अगस्त से सात सितंबर तक चलने वाली इस महाद्वीपीय चैंपियनशिप के लिए पाकिस्तान की जगह बंगलादेश को चुना गया है। पाकिस्तान तीन बार एशिया कप हॉकी चैंपियन रहा है जिसने 1982 और 1989 के बीच खेले गए पहले तीन संस्करण जीते हैं। एशिया कप 2025 की चैंपियन टीम को नीदरलैंड और बेल्जियम द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित होने वाले 2026 एफआईएच हॉकी विश्वकप के लिए भी सीधा प्रवेश मिलेगा।

# एमबाप्पे ने पेनल्टी को गोल में बदला, रियाल मैड्रिड को दिलाई जीत

मैड्रिड ।काइलियन एमबाप्पे ने रियाल मैड्रिड के साथ अपने दूसरे सत्र की शानदार शुरुआत करते हुए पेनल्टी को गोल में बदला, जिससे उनकी टीम ने मंगलवार को स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा के अपने पहले मैच में ओसासुना पर 1-0 से जीत दर्ज की। पिछले सत्र में रियाल मैड्रिड से जुड़ने वाले एमबाप्पे ने 51वें मिनट में पेनल्टी किक को गोल में बदलकर मेज़बान टीम को जीत दिलाई। एमबाप्पे ने इस तरह से रियाल मैड्रिड के साथ अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने पिछले सत्र में क्लब की तरफ से सर्वाधिक गोल किए थे। रियाल मैड्रिड ने इस तरह से अपने चिर प्रतिद्वंदी बार्सिलोना की तरह नए सत्र की जीत से शुरुआत की। बार्सिलोना ने शनिवार को मालोर्का पर 3-0 की आसान जीत दर्ज की थी। पिछले सत्र में रियाल मैड्रिड स्पेनिश लीग में बार्सिलोना के बाद दूसरे स्थान पर रहा था। ओसासुना नौवें स्थान पर रहा था।

# ऑनलाइन गेमिंग विधेयक : प्रस्तावित प्रतिबंध से क्रिकेट उद्योग को लग सकता है झटका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में बुधवार को पेश किए गए 'ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक 2025' 'वास्तविक धन वाले ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म' का अंत कर सकता है जिनकी भारतीय खेलों, विशेषकर क्रिकेट के प्रायोजन बाजार में हिस्सेदारी है। इस विधेयक का उद्देश्य तेजी से बढ़ते उद्योगों में से एक को विनियमित करना है जो देश के ई-स्पोर्ट्स जगत के लिए एक सुखद खबर है। लेकिन अरबों डॉलर के 'फैंटेसी गेमिंग' उद्योग के राजस्व में भारी गिरावट देखी जा सकती है जिसमें क्रिकेट के प्रायोजन में बड़ी रकम खर्च करने वाली कंपनियां शामिल हैं।

एक श्रृंखलाबद्ध प्रतिक्रिया के रूप में यह खेल प्रायोजन बाजार को भी प्रभावित कर सकता है जिसमें व्यक्तिगत खिलाड़ियों का प्रायोजन और कबड्डी तथा फुटबॉल जैसे खेलों की फ्रैंचाइजी आधारित घरेलू लीग शामिल हैं। ऑनलाइन गेमिंग विनियमन विधेयक में एक नियामक संस्था बनाने की बात है जो ई-स्पोर्ट्स, एजुकेशनल गेमिंग, सोशल और कैजुअल गेमिंग और पैसे के वास्तविक लेनदेन की गेमिंग चार विविध क्षेत्रों को देखेगी। दस्तावेज के अनुसार इनमें से 'ऑनलाइन मनी गेम्स' पर प्रतिबंध लगेगा।

'प्रतिबंध' अनुच्छेद के अनुसार : 'कोई भी व्यक्ति ऑनलाइन मनी गेम और ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवा की पेशकश में सहायता, प्रोत्साहन, प्रेरित करने या अन्यथा इसमें शामिल नहीं होगा।' इसमें कहा गया, 'कोई भी बैंक, वित्तीय संस्थान, या वित्तीय लेनदेन या धन के प्राधिकरण की सुविधा देने वाला कोई अन्य व्यक्ति किसी भी ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवा के भुगतान के लिए धन के किसी भी लेनदेन या प्राधिकरण में संलग्न नहीं होगा, सहायता नहीं करेगा, प्रेरित नहीं करेगा या अन्यथा सुविधा नहीं देगा।'

सरकार स्पष्ट करती है कि वास्तविक धन वाले ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म से कई सामाजिक समस्याएं पैदा हो रही हैं और इसके लिए किसी प्रकार के नियमन की आवश्यकता है। क्रिकेट एक ऐसा खेल है जिसमें वास्तविक धन की गेमिंग का चलन काफी बढ़ गया है और भारतीय टीम का टाइटल प्रायोजक ड्रीम 11 है। वहीं इंडियन प्रीमियर लीग का आधिकारिक फैंटेसी स्पोर्ट्स भागीदार वास्तविक धन वाला ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म 'माई11 सर्कल' है।

ड्रीम 11 ने भारतीय टीम के टाइटल अधिकार लगभग 44 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 358 करोड़ रुपये) में खरीदे। माई11 सर्कल ने आईपीएल फैंटेसी गेमिंग अधिकार पांच वर्षों के लिए 625 करोड़ रुपए (लगभग 125 करोड़ रुपये प्रति वर्ष) में खरीदे। इसके अलावा देश के शीर्ष क्रिकेटरों (पूर्व और वर्तमान) के विभिन्न वास्तविक धन वाले गेमिंग प्लेटफार्म के साथ भारी-भरकम व्यक्तिगत विज्ञापन करार हैं।

इस विषय की गहरी समझ रखने वाले जाने-माने खेल वकील विदुषपत सिंघानिया ने इसके परिणामों को संक्षेप में समझाया। उन्होंने कहा, 'भारत में क्रिकेट बहुत बड़ा है और भारतीय क्रिकेट और उसकी संपत्तियों के लिए प्रायोजकों की कोई कमी नहीं होगी। हालांकि इस विधेयक के कारण व्यक्तिगत प्रायोजन बाजार सिकुड़ सकता है।' सिंघानिया ने बताया, 'इसके अलावा प्रशंसकों की भागीदारी भी प्रभावित होगी।' हालांकि उन्होंने कहा कि फैंटेसी गेम्स अभी भी 'सब्सक्रिप्शन आधारित मॉडल' पर चल सकते हैं।

उन्होंने कहा, 'एक 'सब्सक्रिप्शन' शुल्क होगा। मान लीजिए कि आप किसी गेमिंग ऐप के लिए 100 रुपए का भुगतान करते हैं और फैंटेसी गेमिंग में अपने कौशल को देखते हैं। लेकिन वास्तविक धन वाली गेमिंग इस विधेयक के अनुसार प्रतिबंधित है जिसमें पैसे देकर कमाई की जाती है।' इन सभी फैंटेसी गेमिंग ऐप का इतना विशाल राजस्व स्रोत प्रतिबंध के कारण निश्चित रूप से कम हो जाएगा और इसलिए खेल में वापस आने वाला पैसा भी काफी कम हो जाएगा। लेकिन ईस्पोर्ट्स बाजार के लिए यह खुशी की बात है।

ईस्पोर्ट्स ने 2023 में हांग्झोउ एशियाई खेलों में अपनी शुरुआत की और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति 2027 में रियाद में अपना पहला ईस्पोर्ट ओलंपिक आयोजित करेगी। इस पर अपने विचार साझा करते हुए 'नोडविन




गेमिंग' के सह संस्थापक और प्रबंध निदेशक अक्षत राठी कहते हैं, 'ईस्पोर्ट्स को मान्यता देने और बढ़ावा देने का सरकार का इरादा एक उत्साहजनक कदम है। हालांकि इस दृष्टिकोण को वास्तव में साकार करने के लिए यह महत्वपूर्ण है कि विधेयक में प्रयुक्त शब्दावली विशेष रूप से ईस्पोर्ट्स, ऑनलाइन गेमिंग, ऑनलाइन सोशल गेमिंग और ऑनलाइन मनी गेमिंग के बीच के अंतर को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया जाए और समान रूप से समझा जाए।'

# दक्षिण अफ्रीका को लगा झटका, सुब्रायन की संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के लिए रिपोर्ट की गई

केर्न्स ।दक्षिण अफ्रीका के ऑफ स्पिनर प्रेनेलन सुब्रायन की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे के बाद संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के लिए रिपोर्ट की गई है। बुधवार को एक बयान में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने कहा कि केर्न्स में मैच अधिकारियों की रिपोर्ट में सुब्रायन के गेंदबाजी एक्शन की वैधता पर चिंता व्यक्त की गई है। आईसीसी ने कहा, 'सुब्रायन के गेंदबाजी एक्शन की वैधता का पता लगाने के लिए द्वष्टष्ट द्वारा मान्यता प्राप्त परीक्षण केंद्र में उनके गेंदबाजी एक्शन का स्वतंत्र मूल्यांकन किया जाएगा।' सुब्रायन ने कैजलिस स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में 50 ओवर के अंतरराष्ट्रीय मैच में पदार्पण किया जिसे दक्षिण अफ्रीका ने 98 रनों के विशाल अंतर से जीता। 31 वर्षीय सुब्रायन ने 10 ओवर फेंके और 46 रन देकर एक विकेट लिया और ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के सलामी



बल्लेबाज ट्रैविस हेड का विकेट लिया जो क्रीज पर तेजी से दौड़ने की कोशिश में स्टंप आउट हो गए। सुब्रायन ने इसी साल बुलावायो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था, जहां उन्होंने पहली पारी में चार विकेट लिए थे और दक्षिण अफ्रीका ने पारी और 236 रनों से जीत हासिल की थी। यह दक्षिण अफ्रीका के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि वे पहले से ही अपने तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा के बिना खेल रहे हैं, जो दाहिने टखने में सूजन के कारण तीन मैचों की श्रृंखला से बाहर हो गए हैं।

## जनाक्रोश से सामने झुकी सैनी सरकार.... शिक्षिका मनीषा की मौत की जांच सीबीआई को सौंपी

गुरुग्राम (एजेंसी)। हरियाणा की नायाब सैनी सरकार ने 19 वर्षीय शिक्षिका मनीषा की मौत के मामले की जांच अब केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी है। यह फैसला व्यापक जनाक्रोश और पीड़ित परिवार की मांग के बाद लिया गया है। दरअसल 19 वर्षीय शिक्षिका मनीषा 11 अगस्त को लापता हुई थीं। उनका शव 13 अगस्त को भिवानी के एक खेत में मिला। पुलिस ने शुरुआत में दावा किया कि मनीषा ने जहर खाकर आत्महत्या की है। पुलिस को शव के पास एक सुसाइड नोट भी मिला था। मनीषा के पिता संजय ने पुलिस के निष्कर्ष को खारिज कर कहा कि उनकी बेटी आत्महत्या नहीं कर सकती। उन्होंने न्याय की मांग कर शव का अंतिम संस्कार करने से भी मना किया था। इस मामले को लेकर भिवानी और आसपास के इलाकों में भारी विरोध प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारियों ने सड़कों को जाम कर दिया और सीबीआई जांच की मांग की। विपक्षी दलों ने भी मामले में हरियाणा सरकार की आलोचना कर कानून-व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पोस्ट में बताया कि परिवार की मांग के आधार पर यह मामला अब सीबीआई को सौंपा जा रहा है ताकि निष्पक्ष जांच सुनिश्चित हो सके। इससे पहले, मंगलवार को कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए भिवानी और चरखी दादरी जिलों में 48 घंटों के लिए मोबाइल इंटरनेट और बल्क एसएमएस सेवाओं को निलंबित कर दिया गया था।

## सभी दवा दुकानों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य

नई दिल्ली (एजेंसी)। सभी दवा की दुकानों में सीसीटीवी कैमरे को अनिवार्य किया गया है। दिल्ली के दक्षिणी जिला मजिस्ट्रेट ने मंगलवार को यह आदेश जारी किया है। राष्ट्रीय राजधानी की सभी फार्मेसी और मेडिकल शॉप में सीसीटीवी कैमरे को अनिवार्य किया गया है। न्यायालय द्वारा बिना प्रिस्क्रिप्शन के दवा दिए जाने पर तथा दवाओं की अवैध बिक्री पर नियंत्रण लगाने के उद्देश्य से यह आदेश जारी किया गया है। आदेश के अनुसार सभी दवा दुकानों में सीसीटीवी फुटेज को जिला ड्रग कंट्रोल अथॉरिटी, उप मंडल मजिस्ट्रेट तथा पुलिस अधिकारियों द्वारा किसी भी समय निरीक्षण किया जा सकता है।आदेश का सख्ती से पालन हो, इसके लिए आदेश जारी किए गए हैं।

## किसी महिला की तस्वीरें लेना...पीछा करने के अपराध की परिभाषा में नहीं आता

**-हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने मामले में अग्रिम जमानत दी**

शिमला (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने कहा है कि किसी महिला की तस्वीरें लेना पीछा करने के अपराध की परिभाषा में नहीं आता है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश राकेश कैंथला ने मामले में अग्रिम जमानत देकर कहा कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 78 के तहत उस शख्स को दंडित कर सकते है, जो किसी महिला का पीछा करता है। परिभाषा के तहत दोष सिद्धि के लिए पीड़िता द्वारा स्पष्ट रूप से अरुचि के संकेत के बावजूद बार-बार व्यक्तिगत संपर्क बढ़ाने के लिए होना चाहिए। यदि किसी महिला द्वारा इंटरनेट, ईमेल या अन्य प्रकार के इलेक्ट्रानिक संचार के उपयोग की निगरानी का आरोप लगाया गया हो, तब भी यह दंडनीय अपराध है, लेकिन किसी की तस्वीरें लेना प्रथम दृष्टया में पीछा करने के अपराध की परिभाषा को पूरा नहीं करता है। हाई कोर्ट ने कहा कि शिकायत में आरोप यह नहीं दिखाते हैं कि आरोपित ने शिकायतकर्ता की पत्नी का पीछा किया था और व्यक्तिगत संपर्क बढ़ाने के लिए महिला से संपर्क किया था। एकमात्र आरोप यह है कि याचिकाकर्ता ने शिकायतकर्ता की पत्नी की तस्वीरें ली थीं। प्रथम दृष्टया में ये आरोप पीछा करने की परिभाषा को पूरा नहीं करते हैं। कोर्ट ने जमानत याचिका को स्वीकार कर कहा कि स्टेटस रिपोर्ट भी यह नहीं दिखाती है कि प्रार्थी से हिरासत में पूछताछ आवश्यक है। इसलिए प्रार्थी को हिरासत में रखने से कोई सार्थक उद्देश्य पूरा नहीं होगा।

## कुत्ते पिटबुल के हमले में 55 वर्षीय करुणाकरण की मौत... कुत्ते ने उनके गुप्तांग को काट लिया

चेन्नई (एजेंसी)। चेन्नई में विदेशी नस्ले के कुत्ते पिटबुल के हमले में 55 वर्षीय करुणाकरण की मृत्यु हुई है। यह घटना जाफरखानपेट इलाके की है, यहां एक पिटबुल कुत्ते ने करुणाकरण पर हमला किया। कुत्ते ने उनके गुप्तांग को काट लिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के वक्त कुत्ता बिना पट्टे के था और उसकी मालकिन, जिसका नाम पूंगोडी है, कुत्ते को टहला रही थी। जब मालकिन ने करुणाकरण को बचाने की कोशिश की, तब कुत्ते ने उन्हें भी काट लिया, जिससे वह घायल हो गईं और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस का कहना है कि अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद लापरवाही के आरोप में महिला को गिरफ्तार किया जाएगा। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पशु चिकित्सा अधिकारी को मौके पर बुलाया गया और उन्होंने कुत्ते को पकड़ लिया है। उन्होंने पहले भी महिला को कुत्ते को बिना पट्टे के टहलाने से मना किया था, लेकिन उन्होंने हमारी बात नहीं सुनी। इस घटना के बाद चेन्नई नगर निगम ने सख्त रुख अपनाकर खतरनाक कुत्तों का मुंह बांधकर रखने का आदेश दिया है। इस मामले ने कुत्तों के हमलों की बढ़ती घटनाओं को एक बार फिर से उजागर किया है, खासकर तब जब सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर से सभी आवारा कुत्तों को हटाने का आदेश दिया है।

## हरियाणा में साइबर अपराध के खिलाफ 91 बैंक शाखाओं पर एक्शन की तैयारी में

चंडीगढ़ (एजेंसी)। हरियाणा पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई कर प्रदेश की 91 बैंक शाखाओं की पहचान हुईहै, यहां साइबर अपराधी कथित म्यूल अकाउंट के द्वारा भारी लेन-देन कर रहे हैं। इसमें गुरुग्राम की 26 और नूंह की 24 शाखाएं शामिल हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। दरअसल म्यूल अकाउंट ऐसा बैंक खाता होता है जिसका इस्तेमाल अपराधी अवैध धन को सफेद करने के लिए करते हैं। पुलिस के अनुसार, इन शाखाओं में बैंक केवाईसी नियमों की अनदेखी, खाते खोलने में प्रक्रियागत लापरवाही और बैंककर्मियों की भूमिका की जांच की जा रही है।

# चीन का दावा खारिज करते हुए बोला भारत, ताइवान पर नहीं बदला रुख



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीते सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में हुई भारत और चीन के विदेश मंत्रियों की व्यापक द्विपक्षीय बैठक के बाद चीन के विदेश मंत्रालय की प्रेस विज्ञप्ति में किए गए भारत के 'वन चाइना सिद्धांत (ताइवान को चीन का हिस्सा मानना)' को समर्थन देने के दावे को भारत ने मंगलवार को एक आधिकारिक बयान जारी कर खारिज कर दिया है। जिसमें कहा गया है कि ताइवान को लेकर नई दिल्ली के रुख में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में इस मुद्दे को चीन की तरफ से उठाया गया था। जिस पर भारत ने अपना पक्ष रखते हुए साफ तौर पर कहा कि ताइवान के मामले पर भारत के रुख में कोई बदलाव नहीं आया है। बाकी दुनिया की तरह ही भारत-ताइवान के संबंध भी आर्थिक, प्रौद्योगिकी और सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर आधारित हैं। जिन्हें वह आगे भी जारी रखने का इच्छुक है। बैठक में भारत ने पाया कि चीन भी इन क्षेत्रों में ताइवान को सहयोग प्रदान कर रहा है। चीन के विदेश मंत्री बीते 18 अगस्त से भारत की दो दिवसीय यात्रा पर थे। वर्ष 2020 के मध्य में भारत-चीन के बीच हुए एलएसी विवाद की समाप्ति के बाद उनकी यह पहली भारत यात्रा है। जिसमें उन्होंने विदेश मंत्री जयशंकर के अलावा एनएसए अजीत डोभाल से भी मुलाकात की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ भी चीन के विदेश मंत्री ने शिष्टाचार भेंट की। बताते चलें कि चीन के उक्त दावे के बाद अंतरराष्ट्रीय हलकों में मामले पर कयासबाजी काफी तेज हो गई थी। जिसके पीछे की एक बड़ी वजह ताइवान जलडमरूमध्य को लेकर बनी हुई संवेदनशीलता भी है। वहीं, इन सबके बीच सूत्रों ने कहा कि भारत ने अतीत में हालांकि वन चीन नीति का समर्थन किया था। लेकिन यह किसी द्विपक्षीय दस्तावेज में शामिल नहीं है। भारत और ताइवान के बीच औपचारिक रूप से कोई राजनयिक संबंध भी नहीं हैं। लेकिन दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापारिक संबंध तेजी से परवान चढ़ रहे हैं। वर्ष 1995 में नई दिल्ली ने इंडिया-ताइपे एसोसिएशन (आईटीए) की ताइपे में स्थापना की गई थी। जिसका उद्देश्य दोनों के बीच व्यापार, पर्यटन और सांस्कृतिक मेल मिलाप यानी आदान-प्रदान को बढ़ावा देना था। आईटीए को सभी वाणिज्यिक और पासपोर्ट सेवाएं प्रदान करने का भी अधिकार दिया गया है। समान वर्ष के दौरान ही ताइवान ने भी नई दिल्ली में ताइपे आर्थिक और सांस्कृतिक केंद्र की स्थापना की थी। 2010 के बाद से भारत ने संयुक्त बयानों में भी वन चाइना शब्द का उल्लेख करने से परहेज किया है।

## धोखेबाज पाकिस्तान से संबंध सुधारने का कोई मतलब नहीं- शशि थरूर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं सांसद शशि थरूर ने कहा है कि पाकिस्तान धोखेबाज हैं और भारत को उससे संबंध सुधारने के प्रयास नहीं किए जाना चाहिए। एक पुस्तक विमोचन समारोह में थरूर ने कहा कि बार-बार विश्वासघात झेलने के बाद पाकिस्तान के साथ संबंध सामान्य करने की दिशा में पहला कदम उठाने की भारत में अब इच्छा नहीं है। थरूर ने पाकिस्तान की धरती से संचालित आतंकवादी नेटवर्क को ध्वस्त करके ईमानदारी दिखाने का आग्रह किया। थरूर ने कहा कि 2012 में आई उनकी किताब में कहा गया था कि अगर मुंबई जैसा एक और हमला हुआ, जिसमें पाकिस्तान के शामिल होने के सबूत मिले, तो 2008 में हमारी तरफ से दिखाया गया संयम दोबारा दिखाना असंभव हो सकता है। उन्होंने कहा कि नागरिकों और छुट्टी मनाने गए मासूमों पर हुए हमले को कोई भी लोकतांत्रिक सरकार नहीं सहेगी। उन्होंने कहा कि भारत ने हमलों के बाद काफी संयम दिखाया, लेकिन बाद में हुई उकसावे की कार्रवाई के बाद भारत के पास कोई रास्ता नहीं बचा और 2016 में सर्जिकल स्ट्राइक्स की गईं और फिर ऑपरेशन सिंदूर हुआ। उन्होंने कहा कि एक बार ऐसा ऐक्शन लिया गया, तो भारत भी कार्रवाई करेगा, लेकिन अब पहला कदम हम नहीं उठाएंगे। कांग्रेस सांसद ने 2008 मुंबई हमलों को लेकर कहा कि भारत ने पाकिस्तानी संलिप्तता के सबूत दिए थे, जिनमें लाइव इंटरसेप्ट्स और डोजियर शामिल थे। उन्होंने कहा कि इसके बाद भी किसी मास्टरमाइंड के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई।



## सीएसडीएस के खिलाफ एक्शन की तैयारी... कारण बताओ नोटिस जारी



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के गलत आंकड़े पेश करने के मामले में अब सीएसडीएस यानी सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसाइटीज पर एक्शन की तैयारी हैं। खबर है कि संस्था को इस संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी हुआ है। दरअसल सीएसडीएस के प्रोफेसर संजय कुमार की ओर से बीते साल पेश किए गए आंकड़ों के बाद कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी पर वोट फ्रॉड करने के आरोप लगाए थे। प्रोफेसर कुमार ने पहले कहा था कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बीच नासिक पश्चिम में मतदाताओं की संख्या में 47 प्रतिशत और हिंगना विधानसभा में 43 फीसदी का इजाफा हुआ था। उन्होंने दावा किया था कि रामटेक और देवलाली क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या क्रमशः 38 और 36 प्रतिशत गिर गई थी। इसके बाद उन्होंने मंगलवार को पोस्ट हटा लिया।

प्रोफेसर कुमार ने लिखा, महाराष्ट्र चुनाव के संबंध में किए गए पोस्ट को लेकर मैं माफी मांगता हूं। आंकड़े की तुलना करने में गलती हो गई थी। हमारी डेटा टीम की ओर से डेटा को ठीक से नहीं पढ़ा गया था। सोशल मीडिया पर से ट्वीट हटा लिया गया है। मेरा किसी भी प्रकार से गलत सूचना फैलाने का कोई इरादा नहीं था। आईसीएसएसआर के नोटिस में आया है कि आईसीएसएसआर फंडेड सीएसडीएस में जिम्मेदार पद पर बैठे एक व्यक्ति ने मीडिया में बयान दिए थे, जिन्हें महाराष्ट्र चुनाव के डेटा विश्लेषण का हवाला देकर वापस ले लिया गया था। इसके आगे संस्था ने भारत निर्वाचन आयोग की ओर से चलाए जा रहे एसआईआर को लेकर पक्षपातपूर्ण मीडिया स्टोरीज प्रकाशित की। नोटिस में आगे कहा गया, आईसीएसएसआर भारती संविधान का सम्मान करता है। चुनाव आयोग उच्च संवैधानिक निकाय है, जो दशकों से दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनाव करा रहा है।

आईसीएसएसआर ने लिखा, आईसीएसएसआर ने सीएसडीएस की ओर से डेटा में की गई हेराफेरी और निर्वाचन आयोग की गरिमा को कम करने के इरादे से भ्रामक कहानी गढ़ने के प्रयास का संज्ञान गंभीरता से लिया है। यह आईसीएसएसआर के नियमों के खिलाफ है और संस्था को कारण बताओ नोटिस दिया जाएगा।

# समस्याओं के निराकरण से ही किसानों में भरोसा कायम रहेगा: शिवराज सिंह



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि भवन, नई दिल्ली में एक उच्चस्तरीय बैठक में, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के विभिन्न पोर्टल और कॉल सेंटर पर आने वाली किसानों की शिकायतों की समीक्षा की।

इस बैठक में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि योजनाओं का निर्माण जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी उनका उचित कार्यान्वयन भी है। उन्होंने कहा कि किसानों की जो भी समस्याएं विभिन्न पोर्टल्स के माध्यम से प्राप्त हो रही हैं, उनका उचित निराकरण समय पर करने की व्यवस्था होनी चाहिए। व्यवस्था इतनी मजबूत होनी चाहिए कि जब किसान भाई-बहन इन पोर्टल्स के माध्यम से हमसे संपर्क करें, तब उन्हें भरोसा हो कि उनकी समस्याओं का निराकरण जरूर हो जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यवस्था यदि सही ढंग से नहीं चलती हो और खानापूर्ति मात्र रहे तो उसकी उपयोगिता सिद्ध नहीं हो पाती, इसलिए व्यवस्था को और सरल तथा मजबूत करना होगा, ताकि हमारे किसान भाइयों-बहनों को इसका समुचित लाभ मिल सकें और उनका हर तरह से समाधान हो सकें। बैठक में किसानों की शिकायतों के सही निदान के तरीके और व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए दिशा-निर्देश देते हुए शिवराज सिंह ने अधिकारियों से पी.एम. किसान पोर्टल, किसान ई-मित्र, किसान कॉल सेंटर सहित विभिन्न प्लेटफार्म के जरिए मिल रही किसानों की समस्याओं की पूरी जानकारी ली और कहा कि अगले हफ्ते वे फिर से विस्तारपूर्वक समीक्षा करेंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री इन शिकायतों की नियमित समीक्षा करेंगे। साथ ही, समय-समय पर किसानों से भी बात करके जानेंगे कि उनकी समस्याओं का समाधान हुआ है या नहीं, ताकि वे पूरी तरह से संतुष्ट हो। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री के कार्यकाल के दौरान भी उन्होंने ऐसी व्यवस्था बनाई थी, जिसके बेहद सकारात्मक परिणाम मिले थे। समस्याओं के तत्काल और उचित निराकरण से ही किसानों में भरोसा कायम रहेगा। उन्होंने कहा कि किसानों की संतुष्टि ही हमारा मुख्य ध्येय है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने संदेश जारी करते हुए किसान कॉल सेंटर के माध्यम से किसान भाइयों-बहनों से अपनी शिकायतें टोल फ्री नंबर 18001801551 के जरिए रजिस्टर करवाने का आह्वान किया है। बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्रालय के सचिव देवेश चतुर्वेदी भी शामिल हुए, जिन्होंने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह को विस्तार से जानकारी देने के साथ ही अपने सुझाव भी दिए।

## यह विधेयक कार्यकारी एजेंसियों को खुद जज, जूरी और जल्लाद बनने की खुली छूट देता है : ओवैसी

नई दिल्ली। मोदी सरकार गंभीर आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को हटाने के लिए संविधान संशोधन विधेयक पेश कर दिया है। इसी बीच, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने मोदी सरकार के इस कदम को असंवैधानिक करार देकर भाजपा सरकार पर देश को पुलिस राज में बदलने का आरोप लगाया। ओवैसी ने कहा कि उनकी पार्टी इस कानून का विरोध करेगी। ओवैसी ने कहा कि लोगों को निर्वाचित सरकारों को जवाबदेह ठहराने का अधिकार है, यह विधेयक इस अधिकार के खिलाफ है। कार्यकारी एजेंसियों को खुद जज, जूरी और जल्लाद बनने की खुली छूट मिलेगी। मुख्यमंत्री को विधानसभा में हटाया जाता है। एआईएमआईएम सांसद औवेसी ने कहा कि यह विधेयक पूर्णता असंवैधानिक है। प्रधानमंत्री को कौन गिरफ्तार करेगा?... कुल मिलाकर, भाजपा सरकार विधेयकों के द्वारा हमारे देश को पुलिस राज बनाना चाहती है...हम इनका विरोध करने वाले हैं, भाजपा भूल रही है कि सत्ता शाश्वत नहीं होती। इस बीच, शाह बुधवार लोकसभा में तीन विधेयक पेश किए। जिसमें संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025 भी शामिल है, जो भ्रष्टाचार या गंभीर अपराधों के आरोपों का सामना कर रहे और कम से कम 30 दिनों से हिरासत में लिए गए केंद्रीय या राज्य मंत्री को हटाने का प्रावधान करता है।

# राहुल गांधी और तेजस्वी पर गौरव वल्लभ का तंज... दोनों नेताओं के फ्यूज उड़े हुए

**-दो वंशवादी नेता एक दूसरे का प्रचार करने में जुटे**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा नेता गौरव वल्लभ ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव के कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को 2029 लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री बनाने के ऐलान पर तंज कस दिया है। बीजेपी प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने राहुल गांधी और तेजस्वी पर निशाना साधकर कहा कि दोनों नेताओं के फ्यूज उड़े हुए हैं।

उन्होंने कहा कि दो वंशवादी नेता एक दूसरे का प्रचार करने में जुटे हैं। असल में दोनों के फ्यूज उड़े हुए हैं और बिना फ्यूज के मिसाइलें उड़ती नहीं हैं। बातें करने से कुछ भी हासिल नहीं होता है। भाजपा नेता ने दोनों नेताओं की योग्यता पर सवाल उठाकर वंशवाद को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया।

बता दें कि राहुल गांधी बिहार में 'वोटर अधिकार यात्रा' निकाल रहे हैं। उनकी यात्रा में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव भी साथ हैं। यात्रा के दौरान नवादा में तेजस्वी यादव ने राहुल गांधी को भविष्य का प्रधानमंत्री बनाने की बात कही। उनके बयान पर अब भाजपा नेता ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा, मैं दोनों को बताना चाहता हूं कि सिर्फ एक परिवार में पैदा होने से कोई प्रधानमंत्री नहीं बन जाता। मुख्य बात यह है कि इंदिरा-राजीव गांधी परिवार में पैदा होने के अलावा, आपकी योग्यताएं क्या हैं और राष्ट्र के प्रति आपका समर्पण क्या है? तेजस्वी की भी यही योग्यता है। दोनों एक-दूसरे का प्रचार करने में व्यस्त हैं।

उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार को लेकर विपक्ष पर निशाना साधकर, वल्लभ ने संवैधानिक पदों की गरिमा बनाए रखने के प्रति कांग्रेस की प्रतिबद्धता पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, लोकतांत्रिक प्रक्रिया में, अगर कोई उम्मीदवार नामित करता है, तब कोई समस्या नहीं है। हालांकि, मेरा मानना है कि कुछ संवैधानिक पद, जैसे अध्यक्ष, उपराष्ट्रपति या राज्यसभा के सभापति, सर्वसम्मति से तय किए जाने चाहिए। लेकिन, विपक्ष इन पदों का भी राजनीतिकरण करना चाहता है।

## मुंबई में तीसरे दिन भी जारी है भारी बारिश का दौर... स्कूल-कॉलेज और गवर्नमेंट और सेमी-गवर्नमेंट ऑफिस बंद



**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई में तेज बारिश का बुधवार को तीसरा दिन है। 24 घंटे में 300 एमएम बारिश हुई। लगातार तीसरे दिन मुंबई में स्कूल-कॉलेज और गवर्नमेंट और सेमी-गवर्नमेंट ऑफिस बंद है। मुंबई लोकल की 34 ट्रेनें (17 जोड़ी) कैंसिल हैं। 250 से ज्यादा फ्लाइट्स पर भी असर पड़ा है।

मंगलवार शाम मुंबई में 2 मोनोरेल से करीब 800 लोगों को रेस्क्यू हुआ। मैसूर कॉलोनी रेलवे स्टेशन के पास शाम 6 बजे एक मोनोरल एलिवेटेड ट्रैक पर अटक गई थी। इसमें मौजूद 582 यात्रियों को विंडो तोड़कर क्रेन की मदद से करीब 40-50 फीट की ऊंचाई से रेस्क्यू किया गया।

इस घटना पर एमएमआरडी ने बताया कि भीड़ बढ़ने की वजह से ऐसा हुआ था। रेल की मूल वजन क्षमता 104 टन है, जो मंगलवार को 109 टन हो गई थी। 5 टन ज्यादा वजन (यात्रियों का) हो गया था। वहीं, आचार्य अत्रे और वडाला मोनो रेल स्टेशन से भी 200 लोगों को निकाला गया था। मोनो रेल में सवार यात्री ने बताया कि बिजली और एसी बंद होने से डिब्बों में घुटन होने लगी थी। बाहर बारिश हो रही थी और अंधेरा बढ़ रहा था। सबसे डरावना पल तब था, जब ट्रेन खतरनाक ढंग से झुक गई थी, हम दुआ कर रहे थे कि जिंदा बाहर निकल जाएं।

मौसम विभाग ने महाराष्ट्र,गुजरात और गोवा में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। इनके अलावा तेलंगाना, बिहार में ऑरेंज अलर्ट और राजस्थान, मध्य प्रदेश, हिमाचल, उत्तराखंड सहित 18 राज्यों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। मुंबई सिटी के अलावा उपनगर ठाणे, चंद्रपुर, रायगढ़ और रत्नागिरी में रेड अलर्ट जारी किया गया है। अगले कुछ दिनों तक महाराष्ट्र में तेज बारिश होने की संभावना है।

# कुल्लू में भारी बारिश से मची तबाही- 6 वाहन दबे, स्कूल-कॉलेज बंद, 356 सड़कों पर आवागमन ठप



**शिमला/कुल्लू (एजेंसी)।** पिछले कई दिनों से हिमाचल प्रदेश में बारिश और बाढ़ से तबाही हो रही है। कुल्लू में सैकड़ों सड़के बंद है और शैक्षिक संस्थानों की भी छुट्टी करना पड़ी। करीब आधा दर्जन वाहन मलवे में दबे हुए हैं। राहत एवं बचाव कार्य लगातार जारी है। कुल्लू शहर से दो किमी दूर शास्त्री नगर नाले में बीती रात को भारी बारिश के चलते करीब साढ़े 3 बजे अचानक फ्लैश फ्लड आ गया और तेज़ बारिश से आए इस सैलाब में नाले के किनारे खड़े 3 से 4 वाहन के अलावा दो बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि इस घटना में किसी तरह का जानी नुकसान नहीं हुआ। वहीं, मनाली और बंजार उपमंडल में भारी बारिश के चलते स्कूल-कॉलेज को बंद करने के आदेश दिए गए हैं। उधर, ऊना जिले के अंब और गगरेट में भी शैक्षणिक संस्थानों को बंद कर दिया गया है और बुधवार को यहां पर छुट्टी रहेगी।

फ्लैश फ्लड का मलबा नाले के आसपास बने कुछ मकानों में भी घुस गया, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जिलेभर में रात से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं, जिससे हालात चिंताजनक बने हुए हैं। दरअसल, चिकनई नाले में आधी रात को ऊपर पहाड़ पर अधिक बारिश होने की वजह से फ्लैश फ्लड आया। उधर, लैंडस्लाइड के चलते चंडीगढ़ मनाली नेशनल हाईवे बंद हो गया है। मंडी कटौला और कुल्लू वैक्लपिक मार्ग भी बंद है और इस वजह से अब कुल्लू और मनाली का संपर्क प्रदेश से कट गया है।

उधर, सुबह सुबह नगर परिषद से जुड़े लोग भी मौके पर पहुंचे। एक शख्स ने बताया कि शास्त्री नगर में रात को फ्लैश फ्लड आया था। उन्होंने कहा कि यहां पर ऊपर पहाड़ पर चिकनई गांव है और वहां पर बादल फटा है और इसी वजह से रात को नाले में फ्लड आ गया था। उन्होंने कहा कि लोग मिट्टी और कूड़ा नाले मे डंप कर रहे हैं और इस वजह से नाला ब्लॉक हो गया और फिर सड़क से होते हुए मलबा और पानी बहने लगा, जिससे कई गाड़ियां मलबे में दबी हैं। मंडी पुलिस ने बताया है कि जिले में लगातार भारी बारिश और कई स्थानों पर पत्थर गिरने की घटनाओं के चलते औट-पंडोह मार्ग पर यातायात पूरी तरह से रोक दिया गया है। यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि हालात सामान्य होने के बाद ही यातायात को बहाल किया जाएगा। पुलिस ने कहा कि वैकल्पिक मार्ग कटौला-कमांद भी सड़क की खराब स्थिति के कारण बंद है, जिससे यात्रियों को असुविधा हो रही है और ऐसे में मंडी पुलिस ने सभी यात्रियों से अपील की है कि वे धैर्य बनाए रखें, लेन अनुशासन का पालन करें और मौके पर तैनात पुलिस व फील्ड स्टाफ के निर्देशों का पालन करें।

### चंबा में 2 घंटे में दो बार भूकंप

बुधवार सुबह तड़के हिमाचल के चंबा जिले में भूकंप के झटके महसूस किए गए। महज़ दो घंटे के भीतर दो बार धरती हिली। पहला झटका सुबह 3:27 बजे 3.3 तीव्रता का आया, जबकि दूसरा झटका 4:39 बजे 4.0 तीव्रता का दर्ज किया गया। भूकंप का केंद्र धर्मशाला और चंबा के बीच रहा और इसकी गहराई करीब 10 किलोमीटर जमीन के भीतर बताई जा रही है। गनीमत रही कि दोनों ही झटकों से किसी तरह के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**